

वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं-संकट से प्रभावितों को समर्थन देने के लिए वित्तीय गुंजाइश -12





इंडियन ऑयल ने कहा- 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही एलपीजी -12



भारतीय उच्चायुक्त ने कहा-बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को फिर मजबूत करेगा भारत-13



आईपीएल में राजस्थान की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा मुंबई को-14


आज का मौसम | 29.0⁰ अधिकतम तापमान | 17.0⁰ न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 05.56 | सूर्यास्त 06.32

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी 04:34 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 41, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र एक चुनाव हमारा अगला लक्ष्य

### भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री बोले- इन एजेंडों में सकारात्मक प्रगति हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को समान नागरिक संहिता और एक राष्ट्र, एक चुनाव को भाजपा के दो अधूरे एजेंडे बताते हुए कहा कि इन पर गंभीर विचार-विमर्श हो रहा है तथा सकारात्मक दिशा में प्रगति हुई है। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा ने 1994 में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया था, जबकि मौजूदा भाजपा नीत केंद्र सरकार महिला आरक्षण अधिनियम को 2029 के आम चुनाव में लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा।



- कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से मोदी ने किया संबोधित, कहा- हमने 1994 में उठाया था महिला आरक्षण का मुद्दा
- बोले- भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस शासन में उत्पीड़न को झेला

#### भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी जिसे कार्यकर्ता मानते हैं अपनी मां : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भाजपा का सतत रुख रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विशाल और पवित्र वटवृक्ष की छाया में भाजपा सद्भाव और ईमानदारी के साथ राजनीति करने के लिए प्रेरित हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी 1984 को नहीं भूल सकती, जब कांग्रेस बड़ी संख्या में सीट जीती थीं, लेकिन देश ने यह भी देखा कि उन्होंने लोगों को कैसे धोखा दिया। भाजपा की स्थापना छह अप्रैल, 1980 को हुई थी।

#### भाजपा ने गठबंधन की राजनीति में एक मिसाल कायम की

मोदी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने अपने अस्तित्व के 25 साल पूरे कर लिए हैं और यह एकमात्र ऐसा गठबंधन है, जो देश के हितों और उसके लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहा है। भाजपा ने गठबंधन की राजनीति में एक मिसाल कायम की है। राजग का लगातार विस्तार इस बात का प्रमाण है कि यह एक सर्व-समावेशी गठबंधन है। यह क्षेत्रीय आकांक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए काम करता है। कहा कि लोगों ने वंशवादी राजनीति देखी है, जो अब भी देश के कुछ हिस्सों में है और वामपंथी शासन के मॉडल को देखा है, लेकिन भाजपा का शासन का मॉडल विशिष्ट है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस के शासन में उत्पीड़न का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने तो अपनी जान भी कुर्बान कर दी, जैसा कि बंगाल और केरल जैसे राज्यों में देखा गया, जहां हिंसा को एक राजनीतिक संस्कृति बना दिया गया है। कहा कि हमारा मिशन अभी जारी है। समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र, एक चुनाव और अन्य मुद्दों पर देश में गंभीर चर्चाएं चल रही हैं और हम इन पर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है और इस दिशा में बढ़ती रहेगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है। यूसीसी का उद्देश्य पूरे देश में विवाह, गोद लेने आदि के संबंध में सभी के लिए एक समान कानून बनाना है। मोदी ने कहा कि देश जानता है कि भाजपा हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रही है और ऐसा करती रहेगी। ब्रिटिश काल के सैकड़ों काले कानूनों को खत्म करना, सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए 10% आरक्षण, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून, नागरिकता संशोधन अधिनियम, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ऐसे अनगिनत काम हैं जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का परिणाम हैं।

## गैस एजेंसी के मैनेजर की मौत, सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित

**चम्पावत, अमृत विचार:** कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के चम्पावत गैस वितरण केंद्र के प्रबंधक दयाल सिंह रावत की रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद उन्हें शाम करीब साढ़े छह बजे जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत से क्षेत्र में सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। टिहरी गढ़वाल के ऋषिकेश निवासी 55 वर्षीय रावत चम्पावत में पत्नी किरण रावत के साथ रिश्तेदार के मकान में रह रहे थे।



- चंपावत में केएमवीएन गैस गोदाम के प्रबंधक थे दयाल सिंह रावत

उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक भारतीय सेना में तैनात है, जबकि दूसरा दिल्ली में निजी नौकरी करता है। रविवार को ड्यूटी से लौटने के बाद उन्होंने अपने साले को फोन कर पेट में दर्द की जानकारी दी। सीएमएस डॉ. एचएस ह्यांकी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद बिसरा जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। सोमवार को कर्मचारियों ने शोक स्वरूप उद्यमसिंह नगर में रसोई गैस का वितरण बंद रखा।

## पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपनी पूर्ण एवं असीमित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर कार्य में जुटे सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने का मामला एनआईए को स्थानांतरित कर दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि बंगाल में नौकरशाही की विश्वसनीयता कम की जा रही है और सचिवालय एवं सरकारी कार्यालयों में राजनीति घुसाई जा रही है।

पीठ ने आदेश दिया कि राज्य पुलिस द्वारा मालदा घटना से जुड़े 26 गिरफ्तार व्यक्तियों से एनआईए द्वारा पूछताछ की जाए, भले ही वे न्यायिक हिरासत में क्यों न हों। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव दुश्यंत नरियाला को फटकार लगाई कि उन्होंने एक अप्रैल को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की कॉल उस वक्त नहीं उठाई, जब न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। पीठ ने मुख्य सचिव से कहा कि उन्हें कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कॉल न उठाने के लिए माफी मांगनी चाहिए और कहा कि यह जिला प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मालदा में एसआईआर कार्य में जुटे न्यायिक अधिकारियों को घंटों तक घेर लिए जाने की घटना वास्तव में पूर्व-नियोजित और किसी विशेष उद्देश्य से प्रेरित थी। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के सात सौ न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में तैनात किए गए थे, ताकि इस प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से बाहर किए गए 60 लाख से अधिक आपत्तियों और दावों को निपटाया जा सके।

- कहा- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल न उठाने के लिए माफी मांगें
- न्यायालय ने मालदा घटना की जांच की जिम्मेदारी एनआईए को सौंपी



#### एसआईआर मामले में हाईकोर्ट से 3 जजों का पैनल बनाने को कहा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर किए गए करीब 60 लाख लोगों के दावों और आपत्तियों का सोमवार 6 अप्रैल को ही निस्तारण किया जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि राज्य में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। शीर्ष अदालत ने एक महिला न्यायिक अधिकारी का अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करने वाला वीडियो देखने के बाद कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए पश्चिम बंगाल से केंद्रीय बलों को वापस नहीं बुलाया जाएगा। पीठ ने कहा, यदि सरकारी तंत्र विफल होता है, तो हम सोचेंगे कि क्या किया जा सकता है। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा प्रतिनिधित्व की जा रही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस दलील पर गौर किया कि गलत तरीके से हटाए गए या जोड़े गए नामों के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई के लिए स्थापित 19 अपीलीय अधिकरण अभी क्रियान्वित नहीं हो सके हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से इन अधिकरणों के लिए समान प्रक्रियाएं तैयार करने के वास्ते पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने को कहा। शाम चार बजे शुरू हुई सुनवाई के दौरान, पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के एक पत्र का हवाला देते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों ने 6 अप्रैल की दोपहर तक लगभग 60 लाख मामलों में से 59.15 लाख से अधिक दावों और आपत्तियों का निस्तारण कर दिया था।

### न्यूज ब्रीफ

#### आईएसआई समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) द्वारा समर्थित एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो हथगोले एवं एक 'ग्लॉक' पिस्तौल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि हथगोलों पर पीओएफ (पाकिस्तान आयुध कारखाना) के चिह्न हैं जो सीमा पार संबंधों का संकेत देते हैं।

#### आरबीआई ने बैंक प्रतिनिधियों की श्रेणियां बनाने के दिए निर्देश

**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को बैंक प्रतिनिधियों को उनके काम के आधार पर दो श्रेणियों में रखने और उनके वेतन में समानता लाने का सुझाव दिया। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को जारी शाखा मंजूरी संबंधी मसौदा मानदंडों में तीन प्रकार के वितरण बिंदुओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव दिया है जिसमें बैंक शाखाएं, बैंक प्रतिनिधि-बैंक आउटलेट्स (बैंक शाखा, एटीएम, एक्सटेंशन काउंटर) और बैंक प्रतिनिधि-बैंकिंग टचपॉइंट (बीसी-बीटी) शामिल हैं। बैंक प्रतिनिधि को दूर-दराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने के लिए नियुक्त किया जाता है।

## हमले में ईरानी सेना के खुफिया प्रमुख मारे गए, नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा

दुबई, एजेंसी

इजराइल और अमेरिका ने सोमवार को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें 25 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं। होर्मुज खोलने के लिए ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दी गई समयसीमा नजदीक आने के बीच मध्यस्थों ने युद्धविराम का नया प्रस्ताव पेश किया है।

सोमवार सुबह हुए हवाई हमलों में तेहरान में स्थित शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस हमले में विश्वविद्यालय की इमारतों के साथ-साथ परिसर के पास स्थित प्राकृतिक गैस वितरण केंद्र को भी नुकसान पहुंचा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, तेहरान पर हुए एक हमले में अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खादेमी की भी मौत हो गई। वहीं, ईरानी मिसाइलों ने उत्तरी इजराइल के शहर हाइफा को निशाना बनाया, जहां एक रिहायशी इमारत के मलबे से चार लोगों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, तेहरान के दक्षिण-पश्चिम में इस्लामशहर के पास हुए हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई। वहीं, कोम के एक रिहायशी इलाके पर हमले में पांच लोगों की जान गई, जबकि अन्य शहरों में हुए हमलों में छह और लोगों की मौत हुई। इसके अलावा, तेहरान में एक घर पर हुए हवाई हमले में तीन और लोगों की मौत हो गई।



ईरान के मिसाइल हमले से इजराइल में क्षतिग्रस्त हुईं कारें और अपार्टमेंट।

- तेहरान में ताबड़तोड़ बमबारी में 25 से अधिक की गई जान
- ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं

#### तेहरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव खारिज किया, कहा- युद्ध का स्थायी अंत चाहिए

**तेहरान।** ईरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और कहा कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। यह खबर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा तेहरान को होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा नजदीक आने से ठीक पहले आयी है। ईरान ने पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को अपना जवाब दे दिया है। काहिरा स्थित ईरानी राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फरदौसी पोर ने सोमवार को बताया, हम केवल युद्धविराम स्वीकार नहीं करेंगे। हम युद्ध की समाप्ति तभी स्वीकार करेंगे जब हमें यह गारंटी दी जाए कि हम पर दोबारा हमला नहीं किया जाएगा।

## बीमा रकम के लालच में सिपाही पत्नी-बेटे को कार में फूंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** थाना गंज क्षेत्र में करीब 10 दिन पहले महिला कांस्टेबल और उसके बेटे के कार जलकर मरने के मामले का पुलिस ने सोमवार को सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। बीमा की एक करोड़ रुपये की रकम हड़पने के लिए महिला कांस्टेबल लता और तीन साल के बेटे आवांश को कार में जिंदा जलाकर मारा गया था। मृतका के पति ने ही दोहरे हत्याकांड को हादसे का रूप दे दिया था। पुलिस ने मृतका सिपाही के पति सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अभी दो आरोपी फरार हैं।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि 25 फरवरी की थाना गंज क्षेत्र में अज्ञात डंपर चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर कार में टक्कर मार देने और कार क्षतिग्रस्त होकर आग लग जाने का मामला सामने आया। इसमें कार सवार महिला सिपाही और उसके तीन साल के बेटे की मृत्यु हो जाने की पुष्टि हुई थी। परिवार नैनीताल से घूमकर वापस मिलक लौट रहा था। हादसे में पति दान सिंह और उसका भाई रवि सुरक्षित बच गया था। मामले में सीओ सिटी जितेंद्र कुमार के निर्देशन में पुलिस ने छानबीन की तो मामला अलग ही सामने आया। जांच में सामने आया कि पति दान सिंह ने बीमा राशि के लालच में सिपाही पत्नी लता और तीन साल के बच्चे आवांश उर्फ लड्डु की कार में पेट्रोल से जलाकर हत्या की थी। मामले में पति दान सिंह निवासी ग्राम बेहटरा थाना मिलक रामपुर, रवि निवासी ग्राम जमापुर थाना मिलक रामपुर, प्रदीप कुमार निवासी पनवड़िया थाना सिविल लाइंस रामपुर, नूरहसन निवासी ग्राम सोनकपुर थाना टांडा रामपुर, सलमान निवासी ग्राम चण्डका मदारपुर थाना पटवाई रामपुर का नाम प्रकाश में आया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- कार में आग से जलकर मरी महिला और उसके बेटे की हत्या का खुलासा
- महिला सिपाही के पति ने अपने पांच साथियों के साथ दिया था वारदात को अंजाम

एसपी ने बताया कि मामले में थाना गंज पुलिस ने दानसिंह, नूरहसन और सलमान को केसरपुर निर्माणाधीन पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर ली है। आरोपी पति ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि हत्या करने से पहले उसने पत्नी को कोल्ड ड्रिंक में नशे की दवाई दी थी। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25 हजार इनाम देने की घोषणा की।

### सीईसी के खिलाफ नोटिस अस्वीकार

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस को सोमवार को अस्वीकार कर दिया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने 12 मार्च को यह नोटिस सौंपा था। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि अनुच्छेद 324(5), सीईसी और अन्य ईसी (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) व न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत लोकसभा के 130 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित 12 मार्च, 2026 के एक प्रस्ताव संबंधी नोटिस लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा गया था जिसमें सीईसी को हटाने की मांग की गई थी।

## समय सारिणी बदली, शिक्षकों में आक्रोश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के सभी राजकीय और निजी माध्यमिक व प्रारम्भिक स्कूलों के लिए समय सारिणी में आंशिक संशोधन किया गया है। माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी आदेश के अनुसार, शासन ने अकादमिक, शोध और प्रशिक्षण निदेशालय के प्रस्ताव पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया है। सचिव, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखंड रविनाथ रमन की ओर से जारी आदेश के तहत पूर्व में निर्धारित शासनादेश में संशोधन करते हुए स्कूलों के संचालन समय को ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन सत्र के अनुसार पुनर्निर्धारित किया गया है।

नई समय सारिणी के अनुसार ग्रीष्मकालीन सत्र में 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक 7:45 बजे का स्कूल होगा। जबकि शीतकालीन सत्र में 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक 8:50 बजे का स्कूल होगा। इधर, नई समय सारिणी जारी होते ही इसका विरोध भी होने लगा है। शिक्षकों ने इसे छात्र, स्कूल और अभिभावकों के हित में ठीक नहीं माना है।

## दिल्ली विधानसभा का गेट तोड़ जबरन अंदर घुसी यूपी नंबर की कार, 3 पकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सोमवार दोपहर उस वक्त बड़ी सेंध लग गई, जब एक नकाबपोश व्यक्ति एसयूवी लेकर जबरन लोहे के गेट को तोड़कर परिसर को अंदर घुस गया और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय के बाहर एक गुलदस्ता रखकर उसी रास्ते से निकल भी गया। इसके बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने बाद में उत्तर दिल्ली से कार चालक समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया और वाहन को जब्त कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते समेत कई पुलिस दल मौके पर पहुंचे और



किसी भी खतरे की आशंका को समाप्त करने के लिए इलाके की गहन छानबीन की। उन्होंने कहा कि राजधानी में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के नंबर वाला यह वाहन अपराह्न करीब दो बजे द्वार संख्या दो से विधानसभा परिसर में दाखिल हुआ। सूत्रों के अनुसार चूंकि यह मुख्य द्वार नहीं है, इसलिए विधानसभा सत्र नहीं होने की स्थिति में इसके आसपास सुरक्षा अपेक्षाकृत कम थी। दिल्ली सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया, कार चालक विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और वहां ड्योढ़ी (पोर्च) के पास गुलदस्ता रखकर वापस चला गया। कहा कि इस घटना से सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं और अधिकारी इसे सुरक्षा चूक मान रहे हैं।

- सोमवार दोपहर सुरक्षा में बड़ी सेंध, वाहन जब्त, कार्यालय के बाहर एक गुलदस्ता रखकर भागा

### सियासत

### मुख्यमंत्री धामी ने पश्चिम बंगाल के बनगांव में जनसभा को किया संबोधित, रोड शो भी निकाला

## क्षेत्र के विकास और भविष्य के लिए सत्ता परिवर्तन आवश्यक

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल में तेज चुनावी सरगर्मियों के बीच सोमवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बनगांव पहुंचे। वहां उन्होंने भाजपा के उम्मीदवारों बनगांव दक्षिण सीट से स्वप्न मजूमदार, बनगांव उत्तर सीट से अशोक कीर्तनिया, बगदा सीट से सोमा ठाकुर और गैघाटा सीट से सुब्रत ठाकुर के नामांकन कार्यक्रम में भाग लिया।

इससे पहले धामी ने रोड शो और जनसभा के माध्यम से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।



चुनावी जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री धामी।

- कहा- पश्चिम बंगाल में टीएमसी एक सिंडिकेट के रूप में कर रही काम
- बोले-कमल खिलेगा तो समृद्धि और विकास आएगा

रोड शो और जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ और लोगों का उत्साह इस बात का संकेत रहा कि धामी की लोकप्रियता अब उत्तराखंड की सीमाओं से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। यहां सीएम धामी ने कहा कि क्षेत्र के विकास और भविष्य के लिए सत्ता परिवर्तन आवश्यक है।

बनगांव (पश्चिम बंगाल) की जनसभा में मुख्यमंत्री धामी ने टीएमसी और ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी की सरकार एक राजनीतिक दल नहीं, बतौर एक सिंडिकेट के रूप में काम कर रही है। कट और कमीशन इस सरकार की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने कहा, लोगों को डराना, धमकाना और लूटना इनकी राजनीति का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि देशभर में डबल इंजन सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है और पश्चिम बंगाल में भी डबल इंजन सरकार बनने के बाद विकास, समृद्धि और सुशासन का नया दौर शुरू होगा।

मुख्यमंत्री धामी के मुताबिक, बनगांव की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब इस बात का संकेत है कि इस बार पश्चिम बंगाल में परिवर्तन की लहर है और भारी बहुमत से कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने जनता से भाजपा उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि कमल खिलेगा तो समृद्धि आएगी, विकास आएगा और कानून का राज भी स्थापित हो कर रहेगा।

अमृत विचार

हल्द्वानी , मंगलवार,7 अप्रैल 2026



स्टेट ब्रीफ

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने परखी सुरक्षा

**रुद्रप्रयाग :** रुद्रप्रयाग के जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल मिश्रा ने सोमवार को अगस्त्यमुनि स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन परिसर में ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और बताया मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। श्री मिश्रा ने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड के रख-रखाव, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली तथा प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने एफएलसी हॉल, डबल लॉक सिस्टम सहित वेयरहाउस के विभिन्न ब्लॉकों का भी जायजा लिया और व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली के तारों की आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित की जाए।


### कुमाऊं विवि के शोधार्थियों की बड़ी उपलब्धिः खतरनाक वनस्पति को जैविक खाद में बदलकर बढ़ाई जा रही मिट्टी की उर्वरता

# अब हानिकारक नहीं, किसानों का हितकारी बनेगा कालाबांसा पौधा

- **स्थानीय वनस्पतियों को नुकसान पहुंचाता है यह खरपतवार**
- **पर्वतीय खेती की तस्वीर बदल सकता है यह नवाचार**

**गौरव जोशी, नैनीताल**

**अमृत विचारः** पहाड़ों की जैव विविधता के लिए लंबे समय से खतरा बना कालाबांसा अब किसानों के लिए उम्मीद की किरण बनता नजर आ रहा है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने इस आक्रामक खरपतवार को बायोचार में बदलने की तकनीक विकसित कर खेती को अधिक उपजाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।



इसी कालाबांसा से बनाई जाएगी जैविक खाद। ● अमृत विचार

दरअसल, कालाबांसा जो मूल रूप से मेक्सिको और मध्य अमेरिका का पौधा है, पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से फैलकर स्थानीय वनस्पतियों को नुकसान पहुंचाता है। यह मिट्टी के पोषक तत्वों और पानी के लिए अन्य फसलों से प्रतिस्पर्धा करता है और ऐसे रसायन छोड़ता है जो दूसरी वनस्पतियों की वृद्धि को रोकते हैं।

कालाबांसा जैसे हानिकारक पौधे को उपयोगी संसाधन में बदल कर वैज्ञानिक इसे किसानों का हमसफर बना देंगे। यह हमसफर पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि की दिशा में प्रयासरत किसानों का साथ देगा। घटती मिट्टी की गुणवत्ता और बढ़ते रासायनिक प्रदूषण के बीच यह नवाचार पहाड़ों की खेती की तस्वीर बदल सकता।

### आक्रामक पौधे से जैविक खेती की राह

डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह बर्गली के निर्देशन में इस पौधे पर शोध किया जा रहा है। शोध के तहत कालाबांसा के तनों से बायोचार तैयार किया जा रहा है। बायोचार एक कार्बन-समृद्ध पदार्थ है, जिसे जैविक पदार्थ को बिना ऑक्सीजन के नियंत्रित तापमान (250–550 डिग्री सेल्सियस) पर जलाकर तैयार किया जाता है। इस प्रक्रिया को पाइरोलिसिस कहा जाता है। तैयार बायोचार को पीसकर मिट्टी में मिलाया जाता है, जिससे उसकी उर्वरता और जल धारण क्षमता बढ़ती है। शोध में गेहूं और मसूर की फसलों पर इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। फसलों की वृद्धि बेहतर हुई और उत्पादन में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फिलहाल मेथी पर भी इसका परीक्षण जारी है।

अब इस तकनीक को प्रयोगशाला से निकालकर जमीनी स्तर पर लागू करने की तैयारी है। नैनीताल के पास एक गांव में जल्द ही इसका फील्ड ट्रायल शुरू किया जाएगा। यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो पहाड़ी क्षेत्रों में जैविक खेती को बड़ा बढ़ावा मिल सकता है और किसानों की लागत कम होने के साथ उत्पादन भी बढ़ेगा।
**-प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह बर्गली**, वनस्पति विज्ञान विभाग, डीएसबी परिसर

### सस्ती तकनीक, किसानों को दोहरा लाभ

रिसर्च स्कॉलर वर्तिका जोशी के अनुसार, इस परियोजना पर पिछले चार वर्षों से काम किया जा रहा है। कालाबांसा को सीधे परिसर से एकत्र कर उसके तनों से बायोचार तैयार किया जाता है। इस तकनीक की खासियत यह है कि यह दो समस्याओं का समाधान करती है। पहला आक्रामक प्रजाति के प्रसार पर नियंत्रण करती है वहीं किसानों को सस्ती और सुरक्षित जैविक खाद उपलब्ध कराती है। रासायनिक उर्वरकों की तुलना में यह बायोचार न केवल किफायती है, बल्कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी सुरक्षित है।

## टिहरी के मदननेगी में केवि को मिली मंजूरी

**देहरादूनः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के मदननेगी में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान किए जाने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा मदन नेगी, टिहरी गढ़वाल में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। यह विद्यालय सिविल सेक्टर के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से मदननेगी एवं आसपास के क्षेत्र में नोनीहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर शैक्षिक ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने एवं उनके भविष्य को संवारने के लिए संकल्पित है। शुरू में नए केन्द्रीय विद्यालय का संचालन कक्षा 1 से 5 तक होगा।

# पहाड़ों में भारी ओलावृष्टि ने किसानों की तोड़ी कमर

### पर्वतीय फलों के साथ ही गेहूं, मटर, कीवी, लहसुन, धनिया आदि लगभग सभी फसलों को पहुंचा है भारी नुकसान, किसान चिंतित

**संवाददाता, धानाचूली**

**अमृत विचारः** विकासखंड धारी व ओखलकांडा के कई क्षेत्रों में बीते रविवार को हुई तेज ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। मटर, आलू, आड़ू, प्लम, खुबानी, सेब, कीवी, लहसुन और धनिया समेत लगभग सभी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। अचानक आई इस आपदा से किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में हालात ऐसे हैं कि खेतों में चारों ओर हरी पत्तियां बिखरी दिखाई दे रही हैं, जिससे नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। सबसे अधिक नुकसान मटर की तैयार फसल को हुआ है, जो तुड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार थी। इसके अलावा फलदार पेड़ों पर लगे आड़ू, प्लम, खुबानी, सेब और कीवी पर ओलों के कारण दाग पड़ गए हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता और बाजार मूल्य दोनों प्रभावित होंगे। गेहूं और जौ की फसल भी ओलों की मार से बुरी तरह रौंद दी गई है। किसानों का कहना है कि उनकी आय के सभी स्रोतों पर एक साथ चोट पड़ी है, जिससे पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर गया है। कई किसानों ने बताया कि उन्हें फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे नुकसान की भरपाई की कोई उम्मीद नहीं बची है। किसानों के अनुसार, हर एक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है और अब उनके सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय किसानों में सरकार के प्रति नाराजगी भी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि बार-बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद अभी तक उन्हें न तो कोई ठोस राहत मिल पाई है और न ही बीमा का सही लाभ। किसानों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने और फसल बीमा की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की है।



धानाचूली में ओलों से बर्बाद हुआ आलू का खेत। ● अमृत विचार

### मंत्री कैड़ा ने नुकसान के आंकलन के दिए निर्देश



**धानाचूली :** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी और ओखलकांडा ब्लॉक के विभिन्न गांवों का दौरा करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की समस्याएं सुनीं और नुकसान का जायजा लिया। मंत्री कैड़ा ने नैनीताल के जिलाधिकारी से वार्ता कर प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजकर शीघ्र नुकसान का आकलन कराने और किसानों को मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि से आड़ू, सेब, प्लम, नाशपाती और मटर की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। साथ ही बीमा कंपनियों के माध्यम से किसानों को राहत दिलाने पर जोर दिया।



ओलावृष्टि ने हमारी पूरी मटर और आलू की फसल बर्बाद कर दी है। सालभर की मेहनत एक ही दिन में खत्म हो गई। अब ऐसी स्थिति में घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। **-रमेश सिंह**, किसान, धानाचूली



फलदार पेड़ों पर लगे आड़ू, प्लम और सेब पर ओलों के कारण दाग पड़ गए हैं। अब भविष्य में इन्हें बाजार में अच्छा दाम नहीं मिलेगा, जिससे भारी नुकसान तय है। **-गोपाल सिंह**, किसान, धानाचूली



हमने फसल बीमा कराया था, लेकिन अब तक कोई लाभ नहीं मिला। हर साल नुकसान होता है, लेकिन मुआवजा समय पर नहीं मिलता। सरकार से अब उम्मीद भी कम हो गई है। **-राजेन्द्र सिंह**, किसान, धानाचूली

ओले इतने ज्यादा गिरे कि खेतों में सिर्फ टूटी पत्तियां ही नजर आ रही हैं। गेहूं और जौ की फसल भी पूरी तरह रौंद दी गई है, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्र में पैदा होने फलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। **-मोहन सिंह** , किसान, धानाचूली

मुझे ओलावृष्टि की जानकारी मिली है। धारी और ओखलकांडा के कई गांवों में भारी ओलावृष्टि की सूचना है। मौके पर निरीक्षण के लिए उद्यान विभाग की टीम भेजी गई है। फसलों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। नुकसान की जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। **-प्रेमा राणा**, मुख्य उद्यान अधिकारी, नैनीताल

### नैनीताल में रुक रुक कर हुई रिमझिम बारिश

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में सोमवार को दो बार हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो मंगलवार को भी मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिल सकता है। नगर में मौसम का मिजाज सुबह से ही मिलाजुला रहा। सुबह के समय हल्की रिमझिम वर्षा हुई तो अपरान्ह चार बजे पुन : बारिश हल्की बारिश हुई, जो कुछ देर बाद रुक गई। इस बीच तेज हवाएं चलती रही और बादलों का आना जाना लगे रहा। जिस कारण तापमान सामान्य बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ एक के बाद एक सक्रिय हो रहे हैं। जिस कारण मौसम में बदलाव जारी हैं। मंगलवार को भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

### अल्मोड़ा में बारिश से गिरा पारा, राहत

**अल्मोड़ा :** जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। सोमवार को दिनभर बादल छाए रहने और रुक-रुक कर हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सुबह से ही हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ, जो अपराह्न करीब दो बजे के बाद तेज बारिश में बदल गया और शाम तक जारी रहा। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को इससे राहत मिली है। बारिश के चलते अप्रैल माह में ठंड का एहसास बढ़ गया और लोगों को फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े। वहीं यह बारिश कृषि के लिए भी लाभकारी साबित हो रही है। इन दिनों क्षेत्र में मडुवा और झुंगरा की बुआई का कार्य चल रहा है। कृषकों के अनुसार असिंचित क्षेत्रों में कई स्थानों पर धान की बुआई भी शुरू हो गई है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। इसके अलावा बारिश से जंगलों में लगी आग पर भी काफी हद तक काबू पाया गया है और गर्मियों में संभावित जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पशुपालकों को भी उम्मीद है कि इस बारिश से जंगलों में घास का उत्पादन बेहतर होगा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम इसी तरह बना रहने की संभावना है।

# 53 से बढ़कर 90 फीसदी हुई एलपीजी की डिलीवरी

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** पीआईबी देहरादून में आईओसीएल-उत्तराखंड के राज्य स्तरीय समन्वयक, तेल उद्योग ने एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को लेकर जानकारियां साझा कीं। डिविजनल रिटेल सेल्स हेड, आईओसीएल-उत्तराखंड, राज्य स्तरीय समन्वयक, तेल उद्योग कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए प्रमुख क्षेत्रों पर ताजा जानकारी में नागरिकों को एलपीजी सिलेंडर बुक करने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने और आवश्यक न होने पर वितरकों के पास जाने से बचने की सलाह दी गई है।

डायवर्जन रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी 2026 में 53 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई। मार्च 2026 से अब तक 3.6 लाख कनेक्शनों में गैस कनेक्शन स्थापित होने और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण के साथ पीएनजी के विस्तार में गति है। बताया कि एक आंकड़े के मुताबिक उत्तराखंड में 5 अप्रैल को 34,448 एलपीजी बुकिंग हुई। 29 मार्च से 4 अप्रैल तक 2,95,624 एलपीजी बुकिंग हुई और मार्च 2024 में 14,06,421 एलपीजी बुकिंग हुई है। 5 अप्रैल को 26,595 एलपीजी डिलीवरी हुई। 29 मार्च से 4 अप्रैल तक 2,50,344 एलपीजी डिलीवरी हुई। मार्च 2024 में 11,25,546 एलपीजी डिलीवरी हुई है।

**जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुशः** उत्तराखंड में निगरानी और अनुपालन के तहत नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है ताकि जमाखोरी व कालाबाजारी को रोका जा सके। अब तक 5,681 निरीक्षण और 301 छापे मारे गए हैं, 16 एफआईआर दर्ज की गईं हैं।

### पूरे राज्य में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध

ईंधन आपूर्ति की स्थिति (पेट्रोल और डीजल) की बात करें तो पूरे राज्य में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध हैं। कुल 978 रिटेल आउटलेट सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। सिटी गैस वितरण और वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में राज्य में 5 सिटी गैस वितरण कंपनियां कार्य कर रही हैं, जिनमें देहरादून में गेल गैस, उधम सिंह नगर में अडानी गैस प्रा. लि., हरिद्वार में एचएनजीपीएल व नैनीताल में एचपीसीएल शामिल हैं।

## दिन में निकली धूप, शाम को मौसम रहा सुहावना

**हल्द्वानीः** दोपहर के समय हल्द्वानी में धूप निकली तो वहीं शाम के समय ठंडी हवा चलने से मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया। लोगों को गर्मी से निजात मिली। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार बुधवार को नैनीताल जिले में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का ओरेंज अलर्ट है। हल्द्वानी में तापमान में गिरावट जारी है। दोपहर के समय धूप तो निकली लेकिन अपरान्ह के बाद मौसम बदलने लगा। शाम के समय बादल छा गए और तेज हवा चलने लगी। पहाड़ों में हुई बारिश का असर हल्द्वानी में भी रहा। अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री रहा। मुक्तेश्वर में पारे में काफी गिरावट आई है।






# राष्ट्रीय राजमार्ग और यात्रा मार्गों पर अतिक्रमण न करें

**संवाददाता, रुद्रप्रयाग**

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन द्वारा 22 अप्रैल से शुरु होने वाली केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के उद्देश्य से तैयारियों को युद्ध स्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई प्रगति एवं शेष कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं यात्रा मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, अन्यथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निकायों द्वारा नियमित रूप से अतिक्रमण के विरुद्ध चालान की कार्रवाई भी की जा रही है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं-सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा एवं स्वच्छता-की ताजा स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

### अधिकांश स्थानों पर लगायीं सोलर लाइटें

जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा मार्ग पर अधिकांश स्थानों पर सोलर लाइटें स्थापित की जा चुकी हैं तथा विद्युत लाइनों की मरम्मत का कार्य तेजी से जारी है। सड़कों पर पैचवर्क का कार्य निरंतर किया जा रहा है, जिससे यात्रा मार्ग को सुचारू एवं सुरक्षित बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की गई है।

# लाखों साल पुरानी मछलियों के जीवाश्म मिले

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** देश में पहली बार 45 लाख वर्ष पुराने मीठे पानी की मछलियों ट्राइकोगैस्टर फैसियाटा यानी गौरामिस के जीवाश्म देहरादून के करीब मिले हैं।

यहां स्थित वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान (डब्लूआईएचजी) को यह सफलता मिली है। संस्थान को प्लायोसीन काल के ताजा पानी की मछलियों के ओटोलिथ (मछलियों के आंतरिक कान में पाई जाने वाली हड्डी, जो उनके संतुलन और सुनने में मदद करती हैं) जीवाश्म उत्तरपश्चिम हिमालय में देहरादून से सटे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के मोहंड से मिले। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एन. प्रेमजीत सिंह ने इस खोज को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि नियोजीन काल (मायोसीन काल एवं प्लायोसीन काल) के शिवालिक जमाव को लंबे समय से उनके समृद्ध स्थलीय जीवाश्म रिकॉर्ड के लिए पहचाना जाता है, लेकिन मीठे पानी के जीव-जंतुओं के अवशेष अब तक लगभग अज्ञात ही हैं।

वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा, इस अध्ययन में पहली बार मोहंड के ऊपरी शिवालिक पाइलोसीन काल के जमावों में मीठे पानी की मछलियों के ओटोलिथ जीवाश्म पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अध्ययन के दौरान मछलियों के तीन प्रकार के समूहों- चेन्ना (चेन्नीडेई), ट्राइकोगैस्टर फैसियाटा (ओस्फोनेमिडाई) और गोबीडेई इंडेट के जीवाश्म मिले। उन्होंने कहा, इनमें से टी फैसियाटा (सामान्य नाम-गौरामिस) का विश्व में यह दूसरा जबकि भारत में खोजा गया पहला ओटोलिथ जीवाश्म है। इसका पहला जीवाश्म इंडोनेशिया के सुमात्रा में खोजा गया था।

### जैव विविधता के बारे में मिली दुर्लभ जानकारी

अध्ययन के अनुसार, यह जीव समूह मध्य स्तर के शिकार और शीर्ष शिकारी जीवों से बनी एक संरचित पोषण संरचना को दर्शाता है। ये जीव-जंतु घटक एक शांत, संभवत : स्थिर जल वाले मीठे पानी के आवास का संकेत देते हैं जिसमें घनी वनस्पति हो और जो मछलियों के अनुरूप हो। सिंह ने कहा, ओटोलिथ की सीमित संख्या के बावजूद यह संग्रह हिमालयी क्षेत्र में पाइलोसीन काल की मीठे पानी की जैव विविधता के बारे में दुर्लभ लेकिन महत्वपूर्ण जानकारी देता है।

आस्था

### आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में ऐतिहासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का कराया आयोजन

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन कर धन्य हुए श्रद्धालु

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर के श्री सत्संग भवन में सोमवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर शहरवासी आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर हो गए। ऐतिहासिक पलों के हजारों लोग साक्षी बने। श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बरेली की ओर से त्रिवटी नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के स्वामी भव्य तेज सोमवार सुबह करीब 9.45 बजे सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष लेकर पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव, सोमनाथ महादेव की जय-जय कार से गुंजायमान हो उठा। नाथ नगरी जलाभिषेक समिति, बाबा महाकाल समिति और बाबा गिरीराज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने ढोल नगाड़ों से स्वामी भव्य तेज का स्वागत किया। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के पार्थो कुनार, श्वेता कुनार, सौरभ मेहरोत्रा आदि स्वामी भव्य तेज को लेकर शिवालय पहुंचे और त्रिवटीनाथ मंदिर के दर्शन कराए।

रामालय में सीताराम, राधा कृष्ण के दर्शन करने के बाद स्वामी भव्य तेज कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को पूजा थाल में रखा। इसके बाद मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना संपन्न की। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन करने के यह ऐसे पल थे, जिसे देखने के लिए हर कोई लालायित नजर आया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के बृजवासी, गोपाल सरन, अशोक भसीन, रीना अग्रवाल, गोपाल भारण अग्रवाल के अलावा मनीष शर्मा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, संचित अग्रवाल, डॉ विनोद पागरानी, प्रसाद चंद सेठ, संदीप अग्रवाल, विकास मेहरोत्रा, ब्रजवासी लाल अग्रवाल, मनोज देवल आदि शहर के गणमान्य मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल भी दर्शन करने पहुंचीं।

**9:45** बजे सुबह बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के स्वामी भव्य तेज अवशेष लेकर मंदिर पहुंचे, ढोल नगाड़ों से किया गया स्वागत



श्री सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन अवशेष सहस्त्रों का अभिषेक करते स्वामी भव्य तेज।

### कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को देशभर में दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

## सिटी इवेंट्स

- गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में लोकल लीग का मैच प्रात: 9 बजे
- जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के जीएनजी ग्राउंड में मैच 10 बजे
- हीरा नगर स्थित पर्वतीय उत्थान मंच में महिलाओं की रामलीला 7 :30 बजे

## सिटी ब्रीफ

### दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक हुए घायल

**रामनगर :** पीरूमदारा क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने नहीं बल्कि पीछे से हुई जोरदार टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मालधन निवासी रोहित और राजेश (दोनों 17 वर्ष) देर शाम पीरूमदारा से लौट रहे थे। रोहित ने बताया कि वह ग्रीन फील्ड स्कूल से वॉलीबॉल खेलकर लौट रहा था और अपने दोस्त राजेश को छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान शक्तिनगर निवासी सरताज (23) की तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों का संतुलन बिगड़ गया और तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को 108 एम्बुलेंस से रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. हर्ष ने बताया कि राजेश की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया, जबकि अन्य दो घायलों का उपचार जारी है।

### कालाढूंगी में हादसे के बाद आरटीओ ने किया निरीक्षण

**हल्द्वानी :** कालाढूंगी के प्रिया बैंड के पास रविवार को हुए टूरिस्ट वाहन हादसे के बाद सोमवार को आरटीओ गुरदेव सिंह सहित अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। मोदीनगर से आए पर्यटकों से भरा टैम्पो ट्रैवलर प्रिया बैंड से करीब दो किलोमीटर आगे अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में चालक सहित 17 लोग सवार थे। हादसे में कैलाश उर्फ गिरीश गंभीर घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी में हुआ। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश दिए।

### आज से शुरू होगा स्विमिंग पूल

**हल्द्वानी :** गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बने स्विमिंग पूल आज से फिर से शुरू होगा। सभी सदस्य निर्धारित समय के अनुसार सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। स्विमिंग क्लासेस सुबह 6 :30-7 :15 और 7 :30-8 :15 व शाम 4-4 :45 और 5-5 :45 की शिफ्ट में चलेंगी।

# अभिभावक का बैंक अकाउंट बैलेंस जीरो कर रही है स्कूल से मिली पर्ची

## प्रशासन व विभाग के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे स्कूल व दुकानदार, कमीशन का खेल जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**20** से 30 हजार तक फीस वसूल रहे पहली कक्षा में प्रवेश पर

**04** से 10 हजार तक खर्च कराए जा रहे कॉपी-किताबों पर



स्टेशनरी की एक दुकान के बाहर खरीदारी के लिए लगी लाइन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने का मतलब स्कूलों की सहालग के दिन। निजी स्कूलों ने अभिभावकों से अलग-अलग कैटेगरी के नाम पर महंगी फीस वसूलनी शुरु कर दी है। गंभीर तथ्य यह है कि स्कूलों से अभिभावकों को एक साधारण से कागज पर हाथ से लिखी पर्ची (फीस, कॉपी-किताबें व ड्रेस की लिस्ट) थमायी जा रही है।

इस लिस्ट में दर्ज मासूमों को पढ़ाने का बजट (पैकेज) इतना दर्ज कि जब एक आम अभिभावक इसे दुकान पर ले जा रहा है तो उसके सेविंग अकाउंट का बैलेंस जीरो हो जाता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इस लिस्ट पर सबंधित दुकान का नाम भी दर्ज होता है। दरअसल, कॉपी-किताबों और स्कूल के नाम की लोगों वाली ड्रेस निर्धारित दुकानों पर मिलने सहित अन्य समस्याओं पर फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही।

स्कूलों से अभिभावकों को दी गई स्लिप के अनुसार निजी स्कूलों में कक्षा एक में प्रवेश के लिए 20 से 30 हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं। जिसमें एडमिशन फीस, रजिस्ट्रेशन फीस और एनुअल फीस सहित कुछ अन्य तरह के शुल्क लिए जा रहे हैं।

इस तरह अभिभावकों की जेब पर सीधे डाका डाला जा रहा है। इसी तरह कॉपी-किताबों के सेट की कीमत भी कक्षाओं के अनुसार अलग-अलग है। एक स्कूल के आठवीं क्लास की कॉपी-किताबों की कीमत 4 हजार से ऊपर है। इसी तरह 8 से 10 हजार रूपए तक कॉपी-किताबें बेची जा रही हैं। रविवार को प्रशासन, शिक्षा विभाग और कर विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से शहर के अलग-अलग स्टेशनरी की दुकानों में चेकिंग की थी, जिस दौरान अभिभावकों से बातचीत के दौरान भी इस तरह की शिकायतें सही पाई गईं थी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने सभी स्टेशनरी की दुकानों को खरीदारी के लिए पहुंचने वाले अभिभावकों के लिए वेटिंग एरिया बनाने, पीने के पानी की व्यवस्था करने सहित दुकानों के बाहर 20 अप्रैल तक स्कूल ड्रेस की बिक्री को लेकर नोटिस चस्पा करने के लिए कहा गया था। इन सबके बावजूद कई दुकानों ने अभी तक निर्देशों का पालन नहीं किया है।

### स्कूल अभी भी दे रहे हैं दुकान के नाम की पर्ची

**हल्द्वानी :** बार-बार शिकायतों और शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बाद भी अभिभावकों को ड्रेस और कॉपी-किताबों के लिए दुकान के नाम की पर्चियां दे रहे हैं। हैरानी की बात है कि एक दिन पूर्व ही यानी रविवार को संयुक्त चेकिंग में इसे लेकर सख्त चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद भी निजी स्कूलों का अड़ियल रवैया कम नहीं हो रहा है और उन्हें किसी भी तरह की कार्रवाई का डर नहीं है।

## स्कूलों की समय सारिणी बदली, शिक्षक हुए खफा

**हल्द्वानी :** प्रदेश के सभी राजकीय और निजी माध्यमिक व प्रारम्भिक स्कूलों के लिए समय सारिणी में आंशिक संशोधन किया गया है। माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी आदेश के अनुसार, शासन ने अकादमिक, शोध और प्रशिक्षण निदेशालय के प्रस्ताव पर विचार के बाद यह निर्णय लिया है।

सचिव, विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन की ओर से जारी आदेश के तहत पूर्व में जारी शासनादेश में संशोधन कर स्कूलों के संचालन समय को ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन सत्र के अनुसार पुनर्निर्धारित किया गया है। नई समय सारिणी के अनुसार ग्रीष्मकालीन सत्र में 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक प्रातः 7:45 बजे का स्कूल होगा। जबकि शीतकालीन सत्र में 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रातः 8:50 बजे का स्कूल होगा। इधर, नई समय सारिणी जारी होते ही इसका विरोध होने लगा है। शिक्षकों ने इसे छात्र, स्कूल और अभिभावकों के हित में ठीक नहीं माना है। राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के पूर्व मंत्री डिकर सिंह पडियार ने बताया कि पूर्व में समय सारिणी को लेकर विभाग और शासन ने सुझाव मांगे थे। जिसमें पूर्व से चली आ रही समय सारिणी को बनाए रखने का अनुरोध किया गया था, लेकिन शासन ने नई समय सारणी का आदेश जारी कर दिया।

# कार्डियोलॉजिस्ट नियुक्त करने में सरकार नाकाम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जहां स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की बात की जाती है, वहीं सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) की हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की गई अत्याधुनिक कैथलैब अब तक मरीजों के लिए शुरू नहीं हो पाई है, क्योंकि अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं हो सकी है।

कैथलैब का निर्माण कार्य फरवरी माह में ही पूरा कर लिया गया था। निर्माण में देरी को लेकर पहले ही कार्यदायी संस्था मंडी परिषद पर सवाल उठ चुके हैं। अब जब लैब पूरी तरह तैयार है और महंगी मशीनें भी स्थापित हो चुकी हैं, तब विशेषज्ञ डॉक्टर की अनुपलब्धता बड़ी बाधा बन गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। साक्षात्कार भी संपन्न हो चुका है, लेकिन अब शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार किया जा रहा है। सवाल यह है कि आखिर कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कब होगी। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि जल्द ही नियुक्ति कर कैथलैब को शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

### निजी अस्पतालों की दौड़

**हल्द्वानी :** एसटीएच में कैथलैब शुरू नहीं होने की वजह से मरीजों को निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है। जहां उपचार काफी महंगा है। हृदय रोग से जुड़े ऑपरेशन काफी महंगे होते हैं। एसटीएच में आयुष्मान कार्ड से ही यह सुविधा मिल जाएगी।

### कैथलैब में मिलने वाली प्रमुख सुविधाएं

- कोरोनरी एंजियोग्राफी से हृदय की धमनियों में ब्लॉकेज का पता
- एंजियोप्लास्टी व स्टेंटिंग से बंद धमनियों को खोलना
- पेसमेकर प्रत्यारोपण से असामान्य धड़कन को नियंत्रित करना
- वाल्वुलोप्लास्टी से संकुचित वाल्व का उपचार
- ट्रांसकैथेटर वाल्व प्रतिस्थापन से बिना सर्जरी इलाज
- ईपीएस अध्ययन व एब्लेशन से अतालता का समाधान
- जन्मजात हृदय दोष का आधुनिक उपचार

# कार्ड धारकों को एक साथ मिलेगा तीन माह का राशन

संवाददाता, हल्द्वानी

- उपभोक्ताओं से समय पर उठान की अपील



**अमृत विचार:** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, उत्तराखंड ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन कार्ड धारकों के लिए अहम सूचना जारी की है। विभाग ने बताया कि अंत्योदय एवं प्राथमिक परिवारों को अप्रैल, मई और जून का खाद्यान्न एकमुश्त अप्रैल में वितरित किया जाएगा।

विभाग के अनुसार, इन तीनों महीनों के लिए ई-पॉस मशीनों के माध्यम से ऑनलाइन वितरण की व्यवस्था कर दी गई है। लाभार्थियों को प्रत्येक माह के लिए अलग-अलग तीन बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, मार्च 2026 में खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित रहे राशन कार्ड धारक 15 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से अपना राशन प्राप्त कर सकते हैं। विभाग ने राज्य के सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी राशन की दुकान से निर्धारित अवधि में तीन माह का खाद्यान्न अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## नशे में दौड़ाई टैक्सी पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** नशे में टैक्सी चलाना एक चालक को भारी पड़ गया। पुलिस ने टैक्सी को सीज करने के सात ही चालक को गिरफ्तार कर लिया।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस टीम थाना क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। चौकी मल्ला काठगोदाम क्षेत्र के में पुलिस ने मोटर कैब संख्या यूके 04 टीसी 0195 को रोककर जांच की। जांच में वाहन चला रहा चालक नशे में धुत पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इंद्रानगर लालकुआं निवासी निर्मल कुमार पुत्र विरीराम बताया। जिस पर पुलिस ने निर्मल को गिरफ्तार हुए वाहन को सीज कर दिया। पुलिस टीम में एसआई दिलीप कुमार, कांस्टेबल कारज सिंह व प्रमोद कुमार थे।

# कालाढूंगी में शादी समारोह के दौरान छज्जा गिरा, छह लोग गंभीर घायल

- गंभीर घायल प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर
- एंबुलेंस की कमी पर सभासद ने जताई नाराजगी

संवाददाता, कालाढूंगी



अस्पताल में घायलों का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के वार्ड नंबर 3 में सोमवार रात एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब छत का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। इस हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि यासीन के परिजन छत पर चढ़कर शादी समारोह देख रहे थे। इसी दौरान रात करीब 8:30 बजे छज्जा गिर गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में रेशमा (35), आसमा (30), लैबानूर (5), सबीना (30) और सबीना (21) शामिल हैं, जो एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। एंबुलेंस में देरी के कारण घायलों को निजी वाहन और 108 के माध्यम से हल्द्वानी भेजा गया। सभासद मोहम्मद दानिश ने एंबुलेंस की कमी पर नाराजगी जताई। एसआई जयवीर सिंह ने छह लोगों के घायल होने की पुष्टि की है।

## निरीक्षक से डिप्टी एसपी बने चंचल

**नैनीताल :** उच्च न्यायालय की विजिलेंस इकाई में तैनात निरीक्षक चंचल शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। इस मौके पर हाईकोर्ट विजिलेंस में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। रजिस्ट्रार विजिलेंस सुबीर कुमार और एसपी विजिलेंस राजेश भट्ट ने चंचल के कंधों पर 'यीपीएस' बैच लगाया।

चंचल ने वर्ष 2002 में उपनिरीक्षक के रूप में पुलिस सेवा की शुरुआत की। उन्होंने उधमसिंह नगर, चमोली, पिथौरागढ़ सहित कई जनपदों में जिम्मेदारी निभाई। विजिलेंस हल्द्वानी, सीबीसीआईडी हल्द्वानी और हाईकोर्ट विजिलेंस में अहम भूमिका निभाई। उन्हें वर्ष 2016 में निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली और अब डिप्टी एसपी पद पर पदोन्नत हुए। इस मौके पर दीपक सिंह बिष्ट, पुरुषोत्तम डुंगरियाल, कपिल कन्याल आदि उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- तबीयत बिगड़ने पर पीड़िता को चिकित्सक के पास ले गए तब हुआ खुलासा
- परिजनों के पूछने पर पीड़िता ने बताया आरोपी का नाम, परिजन पहुंचे पुलिस के पास



**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इसका खुलासा तब हुआ जब पीड़िता की तबीयत बिगड़ी और उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया। पीड़िता ने परिजनों को आरोपी का नाम बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, थानाक्षेत्र में रहने वाली नाबालिग की करीब चार दिन पहले अचानक तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जांच की तो सामने आया कि नाबालिग दो माह की गर्भवती है। यह जान परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने पूछताछ की तो उसने उस व्यक्ति का नाम बताया, जिसने उसके साथ गलत काम किया। जिसके बाद परिजन पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता के परिजनों ने कोर्ट से गर्भपात के लिए अनुमति मांगी है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि मामले में डीएनए लिया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### वन विभाग के पास नहर में मिला भ्रूण

**हल्द्वानी :** कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र से गुजरी नजर में भ्रूण मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्चरी भेज दिया है। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि तिकोनिया वर्कशॉप लाइन से गुजरी नहर में वन विभाग के पास नहर में भ्रूण की सूचना मिली थी। फौरन मौके पर पुलिस टीम को रवाना किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि भ्रूण नहर में पड़े कूड़े में फंस कर अटका हुआ था। कोतवाल के मुताबिक, काठगोदाम से लेकर तिकोनिया तक नहर के आस-पास लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। भ्रूण की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लिया गया है। साथ ही बिसरा सुरक्षित कराया जाएगा।

## सहजयोग ध्यान से होने वाले लाभ बताए

**हल्द्वानी:** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार में सोमवार को तरणताल में तैराकी प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ पर गणेश पूजन के साथ ही सहजयोग ध्यान कार्यक्रम भी हुआ।

पूर्व केंद्र समन्वयक अल्मीक सिंह ने सहजयोग ध्यान पर बताया कि इस नियमित ध्यान से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि ध्यान एक स्वतः होने वाली प्रक्रिया है, जो व्यक्ति को वर्तमान में उपस्थित रहने और तनावमुक्त जीवन शैली अपनाने में मदद करती है। उन्होंने माताजी निर्मला देवी ने 5 मई 1970 को गुजरात, नारगोल से सहजयोग की शुरुआत की गई थी और आज यह ध्यान विश्व के 150 से अधिक देशों में लाखों लोगों की से अपनाया जा रहा है।

# एसएसपी दफ्तर में शार्ट सर्किट, हादसा टला

संवाददाता, नैनीताल



कमर्शियल पार्किंग में बनी गौशाला के पास धधकती आग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नैनीताल स्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार दोपहर अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों के अनुसार, दोपहर करीब 12:15 बजे मीटर की तार जलने की बदबू के साथ हल्का धमाका हुआ। जब कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो वहां आग लगी दिखी। तत्परता दिखाते हुए कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना तत्काल विद्युत विभाग और दमकल विभाग को दी गई। एहतियातन बिजली का शटडाउन लिया गया। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हाइडिल विभाग के कर्मचारी कंचन जोशी ने बताया कि एसएसपी कार्यालय की विद्युत सप्लाई का मीटर फुंक गया था। शटडाउन लेकर चिपके तारों को अलग किया गया और आवश्यक मरम्मत के बाद दोबारा फिटिंग की गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद विद्युत आपूर्ति को पुनः सुचारू किया गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण मीटर पर अधिक लोड या ढीले तारों को माना जा रहा है। शटडाउन के चलते सूखाताल क्षेत्र से जुड़े हिस्सों में करीब एक घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे पूर्व 24 दिसंबर 2025 को भी एसएसपी आवास में आग लगने की घटना सामने आई थी, जिसे फायर सर्विस ने समय रहते नियंत्रित कर लिया था।

### पार्किंग में लगी आग बाल-बाल बची गौशाला

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थानाक्षेत्र में बनी एक कमर्शियल पार्किंग में आग लग गई। झाड़ियों में लगी आग तेजी से वहां बनी गौशाला और खड़े वाहनों की ओर बढ़ रही थी। हालांकि लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। एफएसओ मिंदर पाल ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 11 बजे काठगोदाम में रेलवे स्टेशन तिराहे के पास आग की सूचना मिली थी। यहां गोपाल दत्त का खाली प्लॉट है, जिसका इस्तेमाल पार्किंग के तौर पर होता है। पार्किंग में एक गौशाला भी थी। सोमवार सुबह पार्किंग की झाड़ियों में आग गई। पास ही गौशाला में मवेशी चीखने लगे तो लोगों ने सूचना दमकल को दी और आग बुझानी शुरू की। पार्किंग में उस वक्त 20 गाड़ियां खड़ी थी। एफएसओ ने बताया कि दमकल के पहुंचने से पहले ही लोगों ने आग पर काबू पा लिया था।

**लापरवाही** | चार साल से नहीं हुआ सड़क का स्थाई ट्रीटमेंट, किमी तीन पर करीब 300 मीटर हिस्से पर खतरा बरकरार

# भूस्खलन की जद में काठगोदाम-हैड़ाखान मार्ग, हादसे का खतरा

संवाददाता, हल्द्वानी



चार साल से ध्वस्त पड़ा काठगोदाम-हैड़ाखान मोटरमार्ग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** काठगोदाम-हैड़ाखान मार्ग पर सफर करना इन दिनों बेहद जोखिम भरा हो गया है। काठगोदाम से करीब तीन किलोमीटर दूर सड़क का लगभग 300 मीटर हिस्सा अब भी भूस्खलन की चपेट में है। यहां पहाड़ी पर कई बोल्डर और पेड़ आधे हवा में लटके हुए हैं, जो कभी भी गिरकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि दोपहिया वाहन चालक आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। बरसात के मौसम में यह मार्ग अक्सर बंद हो जाता है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) हर वर्ष लाखों रुपये खर्च कर सड़क को सुचारू करने का प्रयास करता है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। गौरतलब है कि नवंबर 2022 में इस मार्ग पर भूस्खलन की शुरुआत हुई थी। उसी दौरान आए भूकंप के बाद बिना बारिश के भी लगातार भूस्खलन होता रहा, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। यह मार्ग करीब 120 गांवों की 50 हजार से अधिक आबादी को जोड़ता है और हल्द्वानी से पसोली, ओखलढूंगा, हैड़ाखान, हरीशताल होते हुए आगे चंपावत तक संपर्क बनाए रखता है।

समस्या के समाधान के लिए भूस्खलन स्थल से पहले वैकल्पिक सड़क निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन पेड़ों की कटाई के कारण मामला वन विभाग में अटक गया। फिलहाल लोनिवि ने भूस्खलन क्षेत्र के ट्रीटमेंट और नई सड़क निर्माण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शासन को भेज दी है, जिसमें एडीबी (एशियाई विकास बैंक) की मदद भी ली जा रही है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता मनोज पांडे के अनुसार, डीपीआर स्वीकृत होते ही तेजी से कार्य शुरू किया जाएगा।

### हल्द्वानी-चोरगलिया मार्ग भी बदहाल

हल्द्वानी-चोरगलिया मार्ग की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। बनभूलपुरा से आगे रेलवे क्रॉसिंग के पास पिछले वर्ष बारिश के दौरान सड़क का एक बड़ा हिस्सा नदी में समा गया था। एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है। फिलहाल यहां सुरक्षा के लिहाज से लगातार भरान (मिट्टी-पत्थर डालकर भराई) का कार्य किया जा रहा है। गौलापुल के पिलर के नीचे सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, लेकिन मुख्य मार्ग अभी भी असुरक्षित बना हुआ है। लोनिवि के अनुसार, बारिश के बाद भरान के पूरी तरह सेट होने के बाद ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। तब तक इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगी हुई है।

# जल संस्थान ने काटे 40 बकाएदारों के कनेक्शन

संवाददाता, नैनीताल

- विभाग ने लोगों से शीघ्र बकाया बिल जमा करने को कहा

**अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र में पानी के बकाया बिलों का भुगतान न करने वालों के खिलाफ जल संस्थान ने सख्ती शुरू कर दी है। लंबे समय से बकाया रखने वाले करीब 40 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए हैं ।विभाग ने पहले ही उपभोक्ताओं को 31 मार्च तक बकाया जमा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन चेतावनी के बावजूद भुगतान न होने पर कार्रवाई तेज कर दी गई।

इस वित्तीय वर्ष के लिए जल संस्थान का वसूली लक्ष्य 14 करोड़ 3 लाख रुपये था, जिसमें से अब तक लगभग 70 प्रतिशत राशि वसूल की जा चुकी है। सहायक अभियंता अंशुल ओझा ने बताया कि शेष बकाया वसूलने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 10 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले घरेलू उपभोक्ताओं और 50 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले गैर-घरेलू कनेक्शनों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की जा रही है। सबसे अधिक 17 कनेक्शन रैमजे क्षेत्र में काटे गए हैं, जबकि अन्य निजी कनेक्शनों पर भी कार्रवाई की गई। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे लंबित बिल जल्द जमा करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सिटी ब्रीफ

### टेनिस में जयंत ने सुमित को 6-2, 6-1 से हराया

**कालाढूंगी :** ऑप्टिमम टेनिस अकादमी, चूनाखान में ऑल इंडिया टेनिस संघ द्वारा आयोजित टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन जयंत डिंगरा ने उत्तराखंड के सुमित गोदियाल को 6-2, 6-1 से हराकर जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। पहले मैच में अनीश प्रशांत ने सौरव कुमार को 6-1, 6-0 से, अनिरुद्ध ने वंश नांदल को 6-2, 6-2 से, तथा दक्ष सिंह ने यशप्रीत को 7-6, 6-2 से पराजित किया। प्रतियोगिता का संचालन फैन स्पोर्ट्स क्लब के अवनीश रस्तोगी के नेतृत्व में हुआ। रेफरी के रूप में एंटन डिसूजा और अंपायर दिव्यांशु, रोहित व संजय रहे। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि आगे के मैच जारी हैं और पराजित खिलाड़ियों को प्रस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जनगणना के लिए दिया कार्मिकों को प्रशिक्षण

**नैनीताल :** 25 अप्रैल से शुरू होने वाले जनगणना कार्य के प्रथम चरण को लेकर जिलेभर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सभी तहसील स्तर और नगर क्षेत्रों में कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण विभिन्न बैचों में सम्पन्न हुआ। नैनीताल नगर क्षेत्र में यह प्रशिक्षण राज्य संपत्ति विभाग के सभागार में एडीएम की उपस्थिति में हुआ। वहीं भीमताल, धारी और रामनगर सहित अन्य क्षेत्रों में भी जनगणना से जुड़े कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। भीमताल स्थित डाइट में प्राचार्य सुरेश कुमार की उपस्थिति में और शिक्षा भवन नैनीताल में सीईओ गोविंद जायसवाल की देखरेख में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कुल 295 प्रगणक और सुपरवाइजर प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

### गिरीश अध्यक्ष, दिनेश कटियार सचिव बने

**नैनीताल :** वाल्मीकि समाज की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतदाता सूची में दर्ज 2200 मतदाताओं में से 1422 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। देर रात परिणाम घोषित किए गए। जिसमें अध्यक्ष पद पर गिरीश भैया, उपाध्यक्ष पर संजय सौदा, सचिव दिनेश कटियार और उप सचिव अभिषेक मुल्तानिया को विजयी घोषित किया गया। अध्यक्ष पद के लिए गिरीश भैया और मनोज पवार के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें गिरीश भैया ने 769 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि मनोज पवार को 611 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर संजय सौदा ने 549 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। अन्य उम्मीदवारों में अमित सहदेव को 322, राजेश को 281 और अजय को 199 वोट मिले। सचिव पद पर दिनेश कटियार और राहुल पुजारी के बीच कड़ा मुकाबला रहा।

### भक्ति, आस्था और सनातन संस्कृति के रंगों में सराबोर हो उठा हरिपुर भानदेव स्थित कालिका माता मंदिर का परिसर

# आस्थाः कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचारः** ग्राम हरिपुर भानदेव स्थित कालिका माता मंदिर परिसर एक बार फिर भक्ति, आस्था और सनातन संस्कृति के रंगों में सराबोर हो उठा, जब सात दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया।

यजमान गणेश दत्त बमेटा एवं विजय बमेटा के सानिध्य में आयोजित इस पुण्य महोत्सव का उद्देश्य धर्म जागरण के साथ-साथ सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश देना है। कथा के प्रारंभ अवसर पर जय माता दी के उद्घोष और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रख्यात व्यासाचार्य नमन कृष्ण महाराज अपनी मधुर वाणी और ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को देवी महात्म्य का रसपान करा रहे हैं। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि "कलियुग में जीव का सच्चा आश्रय भागवत ही है।" उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मनुष्य दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से घिरा हुआ है, ऐसे में भागवत कथा ही उसे मानसिक शांति, आध्यात्मिक बल और मोक्ष का मार्ग प्रदान करती है।

महाराज ने अपने प्रवचनों में सनातन संस्कृति की मूल भावना भक्ति, सेवा और धर्म को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है।

इस अवसर पर यजमान परिवार से गणेश दत्त बमेटा, विजय बमेटा, दीपा बमेटा, श्वेता बमेटा सहित मुकेश गरवाल, खीमानंद बमेटा, भाजपा नेता उमेश शर्मा, दया बमेटा, कमलेश बमेटा, कमल कबड़वाल, कैलाश बमेटा, दया किशन जोशी, आचार्य शंभू दत्त दुर्गापाल, अमित सनवाल, सुरेश बमेटा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सात दिनों तक चलने वाला यह कथा महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना के संचार का माध्यम भी बन रहा है। आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति को संजोने और नई पीढ़ी तक इसके मूल्यों को पहुंचाने का संदेश दिया जा रहा है।



हल्दूचौड़ में श्रीमद देवी भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकालतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### गंदगी देखकर बिफरीं पालिकाध्यक्ष खेतवाल

**नैनीतालः** नैनीताल मे स्वच्छता और व्यवस्था को लेकर पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने सोमवार सुबह उन्होंने मस्जिद चौराहे और मालरोड क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेच रहे हॉकर्स के खिलाफ मौके पर ही कड़ी कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने पाया कि कई हॉकर्स बिना अनुमति के खाने-पीने का सामान बेच रहे थे, जिससे गंदगी फैल रही थी। मस्जिद चौराहे के पास दो गोलगप्पे विक्रेताओं का सामान जब्त किया गया। चने बेचने वाले एक अन्य व्यक्ति पर भी कार्रवाई की गई। डॉ. खेतवाल ने मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों को भी जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पुलिस के सामने अवैध व्यापार होना लापरवाही का प्रतीक है। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# 48 स्थानों पर लगे 4जी टावर, 477 गांवों को जोड़ा जाएगा भारत नेट से

### जनपद में संचार क्रांति, शैडो क्षेत्रों पर विशेष फोकस, डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा

- कनेक्टिविटी सुधार पर प्रशासन सख्त
- 24 घंटे चालू रहेंगे मोबाइल टावर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** जिले में संचार सुविधाओं और मोबाइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टेलीकॉम कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी ने की।

बैठक में विभिन्न दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के दूरस्थ और शैडो, डार्क क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी सुचारू रूप से बनी रहे। उन्होंने कहा कि बिजली बाधित होने की स्थिति में भी मोबाइल टावर 24 घंटे संचालित रहें, इसके लिए पर्याप्त ईंधन और सोलर सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंडलीय अभियंता दूरसंचार ने बताया कि प्रथम चरण में स्वीकृत 48 स्थानों पर 4जी टावर स्थापित कर दिए गए हैं। वहीं, द्वितीय चरण में 10 टावरों की स्वीकृति मिली है, जिनमें से 5 के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है। शेष पांच स्थान बेलवाखान, जिरौली, रेकुना, बारगल और प्यूडा में भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है।

इस पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को बीएसएनएल के साथ समन्वय कर शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। भारत नेट परियोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के 477 गांवों को कनेक्टिविटी से जोड़ने का लक्ष्य है, जिसमें अब तक 288 गांवों को जोड़ा जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। बैठक में हल्द्वानी क्षेत्र में कालूशाई मंदिर से तीनपानी मंडी के बीच सड़क सुधार कार्य के दौरान ऑप्टिकल फाइबर बिछाने का मुद्दा भी उठा। इस पर लोनिवि, यूयूएसडीए और जियो कंपनी को समन्वय बनाकर कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। एयरटेल प्रतिनिधियों ने दो नए मोबाइल टावरों के लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिस पर प्रशासन ने संयुक्त निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मंडलीय अभियंता दूरसंचार विकास महरा, भारत नेट के परमिंदर, लोनिवि, सिंचाई, विद्युत, पीएमजीएसवाई समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास शर्मा मौजूद रहे।



जिला टेलीकॉम कमेटी की बैठक लेते अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### अतिक्रमण हटाने के दौरान कांग्रेस नेता व ईओ की बीच बहस

**रामनगरः** नगर पालिका प्रशासन ने शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार को बड़ा अभियान चलाया। पालिका टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से खताड़ी क्षेत्र सहित विभिन्न इलाकों में नालियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर बने पक्के अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

कार्रवाई के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पुष्कर दुर्गापाल और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) आलोक उनियाल के बीच तीखी बहस भी हुई। विवाद बढ़ने पर टीम को कुछ खोखों को हटाए बिना ही वापस लौटना पड़ा। अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि कार्रवाई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर मिली शिकायत के आधार पर और जिलाधिकारी एवं एसडीएम के निर्देश पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर में अवैध कब्जों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान कई स्थानों से सामान जब्त किया गया और जिन खोखों को नहीं हटाया जा सका, उनके मालिकों को तीन दिन का समय दिया गया है। निर्धारित समय के बाद उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक बिष्ट ने 134 पात्र लाभार्थियों को सौंपे चेक



लाभार्थियों को धनराशि वितरित करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

- मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष की धनराशि वितरित की
- कुल 8.10 लाख रुपए के चेक किए वितरित

**अमृत विचारः** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोष से स्वीकृत 134 पात्र परिवारों के व्यक्तियों को कुल 8.10 लाख रुपए उपचार और सहायतार्थ राशि के चेक वितरित किए। यह वितरण भाजपा पदाधिकारियों और राजस्व उपनिरीक्षकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

विधायक बिष्ट ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सरकार हर पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने लाभार्थियों को राहत देने के महत्व पर भी जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, बलदेव रावत, ओबीसी आयोग की सदस्य रूचि गिरी शर्मा, विजय खुल्वे, नीमा मठपाल, ग्राम प्रधान इंदर लाल, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि पृथ्वी रावत, पूरन सिंह बिष्ट, माया रावत, आशीष कुमार, भरत तिवाड़ी, मनमोहन सिंह बिष्ट, आशीष ठाकुर, राजस्व उपनिरीक्षक गौरव बिनवाल, राजस्व उपनिरीक्षक धीरजेश सिंह बिष्ट, देवेंद्र मेहरा और प्रकाश थापा भी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण गैस कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** गैस की किल्लत को लेकर चाहे जिला प्रशासन हो या संबंधित विभाग, सभी कमी न होने का दावा कर रहे हैं। इसके बावजूद भीमताल के ब्लॉक कार्यालय स्थित गैस कार्यालय में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ ग्रामीण जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण की मांग को लेकर चक्कर काटने को मजबूर हैं।

वहीं दूसरी ओर, गैस कार्यालय में मौजूद कर्मचारी कभी केवाईसी तो कभी अन्य कारण बताकर शीघ्र गैस वितरण का भरोसा दे रहे हैं। मालूम हो कि जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत गैस गोदाम से सीधे किसी को भी गैस सिलेंडरों का वितरण नहीं किया जा रहा है। गैस सिलेंडरों का वितरण विभाग द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। इसके बावजूद गैस उपभोक्ताओं की शिकायत है कि मांग के अनुरूप सिलेंडरों का वितरण नहीं हो पा रहा है।

इधर सूर्या गांव, सलड़ी, ढूंगशिल, जंगलिया गांव समेत भीमताल क्षेत्र के कई गांवों के निवासी गैस वितरण की मांग को लेकर गैस कार्यालय पहुंचे। वहीं मल्लीताल बाजार के निवासियों ने भी कई दिनों से उनके क्षेत्र में गैस वितरण न होने की जानकारी दी है। इस संबंध में गैस गोदाम के प्रबंधक जितेंद्र लाल ने बताया कि रोस्टर के अनुसार ही गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है।

### वरिष्ठ पत्रकार नितेश जोशी के निधन पर शोक



**रामनगरः** वरिष्ठ पत्रकार नितेश जोशी (51) का निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत कई संभ्रात लोगों ने शोक व्यक्त किया है। नितेश जोशी ने दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके पुत्र वैभव जोशी ने चिता को मुखाग्नि दी। उनके निधन पर पत्रकारों ने शोक सभा की। वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै, हरीश भट्ट, चंद्रशेखर जोशी, चंचल गोला, गणेश रावत, त्रिलोक रावत, अजीत गोस्वामी, जीवन कुमार, राजू वर्मा, गिरीश पांडे, जफर सैफी, सलीम मलिक, कैलाश सुयाल, विक्की कश्यप, रोहित गोस्वामी, राजीव अग्रवाल, बंटी अरोड़ा, अमित बेलवाल, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, मो. उस्मान, नवीन पोखरियाल, आसिफ इकबाल रहे।

# कब्जाधारियों से जमीन वापस दिलाने की मांग



लाभार्थियों को धनराशि वितरित करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** ग्रामीणों ने एसडीएम बिपिन चंद्र पंत को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमणकारियों से अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार पड़ोस में रहने वाली प्रेमा कर्नाटक और उनके पुत्र देवेन्द्र कर्नाटक ने उक्त भूमि किसी अन्य व्यक्ति को लीज पर दे दी और रिसॉर्ट तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण शुरू करवा दिया। विरोध पर उनके साथ गाली-गलौच और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। एसडीएम बिपिन पंत ने शिकायत पर जांच कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन देने वालों में नरी राम, देवी राम, दया किशन, दुर्गा प्रसाद, भीम फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश राज अम्बेडकर, जिपंस. अरविंद कुमार, मदन चंद्र, जगदीश चंद्र व नंदलाल रहे।

# मतभेद भुला एकजुट हों कार्यकर्ताः भगत

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** भाजपा मंडल कालाढूंगी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नगर के एक निजी बैंक्वेट हॉल में किया गया। शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती का पाठ पढ़ाया गया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बंशीधर भगत ने किया। पहले दिन एवं समापन सत्र में वक्ता रंजन बर्गली, विकास भगत, कमल नयन जोशी, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, राजेन्द्र बिष्ट और कौस्तुभानंद जोशी ने संगठन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक ढांचे, बूथ स्तर पर कार्य विस्तार और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में विशेष रूप से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ाई जाए और आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर आगामी चुनावों के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि भाजपा के हाथों में देश और राज्य सुरक्षित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और जनसेवा की भावना के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। शिविर में संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को प्रेरित किया। मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, भुवन कुमार, कुंदन बसेड़ा, आरती टम्टा, कविता वालिया, महेंद्र दिगारी, कैलाश बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, भगवान कुमटिया, कमल बौरा, ललित कांडपाल, हरीश अटवाल, मोहन खोलिया, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष तथा जिला व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।



प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

**मौसम** | नैनीताल में मौसम का असर, असंतुलित मौसम का सबसे अधिक असर छोटे बच्चों पर पड़ रहा

# बच्चे तेजी से हो रहे बीमार, रोज 40-50 मरीज पहुंच रहे ओपीडी में

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में इन दिनों बदलते मौसम का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। खासकर छोटे बच्चे वायरल बीमारियों की चपेट में तेजी से आ रहे हैं। जिला अस्पताल में रोजाना 40 से 50 बच्चों के ओपीडी में पहुंचने से स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है।

बीते कुछ दिनों में तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखा गया है। सुबह और शाम ठंडक बनी रहती है, जबकि दिन में हल्की गर्मी महसूस हो रही है। इस असंतुलित मौसम का सबसे अधिक असर छोटे बच्चों पर पड़ रहा है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होती है।





बीडी पांडे जिला अस्पताल में लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

### देखभाल में न बरतें लापरवाही

इस मौसम में बच्चों की विशेष देखभाल बेहद जरूरी है। उन्हें ताजा और स्वच्छ भोजन दें, खाने से पहले हाथ धोने की आदत डालें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। साथ ही मौसमी फल और पौष्टिक आहार देने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत की जा सकती है।

### वायरल संक्रमण के मामले अधिक

बीडी पांडे जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र मेर के अनुसार, अस्पताल में आने वाले बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार, डायरिया और अन्य वायरल संक्रमण के मामले प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि रोजाना आने वाले 40 से 50 बच्चों में करीब 40 प्रतिशत बच्चे वायरल संक्रमण से ग्रसित हैं। इनमें अधिकतर बच्चे 5 वर्ष तक की आयु के हैं। डॉ. मेर ने यह भी बताया कि नैनीताल घूमने आए पर्यटकों के बच्चे भी बड़ी संख्या में बीमार पड़ रहे हैं। प्रतिदिन 3 से 4 मामले ऐसे सामने आ रहे हैं, जो बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों के बच्चों के हैं। अचानक बदलते मौसम में बच्चों को खुद को ढालने में दिक्कत होती है, जिससे वे जल्दी बीमार हो जाते हैं।

### पर्यटकों को भी बरतनी होगी सावधानी

नैनीताल घूमने आ रहे पर्यटकों को भी अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम के अनुसार कपड़े पहनाना, ठंडी हवाओं से बचाव करना और खानपान में साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि थोड़ी-सी सावधानी और समय पर इलाज से बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है।

### मौसम बना बीमारी की बड़ी वजह

विशेषज्ञों का मानना है कि दिन और रात के तापमान में अधिक अंतर बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं होता। ठंडी हवाएं और दिन की धूप मिलकर शरीर के तापमान संतुलन को प्रभावित करती हैं, जिससे सर्दी-जुकाम और बुखार जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। डॉक्टरों ने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाइयां न दें। यदि बच्चे को लगातार बुखार, उल्टी, दस्त या कमजोरी के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# मंगोली-बजून में शराब की दुकानें की गईं निरस्त

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** मंगोली और बजून क्षेत्र में शराब की दुकानों के विरोध में चल रहा ग्रामीण महिलाओं का आंदोलन आखिरकार सफल हो गया। लगातार नौ दिनों तक चले धरने के बाद प्रशासन ने विवादित शराब की दुकानों को निरस्त कर दिया, जिसके बाद महिलाओं ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

धरने के दौरान महिलाओं ने उग्र रुख अपनाते हुए आत्मदाह की चेतावनी भी दी थी। सोमवार को प्रशासन की ओर से कोई ठोस जवाब न मिलने पर महिलाओं ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और लंबा जाम लग गया। बढ़ते जनदबाव और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच कर संबंधित शराब की दुकानों को निरस्त करने का निर्णय लिया। मौके पर पहुंचे आबकारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने महिलाओं को लिखित आश्वासन दिया कि खुर्पाताल, मंगोली और बजून क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शराब की दुकान नहीं खोली जाएगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए दुकानों को निरस्त करने के साथ ही उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लिखित आश्वासन मिलने के बाद महिलाओं ने धरना समाप्त कर दिया।

## सिटी ब्रीफ

### संविधान सम्मान रैली में मारपीट का आरोप

**हल्द्वानी :** शहर में रविवार को निकाली गई संविधान सम्मान रैली के दौरान मारपीट की घटना सामने आई है। रैली में शामिल लोगों ने बताया कि उनके एक साथी के साथ दूसरे राज्य में पंजीकृत वाहन में सवार लोगों ने यह वारदात की है। अंबेडकर मिशन प्रचारक सेवानिवृत्त ईई के चंद्रा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि हाइडिल गेट के पास उनके पुत्र और भतीजे स्कूटी से शामिल थे। इस दौरान दूसरे राज्य में पंजीकृत एक वाहन ने रैली में वाहनों को टक्कर मार दी। बताया कि इस दौरान पुलिस भी वहां मौजूद थी। जब वाहन सवारों से इस बात का विरोध किया तो वाहन में सवार सभी लोग नीचे उतरे और उनके पुत्र और भतीजे के साथ मारपीट की। आरोप है कि सभी आरोपियों ने एससी, एसटी विरोधी मानसिकता भी दिखाई है। पुलिस ने मामलो की जांच करना शुरू कर दी है।



उत्तराखंड में इन दिनों रामलीला मंचन के माध्यम से भी महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया जा रहा है। इस संदेश को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से गढ़वाल हो या कुमाऊं क्षेत्र, रामलीला में राम से लेकर रावण हर एक किरदार महिलाएं निभा रही हैं। खास बात है कि यह सभी महिलाएं गृहिणी हैं जो सुबह घर का कामकाज निबटाने के बाद दोपहर से शाम तक मंचन करती हैं। यहां तक कि कई मंच पर तो कई महिलाएं पर्दे के पीछे साज-सज्जा व मंचन की अन्य तैयारियों में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

### पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हल्द्वानी में हो रहा महिला रामलीला का भव्य मंचन

# रामलीला दे रही महिला सशक्तीकरण का संदेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में महिला रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को रामलीला के चतुर्थ वर्ष के षष्ठम दिवस पर सूर्पनखा नासिक छेदन का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मंच पर राम द्वारा लक्ष्मण से कहा गया "मैं तो छोड़ आई लंका का राज, लखन लाल तेरे लिए," संवाद ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जलागम परिषद राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, धरोहर प्रदेश अध्यक्ष विजय भट्ट, सिंथिया स्कूल के प्रबंधक प्रवीण रौतेला तथा संस्था के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। रामलीला में प्रमुख पात्रों की भूमिका में राम के रूप में सुप्रभा, लक्ष्मण के रूप में लक्षिता, सीता के रूप में सौम्या, सूर्पनखा के रूप में पूजा और अदिति, खर-दूषण के रूप में सुमन शाह और नीतू रौतेला, रावण के रूप में गीता तथा मारीच के रूप में ललिता ने अभिनय किया। जोगी रावण की भूमिका नीतू ने निभाई, जबकि मंत्री की भूमिका सौम्या गोस्वामी ने निभाई। रावण की सेना में सोना तिवारी, रंजना, सरिता और जानकी शामिल रहीं। माही और सुजाता महेश्वरी की टीम ने रंगारंग प्रस्तुति दी। वहीं मंच पर वन स्त्री की भूमिका में वैभवी और खुशी ने आकर्षक अभिनय कर दर्शकों का मन मोह लिया।



पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर में आयोजित रामलीला में सूर्पनखा नासिका छेदन का दृश्य।

### रामायण के अनुसार

शूर्पणखा की नाक (नासिका) काटने की घटना महाराष्ट्र के नासिक शहर में पंचवटी के पास हुई थी। इसी घटना के कारण इस शहर का नाम ''नासिक'' पड़ा (संस्कृत में नासिका का अर्थ नाक होता है)। तपोवन क्षेत्र में गोदावरी और कपिला नदी के संगम के पास का वर्णन दर्ज है। प्रसंग है कि वनवास के दौरान शूर्पणखा भगवान राम और लक्ष्मण के रूप पर मोहित हो गई थी। जब दोनों भाइयों ने उसके विवाह प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, तो वह क्रोधित होकर माता सीता पर आक्रमण करने के लिए झपटी। सीता जी की रक्षा के लिए लक्ष्मण जी ने शूर्पणखा की नाक और कान काट दिए।

# 44 किमी नई पाइपलाइन बिछाने का काम प्रारंभ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर की बढ़ती आबादी और हर साल गर्मियों में गहराते जल संकट को देखते हुए जल निगम ने हल्द्वानी रेलवे से नई पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है, जिससे आने वाले समय में शहरवासियों को स्वच्छ और नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

इस योजना के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में कुल 44 किमी लंबी नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। परियोजना के पहले चरण में हल्द्वानी रेवले स्टेशन से पानी की लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया है। इसके बाद तिकौनिया, राजपुरा, मंडी के समीपवर्ती क्षेत्रों और रामपुर रोड पर भी पाइपलाइन बिछाने का काम तेजी से किया जाएगा। पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण होते ही नए फिल्टर प्लांट के निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। वहीं जल निगम के ईई अशोक कटारिया ने बताया कि 44 किलोमीटर की नई पाइपलाइन और फिल्टर प्लांट के निर्माण से शहर की पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा।

### किल्लत होगी दूर

**हल्द्वानी :** वर्तमान में शहर में गर्मी में पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। रामपुर रोड और राजपुरा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लो-प्रेशर की समस्या आम है। अधिकारियों का कहना है कि यह प्रोजेक्ट पूरा होते ही इन क्षेत्रों में पानी का दबाव सुधरेगा और नियमित सप्लाई से लोगों को राहत मिलेगी।

# सुरक्षा गार्ड की निगरानी में ही जंगलों में चारा-लकड़ी लेने जाएं लोग : सांसद भट्ट

### सांसद ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए वन विभाग को दिए सुझाव, कहा- जल्द लाया जाए अमल में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनपद नैनीताल में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम के लिए सांसद अजय भट्ट ने वन, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक की। इसमें सभी ने टकराव की रोकथाम के लिए सुझाव दिए।

सोमवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार में हुई बैठक में सांसद भट्ट ने कहा कि वन्यजीवों की ओर से मानव के जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। इस बाबत जिला प्रशासन, वन विभाग योजनाबद्ध ढंग से काम करें ताकि इन घटनाओं को न्यून किया जा सके। उन्होंने वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, विशेषकर यह अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर हो ताकि लोग जागरूक हो सकें।

जो क्षेत्र मानव-वन्यजीव टकराव से संवेदनशील है उन क्षेत्रों में पशुओं के लिए चारे का प्रबंध किया जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में झाड़ियों का कटान नियमित किया जाए। जो लोग जंगल में पशुओं के चारे के लिए जाते हैं वे समूह में जाए। उन्होंने कहा कि वनों में जाने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए गार्ड की नियुक्ति की जाएगी, यह नियुक्तियां वन विभाग के माध्यम से की जाएंगी।

इस अवसर पर वन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने मानव वन्यजीव टकराव की रोकथाम के लिए सुझाव दिए। सांसद ने मुख्य वन संरक्षक को निर्देश दिए कि जनपद में जो गांव जंगलों के निकट हैं, उन क्षेत्रों में सोलर लाईट, झाडी कटान, चारा वितरण करें तथा लोगों को जागरूक करें। पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों के आसपास झाड़ी कटान हो, ग्रामीणों को जलौनी लकड़ी मुहैया कराई जाए। यदि वन्यजीव दिखाई दें उन क्षेत्रों में प्रो-एक्टिव होकर पिंजड़ा, कैमरा आदि लगाये जाएं ताकि वन्यजीव की कोई घटना नहीं हो।

कुमाऊं की मुख्य वन संरक्षक डॉ. तेजस्विनी पाटिल ने कहा कि वन महकमा निरंतर मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास कर रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों मे कार्यशालाओं के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में इस अभियान को तेज किया जाएगा। साथ ही वन आच्छादित गांवों में लोगों को चारा, जलौनी लकड़ी तात्कालिक तौर पर उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद नैनीताल में पिछले वर्ष 2025 में वन्य जीवों एवं सर्पदंश से 27 लोगों को अपनी जांन गवानी पड़ी। वन विभाग ने इनके परिजनों को नियमानुसार आर्थिक मदद दी है।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि जनपद में जहां भी मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं हो रही हैं, वहां जिला प्रशासन की ओर से तात्कालिक तौर पर चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के साथ ही सहायता राशि भी शीघ्र प्रदान की जा रही है। वन आच्छिादित क्षेत्रों मे सोलर लाईट, सोलर फेंसिंग भी लगाई जा रही है। इस दौरान लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, मेयर गजराज बिष्ट, भीमताल ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट, सीएफ नीतीश मणि त्रिपाठी, डीएफओ हिमांशु बागरी, कुन्दन कुमार, यूसी तिवारी, प्रकाश आर्य, ध्रुव सिंह मर्तोलिया, आकाश गंगवार, एडीएम विवेक राय आदि मौजूद रहे।



मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर हुई बैठक में मौजूद सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज, डीएम ललित रयाल, ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट व अन्य।



डीएफओ कार्यालय परिसर में धरने के दौरान मौजूद बागजाला के ग्रामीण। ● अमृत विचार

# विकास कार्यों को लेकर दिया बागजाला के ग्रामीणों ने धरना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के बैनर तले सोमवार को तराई पूर्वी वन प्रभाग कार्यालय के बाहर ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने वन विभाग पर बागजाला गांव के विकास कार्यों में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए अवरोध खत्म करते हुए लंबित योजनाओं को तत्काल स्वीकृति देने की मांग उठाई।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि बागजाला के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन, सड़क मरम्मत, नए निर्माण और नहरों की मरम्मत जैसी योजनाएं बजट स्वीकृत होने के बावजूद वन विभाग की अनुमति न मिलने से अटकी पड़ी हैं। बताया कि 100 दिन के धरना आंदोलन के बाद बीते साल 24 नवंबर को तत्कालीन एसडीएम की मध्यस्थता में समझौता हुआ था, जिसमें वन विभाग के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इसके बावजूद विकास कार्य अटके पड़े हैं। किसान नेता बहादुर सिंह जंगी और कमेटी की अध्यक्ष डॉ. उर्मिला रैस्वाल ने वन विभाग के रवैये को जनविरोधी बताया। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। डीएफओ ने मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ. कैलाश पांडे, वेद प्रकाश, विमला रौथाण, पंकज चौहान, विमला आर्य, ललित मटियाली, हेमा देवी, गणेश राम, मीना भट्ट, प्रेम सिंह नयाल, मो. सुलेमान मलिक आदि मौजूद रहे।



क्लब अध्यक्ष और सदस्यों के साथ डॉ. सुरुचि सक्सेना।। ● अमृत विचार

### इनर व्हील क्लब की मंडलाध्यक्ष का वार्षिक दौरा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट 311 की मंडलाध्यक्ष डॉ. सुरुचि सक्सेना ने सोमवार को इनर व्हील क्लब हल्द्वानी और राइजिंग स्टार्स हल्द्वानी के वार्षिक कार्यों की समीक्षा हेतु शहर का दौरा किया। मंडलाध्यक्ष ने क्लबों की ओर से किए गए सामाजिक कार्यों की जमकर प्रशंसा की। रामपुर रोड स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष मधुर अग्रवाल और सीमा गोयल ने किया। इस दौरान दीपा तिवारी ने मंडलाध्यक्ष का परिचय दिया, जबकि सचिव निवेदिता पांडे व शिखा अग्रवाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष शशि खंडेलवाल और वंदना अग्रवाल ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा। कामायनी पंत व भूमिका अग्रवाल ने संचालन किया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री डॉ. नीलू मिश्रा, एडिटर प्राची अग्रवाल, लिली सिंह, अमिता मेहरा, सुशीला भाकुनी और रितु त्यागी आदि मौजूद रहे।

# पहाड़ी आर्मी ने किया विरोध-प्रदर्शन

- सरकार की नीतियों को बताया जनविरोधी
- मनमाने तरीके से बढ़ रही स्कूलों की फीस पर भी जताया आक्रोश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** पहाड़ी आर्मी के नगर अध्यक्ष फौजी भुवन चंद्र पांडे के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। सोमवार को बुद्ध पार्क में प्रदर्शनकारियों ने गैस सिलेंडर की कमी, यूसीसी के कुछ प्रावधानों, शंकराचार्य व बाल बटुक के अपमान और महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर मुद्दों पर रोष व्यक्त किया।

भुवन पांडे ने घोषणा की कि वे इन मुद्दों को लेकर 2027 के विधानसभा चुनावों में जनता के बीच जाएंगे। धरने में जिला अध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल ने स्कूलों की बढ़ती फीस और लचर स्वास्थ्य-शिक्षा नीति पर सवाल उठाए। महिला जिला अध्यक्ष प्रेमा मेर और सुनीता ने बेटियों को न्याय न मिल पाने पर सरकार को घेरा।

वहीं, कविता जीना ने भीमताल प्रकरण का जिक्र करते हुए जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों पर सरकार की संवेदनहीनता की आलोचना की।

संगठन सचिव नीमा भट्ट ने सरकारी स्कूलों के प्रति सरकार के सौतेले व्यवहार और दीपा बोरा ने अतिक्रमण पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का विरोध किया। प्रदर्शन में गीता चंदोला, प्रदीप रौतेला, मोहन बोरा और हरेंद्र राणा आदि लोग मौजूद रहे।



जनता के मुद्दों को लेकर बुधपार्क में नारेबाजी करते पहाड़ी आर्मी के सदस्य। ● अमृत विचार

### सफाई व्यवस्था को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के प्राचार्य को स्वच्छता संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कक्षाओं की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि कक्षाओं में सामान्य सफाई तो की जा रही है, लेकिन सीटों पर जमी धूल की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यतिन पांडे के नेतृत्व में ज्ञापन देते हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मांग की कि कक्षाओं की सफाई सही तरीके से की जाए। समस्या का समाधान शीघ्र नहीं होने पर परिषद के कार्यकर्ता स्वयं कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाने के लिए बाध्य होंगे। धीरज बिष्ट, श्रेया पांडे, बॉबी सिंह, हर्षित बिष्ट, मुस्कान भंडारी, महक भंडारी, मुस्कान, नितिन पांडे और मनोज फुलारा उपस्थित रहे।



उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### सुभाष अध्यक्ष, महेश व विवेक बने उपाध्यक्ष

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की हल्द्वानी शाखा की कार्यकारिणी के चुनाव सोमवार को रोडवेज स्टेशन में संपन्न हुए। चुनाव में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। नई कार्यकारिणी में सुभाष बेलवाल को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर महेश दफौटी और विवेक कुमार निर्वाचित हुए। संगठन में अन्य प्रमुख पदों पर भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मंत्री पद पर कुसुम गौड़ और संगठन मंत्री के रूप में राजेश दुम्का का चयन हुआ। कोषाध्यक्ष गौरव जोशी, सम्प्रेषक गिरीश विरखानी, कार्यकारिणी सदस्यों में निर्मल सिंह, जितेंद्र राणा, पंकज दुम्का, रवि पालीवाल और मोहम्मद इमरान को शामिल किया गया है। क्षेत्रीय सदस्यों के रूप में रामप्रीत यादव, बालमुकुंद, नवनीत कपिल और मीना जोशी चुने गए। संघ ने विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में रमेश पांडे और प्रेम दुम्का को भी शामिल किया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

**कार्यक्रम** भाजपा का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना

# कार्यकर्ताओं ने भाजपा को बनाया विश्व का सबसे बड़ा संगठन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संगठन को शीर्ष से बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

शुभारंभ सांसद अजय भट्ट और जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने पार्टी ध्वज फहराकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के साथ कई राज्यों में भी भाजपा की मजबूत स्थिति कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत का विश्वास जताया। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा ने अपने मूल संगठन भारतीय जनसंघ के विचारों पर चलते हुए देशहित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 हटाने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे कार्य संभव हुए हैं। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भीमताल में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मिष्ठान वितरण।

### भीमताल में किया गया मिष्ठान वितरण

**भीमताल :** भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मंत्री मनोज भट्ट ने अपने कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री कमलेश रावत, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गौतम मटियाली, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री रिहान खान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी भगत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### भाजपा नैनीताल मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**नैनीताल :** भाजपा नैनीताल मंडल में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए 2027 के चुनाव के लिए अभी से जुटने का आह्वान किया। दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने संगठन में अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला, जबकि मनोज जोशी ने निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन मोहित शाह ने किया। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

# क्रिकेट लीग में नैनीताल टिहरी व हरिद्वार की जीत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड और जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग अंतर जिला क्रिकेट लीग में सोमवार को तीन मुकाबले खेले गए, जिनमें नैनीताल, टिहरी और हरिद्वार ने जीत दर्ज की।

पहले मुकाबले में जीएनजी क्रिकेट मैदान में चम्पावत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 279 रन बनाए। जवाब में नैनीताल ने 42वें ओवर में 3 विकेट खोकर 280 रन बनाते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की। लक्ष्य राय चंदानी ने नाबाद 144 और रक्षित डालाकोटी ने नाबाद 104 रन बनाए। लक्ष्य राय चंदानी मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मुकाबले में एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में टिहरी ने बागेश्वर को 168 रन पर समेट दिया और 32वें ओवर में 2 विकेट पर 172 रन बनाकर 8 विकेट से जीत हासिल की। लक्ष्य सिंह (63) और आशुतोष (59) ने अहम योगदान दिया। आदित्य सेमवाल मैन ऑफ द मैच बने। तीसरे मुकाबले में कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुवा में हरिद्वार ने अल्मोड़ा को 147 रन पर रोककर 25वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की।

### केसीसी गौलापार ने दर्ज की जीत, वॉरियर्स हारे

**हल्द्वानीः** हल्द्वानी कॉर्पोरेट कप सीजन वन में सोमवार को केसीसी गौलापार ने वॉरियर्स को 69 रनों से हराया। गौलापार ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 203 रन बनाए।

दीपक पांडे ने 29 गेंदों में 45 और धीरेंद्र सिंह ने 28 गेंदों में 44 रन बनाए, दीपक कुमार ने 15 गेंदों में 25 रन जोड़कर टीम को 200 पार पहुंचाया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वॉरियर्स 134 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज निकलेश बिष्ट शून्य पर आउट हुए, जबकि अंकित मेहरा (43) और बीएस रावत (33) ने संघर्ष किया। गौलापार की गेंदबाजी ने जीत में अहम भूमिका निभाई, मनोज बोहरा ने 2 विकेट लिए और कप्तान गजेंद्र बजवाल ने भी 2 विकेट चटकाए। अमित, दीपक व पीयूष तिवारी ने 1-1 सफलता हासिल की।

## सिटी ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला चालक का शव

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में सोमवार सुबह एक कंटेनर चालक का शव गाड़ी के अंदर मिला है। मृतक की पहचान रवि कुमार, निवासी अंबाला (हरियाणा) के रूप में हुई है। वह रविवार शाम को अंबाला से माल लेकर रुद्रपुर आया था। जानकारी के अनुसार, रवि रात का खाना खाकर अपने कंटेनर में ही सो गया था। सोमवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठा, तो कर्मियों ने उसे बेसुध पाया। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मेडिकल स्टोर स्वामियों को दिए निर्देश

**दिनेशपुर :** जिले के वरिष्ठ औषधि निरीक्षक ने क्षेत्र के तमाम मेडिकल स्टोर स्वामियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इस दौरान मेडिकल एसोसिएशन ने अधिकारियों का स्वागत किया। सोमवार को औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला व निधि नगर पहुंचे। उन्होंने मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले क्षेत्र के मेडिकल स्टोर स्वामियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में ड्रग एवं कॉस्मेटिक नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अध्यक्ष विकास सरकार, मयंक अग्रवाल, तरुण यादव, डॉ रमेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# स्पा सेंटर थे देह व्यापार के अड्डे, पुलिस ने किया भंडाफोड़

## पुलिस ने मारे छापे, 11 आरोपी गिरफ्तार व 19 महिलाएं रेस्क्यू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर पुलिस ने रविवार देर शाम शहर के कई स्पा पार्लर सेंटरों पर एक साथ छापेमारी कर अनैतिक देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। एसएसपी अजय गणपति कुंभार के निर्देशन में थाना पंतनगर, कोतवाली रुद्रपुर और थाना ट्रांजिट कैंप की टीमों ने मेट्रोपोलिस मॉल, फ्लाईओवर और नैनीताल हाईवे स्थित केंद्रों पर "फिल्मी स्टाइल" में यह कार्रवाई की।

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कुल 11 अभियुक्तों (गौरव साहू, सूरज राठौर, अरशद खान, रोहित छाबड़ा, शानू, आदिल, अमित कुमार, आसिम अहमद, नासिर अहमद और मोहित कुमार) को गिरफ्तार किया है।

छापेमारी के दौरान विभिन्न सेंटरों से 19 महिलाओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया और उन्हें नारी निकेतन भेज दिया गया है। पुलिस की भारी दबिश देख कई संचालक मौके से फरार हो गए, जिनमें मोहम्मद शकील और गुरमीत सिंह उर्फ गोपी की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।



छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपी।

### इन स्पा सेंटर पर हुई पुलिस कार्रवाई

**रुद्रपुर :** रविवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की चपेट में मेट्रोपोलिस मॉल स्थित द थाई यूनिसेक्स स्पा, डायमंड स्पा, द ग्रीन वैली स्पा, फ्लाईओवर काशीपुर रोड स्थित वाइट लोटस, भूरारानी रोड स्थित पिंक डायमंड स्पा सेंटर का नाम सामने आया। जांच में यह भी पता चला है कि जैसे ही ग्राहक स्पा सेंटर पर आता है तो उस का नाम रजिस्टर में दर्ज नहीं किया जाता है। जिसमें एक स्पा संचालक ने दिसंबर 2025 तक रजिस्टर में कोई भी एंट्री नहीं की। वहीं फर्जी आईडी के आधार पर भी कमरे दिए गए। जिसको लेकर पुलिस टीम ने काउंटर के रजिस्टर को भी जब्त कर लिया है और स्पा संचालक के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। फिलहाल पुलिस ने कई लोगों पर चालानी कार्रवाई कर हिदायत देकर छोड़ दिया है, लेकिन आदत जिस्मफरोशी का धंधा संचालित करने को चिह्नित करना शुरू कर दिया।

## 1000 में बिकती आबरू, हिस्सा मिलता है मात्र 200

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आधुनिकता के दौर में जिस्मफरोशी के धंधे को आधुनिक नाम देकर स्पा पार्लर सेंटर तो रख दिया है, लेकिन इस जिस्मफरोशी के धंधे की दास्ता भी बेहद घिनौनी निकली। जहां एक बेबस युवती या महिला को चंद रुपयों का लालच देकर अपनी आबरू को बेचने का सौदा किया जाता है। वहीं ग्राहकों से मोटी रकम की वसूली स्पा संचालक करता है। इसका आभास तब हुआ जब पुलिस ने स्पा सेंटर से रेस्क्यू की गई युवतियों और महिलाओं से पूछताछ की।

रविवार को जब पुलिस की टीमों ने मेट्रोपोलिस मॉल स्थित स्पा सेंटर, आवास विकास और फ्लाईओवर के नीचे बने स्पा सेंटर पर दबिश दी तो वहां 19 महिलाएं संदिग्ध अवस्था में पाई गई और जब पुलिस ने पूछताछ की। कुछ महिलाओं का कहना था कि स्पा संचालक गिरोह एक बड़ा नेटवर्क है। जिसके गुर्गे उन युवतियों और महिलाओं को चिह्नित करते हैं जो नौकरी की तलाश करती हो या फिर जिसकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो।

पूछताछ में नाम बताने की शर्त में एक युवती का कहना था कि वह अति दुर्गम इलाके की रहने वाली है और सिडकुल में नौकरी की तलाश कर रही थी कि स्पा सेंटर का दलाल उसे मिला और स्पा सेंटर में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आश्वासन दिया कि मसाज करने का काम होगा और हर व्यक्ति पर कमीशन भी मिलेगी। जब वह सेंटर पहुंची तो संचालक द्वारा देह व्यापार का दबाव बनाया और मोटी रकम देने का प्रलोभन दिया और वह जिस्मफरोशी के धंधे में चले गई। वहीं दिनेशपुर की रहने वाली एक महिला का कहना था कि उसका पति छोड़कर चला गया और तीन बच्चों का भरण पोषण नहीं हो पाता था। फिर दलाल ने लालच दिया कि मोटी रकम कमानी है तो जिस्मफरोशी का धंधा बेहतर है। महिलाओं ने बताया कि मसाज के 1000 रुपये लिए जाते हैं, लेकिन काउंटर पर बैठा दलाल ग्राहक से बातचीत कर दो हजार रुपये लेता है और एक हजार आबरू बेचने का दाम तय होता है। जिसमें से महज दो सौ रुपये ही उन्हें मिलते हैं। 800 रुपये दलाल और संचालक आपस में बांट लेते हैं। इंकार करने पर स्पा संचालक उनकी अश्लील वीडियो बनाकर बदनाम करने की धमकी भी देता है। ऐसी कई घिनौनी कहानियां पीड़ित महिलाओं ने पुलिस को अपने बयान में बया की है।

### ताला काटकर निकाली गईं युवतियां

**रुद्रपुर :** मेट्रोपोलिस के स्पा सेंटर पर जैसे ही पुलिस ने दबिश दी तो स्पा संचालक मुख्य गेट का ताला लगाकर चोर रास्तों से फरार हो गए। पहले तो पुलिस भ्रमित हुई, लेकिन जब अंदर से सुगबुगाहट की आवाज आने लगी। पुलिस को संदेह हुआ। स्पा सेंटर संचालक का फोन बंद होने के कारण तहसीलदार दिनेश कुटोला और एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी को मौके पर बुलाया गया और वीडियोग्राफी करते हुए गैस कटर से ताले को काटा गया। कई स्पा सेंटर के अंदर से नौ महिलाएं-युवतियां और कई ग्राहकों को बाहर निकाला गया।

### मुखबिर को ग्राहक बनाकर भेजा स्पा

**रुद्रपुर :** सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस को पिछले कई दिनों स्पा सेंटर में जिस्मफरोशी का धंधा होने की शिकायतें मिल रही थी, लेकिन सटीक जानकारी जुटाना अहम था। जिसको लेकर पहले मुखबिर को चर्चित स्पा पार्लर सेंटर भेजा गया और फिर पुलिस कर्मी सादी वर्दी पहन कर स्पा सेंटर को चिह्नित कर चुके थे। यह भी जानकारी मिली कि चिह्नित स्पा सेंटर पर रविवार के दिन ज्यादा भीड़ रहती है और जिस्मफरोशी का धंधा पूरी रात चलता है। जिसको लेकर पुलिस टीम चौकन्नी हो चुकी थी और जैसे ही मुखबिर ने रविवार की रात्रि सवा दस बजे सटीक जानकारी दी तो ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई शुरू हुई। मसाज की आड़ में जिस्मफरोशी का धंधा करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण

- पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर जनपद के रुद्रपुर ब्लॉक में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित विशेष निरीक्षण टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने आठ प्रमुख अल्ट्रासाउंड और डायग्नोस्टिक केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.केके अग्रवाल के निर्देश पर प्रभारी नायब तहसीलदार राधे श्याम राणा के नेतृत्व में राजस्व विभाग से लेखपाल विक्रम सिंह, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नम्रता त्रिपाठी, जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी प्रदीप महर और अधिशासी सहायक गोपाल आर्य समेत अन्य कर्मचारियों ने कई केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने रिदम इकोकार्डियो सेंटर, थिंड पशु चिकित्सालय, सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, जीवनदीप हॉस्पिटल, सुरभि हॉस्पिटल, सुरभि आईवीएफ सेंटर, वाहेगुरु अल्ट्रासाउंड केंद्र, रुद्र अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया।

टीम ने निरीक्षण के दौरान केंद्रों के अभिलेखों और कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की। हालांकि इस दौरान किसी केंद्र में कोई खामियां नहीं मिली। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. त्रिपाठी ने केंद्र संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे तकनीकी खामियों को तुरंत सुधारें और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। किसी भी केंद्र पर अवैध रूप से भ्रूण के लिंग का निर्धारण पाए जाने पर संबंधित संस्थान का पंजीकरण तत्काल निरस्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.केके अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



रुद्रपुर के एक केंद्र में जानकारी लेतीं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नम्रता त्रिपाठी।

# कार में गांजे की तस्करी करने का आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस-एएनटीएफ ने चेकिंग के दौरान माफिया को दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** चौकी बगवाड़ा और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो लग्जरी कार में गांजा सप्लाई का धंधा चलाता था। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 2.58 किलोग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

5 अप्रैल की शाम को बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल और एएनटीएफ की टीम बगवाड़ा मंडी गेट पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस बीच अचानक रुद्रपुर से किच्छा आती हुई दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने पीछा कर घेराबंदी कर कार चालक को दबोच लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम भोला साहनी निवासी सुभाष कॉलोनी बताया। तलाशी लेने पर गाड़ी की पिछली सीट के नीचे से पनिया बरामद हुई।

जांच में पाया गया पन्नियों में गांजा है। जिसका वजन 2.58 किलोग्राम है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह डेढ़ साल से गांजा तस्करी का धंधा करता है और गांजा महतोष गदरपुर से खरीद कर बगवाड़ा भट्टा की रहने वाली सुनीता देवी को सप्लाई करता है। महिला ही महंगे दामों पर गांजा की पुड़िया बनाकर नशेड़ियों को मुहैया कराती है। अभियुक्त का कहना था कि वह लग्जरी कार से गांजा की सप्लाई इसलिए करता है कि पुलिस को कार संचालक पर संदेह नहीं होता है।

# रम्पुरा में निकली हिन्दू शौर्य यात्रा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रम्पुरा में हिंदू शौर्य यात्रा का आयोजन हुआ। इसमें हजारों लोगों ने यात्रा में प्रतिभाग किया। यात्रा में युवाओं, महिलाओं ने भगवा झंडे को लेकर जय श्री राम, गर्व से कहो हम हिन्दू हैं के नारों के साथ प्रमुख मार्गों से यात्रा निकाली गयी। यात्रा दुर्गा मंदिर से होते हुए कटोरी मंदिर, काली मंदिर, गुरुद्वारा रोड से सनशाइन स्कूल होकर शिव मंदिर चौरासी घंटा मंदिर में संपन्न हुई।

सोमवार को रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में यात्रा रम्पुरा दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई। यहां विधायक अरोरा ने दुर्गा माई के चरणों में नमन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद यात्रा प्रारंभ हुई। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि रम्पुरा जो धार्मिक आयोजन व हिंदुत्व के कार्यों मे बढ़-चढ़कर भाग लेता आया है। वहीं आज इस शौर्य सम्मान यात्रा में जिस प्रकार जनसमूह नजर आ रहा है जो यह बताता है रम्पुरा की जनता सनातन को प्रेम करने वाली है। हिंदुत्व के लिए समर्पित रहती है और धर्म की रक्षा में सदैव आगे निकल के आती है। विधायक अरोरा ने कहा कि रम्पुरा से उनका विशेष लगाव है। वह यहां के हर व्यक्ति के सुख दुःख में सदैव खड़े नजर आये हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, बिट्टू शर्मा, प्रीत ग्रोवर, गिरीश पाल, चंद्रसेन चंदा, महेश कोली, गजेंद्र प्रजापति, जितेंद संधू, राजेश गुप्ता, जितेंद हुंडल, किशन कोली, राज कोली, मोहित कोली, रवि, वीरू, राजू श्रीवास्तव, गुन्नू चौधरी, बिट्टू मिश्रा, विक्की वाल्मीकि, नमन चावला, सौरभ गुप्ता, संतोष गुप्ता, संतोष पाल, मोहित पांडा, शिवकरण, सुदामा कोली, चंद्रपाल कोली, अर्चना राय, ममता श्रीवास्तव, सुनील बाल्मीकि, मोर सिंह मौजूद रहे।




रम्पुरा में हिंदू शौर्य यात्रा में शामिल विधायक शिव अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

- विधायक अरोरा बोले-रम्पुरा से रहा उनका विशेष लगाव



नये पदाधिकारियों के साथ समिति के प्रदेश अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### बंगाली कल्याण समिति का विस्तार, अर्जुन बने महानगर अध्यक्ष और विश्वजीत सचिव

**रुद्रपुर :** बंगाली समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक हितों को मजबूत करने के उद्देश्य से बंगाली कल्याण समिति उत्तराखंड की रुद्रपुर महानगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से अर्जुन विश्वास को रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष और विश्वजीत विश्वास को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोमवार को रुद्रपुर स्थित सिटी क्लब में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस दौरान रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर असीत बाला और विनय विश्वास, उपाध्यक्ष पद पर दीप प्रकाश, रविन विश्वास और भानदार सरकार को मनोनीत किया गया। अमल मंडल और संजय हालदार को उपसचिव, कृष्णा सरकार को कोषाध्यक्ष, नवकुमार साना, अनुप देवनाथ और परितोष भेडल को संगठन सचिव बनाया गया है। साथ ही जगदीश दास और गौरांग दास को सूचना प्रभारी, जबकि विक्की और विकास गाइन को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने कहा कि समिति का उद्देश्य बंगाली समाज को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं, सामाजिक मुद्दों और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देना है। जल्द ही जिला कमेटी, विभिन्न क्षेत्रों में महानगर टीम और महिला कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा।

# संस्कार भारती के अध्यक्ष बने चौधरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** संपूर्ण कार्यकारिणी संस्कार भारती की रुद्रपुर इकाई कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। जिसमें चौधरी हरवीर सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, अधिवक्ता नरेंद्र बंसल को सचिव और दीपक कटारिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

सिटी क्लब में संस्कारी भारती के कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ.गिरिश चंद्र शर्मा और विमल मेहरा की मौजूदगी में बैठक प्रारंभ हुई। जहां सर्वसम्मति से चौधरी हरबीर सिंह को अध्यक्ष, अधिवक्ता नरेंद्र बंसल को सचिव, कोषाध्यक्ष दीपक कटारिया और मीडिया प्रभारी अधिवक्ता मनीष मित्तल को बनाया गया। मनीष खनिजों, संदीप राव, प्रमोद यादव, शालिनी गोयल, रवि अग्रवाल को उपाध्यक्ष, उमा पांडे को उपसचिव, विजय कक्कड़ को सह कोषाध्यक्ष, शैली बंसल व मनीष खनिजो को सर्व विद्या प्रमुख को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा विद्या संयोजक के लिए दीप्ति को नृत्य, रेनू जुनेजा को रंगोली, अंशुल टंडन को मार्शल आर्ट, सुजीता नारंग को संगीत, सुषमा अग्रवाल, अलका बिश्नोई, डॉ.दीपा जोशी को महिला संरक्षिका, पवन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, रामजी मौर्य, अशोक मित्तल, ताराचंद्र अग्रवाल, राजेश श्यामपुरिया, अरुण अग्रवाल, राजकुमार बिंदल, राजकुमार फुटेला, विनोद फोगाट, कुशल अग्रवाल को संरक्षक बनाया गया।



संस्कार भारती रुद्रपुर की नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत करते लोग।

## सैलून की दुकान में हजारों की चोरी

**रुद्रपुरः** एक बार फिर पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने फ्लाईओवर के नीचे स्थित एक सैलून पर धावा बोलकर सोने की चेन और हजारों रुपये की नगदी चोरी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस और व्यापारी नेताओं ने मौका मुआयना किया। लालपुर के रहने वाले मोहम्मद फुरकान सलमानी की काशीपुर फ्लाईओवर के नीचे मॉडल कॉलोनी में न्यू अट्रेक्शन यूनिसेक्स सैलून की दुकान है। रोजमर्रा की भांति सैलून स्वामी ने काम पूरा कर रविवार की रात्रि दुकान बंद की थी और सोमवार की सुबह 9 बजे आकर देखा कि दुकान के ताले टूटे पड़े हैं और शीशा भी चकनाचूर है। पड़ताल करने पर पाया कि गल्ले में रखी तीन तोले सोने की चेन और 60 हजार की नगदी गायब है।

# 192 नशीले कैप्सूल के साथ सौदागर गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान नशीली दवाइयों को बेचने वाले एक सौदागर को गिरफ्तार कर बड़ी संख्या में दवाइयों की खेप भी बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

5 अप्रैल की रात्रि कोतवाली दरोगा धीरज टम्टा अपनी टीम के साथ किच्छा बाईपास मार्ग पर रात्रि गश्त कर रहे थे। इस बीच तेज कदमों के साथ एक युवक जाता हुआ दिखाई दिया। संदेह होने पर युवक एफएसएल लैब की तरफ भागा तो पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में अभियुक्त अपना नाम शारिक अहमद निवासी छिगी कुरैया किच्छा बताया।

तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 192 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद हुए। जिसकी जांच करने पर पाया कि कैप्सूल में 73.92 ग्राम स्वापक औषधि है और जिस कंपनी की दवाइयां बरामद हुई है। उसकी बिक्री या प्रयोग करना प्रतिबंधित है। अक्सर इन दवाइयों का प्रयोग युवक नशे के लिए करते हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह बरेली या फिर मुरादाबाद से प्रतिबंधित दवाइयों की खेप आती है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का एक भवन भूखण्ड चक सं. 305 के जोतबन्दी आकार पत्र 23 के पार्ट 1, खसरा सं. 248, रकबा पैमाइशी 30x50 फिट यानि 140 वर्गमीटर स्थित है, जो कि प्रार्थी ने किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर निवासी मोनिका सिंघल पुत्र अनुमान प्रसाद से क्रय की है जिसका रजिस्ट्री बैनामा प्रार्थी के पास है। तथा उक्त भूखण्ड मोनिका सिंघल ने गीता देवी पत्नी दिवाकर प्रसाद तिवारी एवं गीता देवी ने उक्त भूखण्ड रमन कुमार पुत्र मोहन लाल से क्रय की थी। जिसका पंजीकृत बैनामा खसरा सं. 248 मि. रकबा 140 स्कवायर मीटर, दिनांक 28-01-1998 को बही नं. 1, जिल्द 11 के पृष्ठ 301 से 322 पर क्रमांक 65 पर रजिस्ट्रीकरण किया गया है। जिसका मूल रजिस्ट्री बैनामा वास्तव में गुम हो गया है और काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। बलवीर सिंह व हरविन्दर सिंह पुत्रगण जागीर सिंह, निवासीगण वार्ड नं.-03, निकट आर्य समाज मंदिर, किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम GOURI CHAND गलत अंकित है। जबकि सही नाम GAURI CHAND अपने अभिलेखों में दर्ज करना चाहता हूं। आर्मी नंबर- 4203337 W हवलदार बीरेन्द्र चन्द रजवार, ग्राम-नौगवाठग्गू, खटीमा, उधम सिंह नगर।

**पहल** — समझौते का उद्देश्य उद्यानिकी एवं संबंधित विषयों में दोनों संस्थानों के बीच सहयोगात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना

# जीबी पंत विवि और पड्र्यू विवि के बीच आशय पत्र पर हुए हस्ताक्षर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर और पड्र्यू विश्वविद्यालय अमेरिका के बीच शिक्षा, अनुसंधान एवं शैक्षणिक आदान प्रदान में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते का उद्देश्य उद्यानिकी एवं संबंधित विषयों में दोनों संस्थानों के बीच सहयोगात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है।

सोमवार को आशय पत्र पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान, कुलसचिव डॉ.दीपा विनय, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं, निदेशकों एवं संकाय सदस्यों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से आदान प्रदान किया गया। यह आशय पत्र पड्र्यू विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एवं उद्यानिकी तथा लैंडस्केप आर्किटेक्चर विभाग और गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, उद्यानिकी विभाग एवं सब्जी विज्ञान विभाग के बीच संपादित किया गया है।

कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों एवं वैज्ञानिकों के लिए वैश्विक खुलासे के नए अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह आशय पत्र पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगा।



आशय पत्र के साथ पंत विवि के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।

### जीबी पंत विवि में 37वां दीक्षांत समारोह आज, मुख्य अतिथि राज्यपाल होंगे

**रुद्रपुर :** पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 37वें दीक्षांत समारोह में उत्तराखंड के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे और समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सांसद अजय भट्ट भी मौजूद रहेंगे। मंगलवार को सुबह 11 बजे से गांधी हाल में प्रारंभ होने वाले दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति 1395 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर एक सर्वोत्तम विद्यार्थी को कुलाधिपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कुलपति के 13 स्वर्ण पदक 12 रजत पदक एवं 10 कांस्य पदक भी विभिन्न विषय के सर्वोत्तम स्नातकों को प्रदान किए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए एक-एक विद्यार्थी को सरस्वती पांडा अवार्ड, नागम्मा शांताबाई अवार्ड, डॉ.राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड, दो विद्यार्थी को चौधरी चरण सिंह मेमोरियल इंटेलेक्च्यूअल अवार्ड एवं पूरण आनंद अदलखा अवार्ड, दो विद्यार्थी को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत अवार्ड से विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उपाधि व पदक प्रदान करने की प्रक्रिया के बाद कुलाधिपति ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दीक्षा भाषण से संबोधित किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रबंध परिषद एवं विद्वत परिषद् के सदस्य विद्वत शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे। समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।



कुलपति की अध्यक्षता में फुल ड्रेस रिहर्सल करता विद्वत शोभा मंडल।

ब्रीफ न्यूज

### बाबा साहब की जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**खटीमा :** संविधान के महानायक, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रही है। क्षेत्र के प्रबुद्ध समाजसेवी डॉ. उत्तम कुमार ने कहा कि इस वर्ष भीम जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। "हमारा लक्ष्य बाबा साहब के ' 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' ' के नारे को धरातल पर उतारना है। उन्होंने कहा कि खटीमा विधानसभा के गांव गांव से होकर शोभायात्रा निकलेगी। यह भी कहा कि अंबेडकर मिशन ज्ञानोदय बुद्ध विहार से यात्रा का शुभारंभ होगा। बैंड-बाजों और नारों के साथ मुख्य चौराहों से होते हुए यह कारवां गुजरेगा और सितारगंज रोड स्थित 'थारू विकास भवन' पर एक विशाल सभा के साथ यात्रा संपन्न होगी।

### बाल विकास कार्यालय में आधार केंद्र को बंद करें

**सितारगंज :** बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभा जनौटी ने निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, डीएम, एसडीएम, तहसीलदार को पत्र लिखकर परियोजना कार्यालय में संचालित आधार केंद्र को तत्काल बंद करने अथवा अन्यत्र संचालित करवाने का अनुरोध किया है। आरोप लगाया कि आधार केंद्र में निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करने व नकली फिंगर प्रिंट बनवाने की पुष्टि हुई है। बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभा जनौटी ने बताया कि 27 जनवरी को तहसीलदार के निरीक्षण में नकली फिंगर प्रिंट बरामद किया था। इस दौरान आधार केंद्र को सील किया था। निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की शिकायतें भी मिलती हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कार्यालय में संचालित सभी आधार केंद्र तत्काल बंद करने की मांग की है।

# हर्षोल्लास से मना भाजपा का स्थापना दिवस

## कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर लगाए भारत माता की जय के नारे, वरिष्ठ कार्यकर्ता हुए सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** भाजपा के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।

सोमवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कमल जिंदल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम प्रकाश गुप्ता, उत्तम दत्ता, डॉ.रामवीर सिंह, संजीव खन्ना, शैली फुटेला को सम्मानित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष जिंदल ने कहा कि आज का दिन हर कार्यकर्ता के लिए गर्व और आत्मचिंतन का दिन है। पार्टी सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन केवल संख्या बल के आधार पर नहीं, बल्कि अपने महान विचारों और कार्यकर्ताओं के त्याग के कारण बनी है। उन्होंने कहा कि जनसंघ के समय से लेकर आज तक पार्टी ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। राष्ट्र प्रथम का जो मंत्र हमारे पूर्वजों ने हमें दिया था आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वह धरातल पर उतर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर वे संकल्प लें कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक शक्तिशाली बनाएंगे। ताकि जनकल्याणकारी नीतियां हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच सके।


भाजपा कार्यालय में स्थापना दिवस पर तिरंगा फहराते जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

### भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं, राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक मिशन

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक दल मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक मिशन है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में हमारी सरकारें निरंतर कार्य कर रही हैं। भाजपा के शासनकाल में देश और विशेषकर हमारा शहर रुद्रपुर चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है।

### दो सीटों से शुरू हुआ सफर देश के कोने-कोने में जमा चुका है जड़ें

**रुद्रपुर :** भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि दो सीटों से शुरू हुआ यह सफर आज देश के कोने-कोने में अपनी जड़ें जमा चुका है। भाजपा ने हमेशा महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के उत्थान को प्राथमिकता दी है। संगठन की मजबूती के पीछे उन लाखों कार्यकर्ताओं का संघर्ष है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कमल के फूल को थामे रखा। आज केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से समाज का अंतिम व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है, जो हमारी वैचारिक विजय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने और संगठन की रीति-नीति को घर-घर तक पहुंचाने का मंत्र दिया।

### ये जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नेतृपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेंद्र मिश्रा, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, परवेस खान, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला मंत्री गजेंद्र प्रजापति, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, जिला मीडिया संयोजक विजय पाल सिंह तोमर, अक्षय गेहलोत, रामप्रकाश गुप्ता, अनिल चौहान, राकेश सिंह, उपेंद्र चौधरी, राजेश तिवारी, डीएन यादव, अजय तिवारी, योगेश वर्मा, राजेश बजाज समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


खटीमा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्पमाला अर्पित की और शहीद स्मारक की साफ-सफाई की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित सभा में वक्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस की एक दूसरे को बधाई दी। वक्ताओं ने पूरे मनोयोग से पार्टी की नीतियों एवं रीतियों को आम जनता तक पहुंचा कर उन्हें विकास कार्यों का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी, मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, महामंत्री भुवन भट्ट, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, जिला महामंत्री रमेश जोशी, किशन सिंह किन्ना, सतीश गोयल, कामिल खान, नीता सक्सेना, भागीरथी खोलिया, रवीश भटनागर, संतोष अग्रवाल, कपिल सामंत, विक्की रस्तोगी आदि मौजूद थे।


काशीपुर में स्थापना दिवस पर झंडारोहण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

# काशीपुर और जसपुर में भाजपाइयों में रहा उत्साह

संवाददाता, काशीपुर/जसपुर

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष मनोज पाल के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर पूरी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर सभी ने ध्वजारोहण रोहण किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों सहित महापौर दीपक बाली ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से ही संभव है। कार्यकर्ताओं के अथाह सहयोग और मेहनत का ही परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज पाल, राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, मत्स्य पालक उपाध्यक्ष सीमा चौहान, प्रवक्ता गुरविंदर सिंह चंडोक, खिलेंद्र चौधरी, प्रभारी बाजपुर मोहन पाल, जिला महामंत्री सुशील शर्मा व अमित सिंह, पूर्व मेयर ऊषा चौधरी, मुक्ता सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत पंडित, एससी मोर्चा अध्यक्ष यशपाल राज हंस और महिला मोर्चा अध्यक्ष आकांक्षा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

इधर जसपुर में भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय भाजपाइयों द्वारा खुशी मनाई गई। सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल द्वारा अपने आवास पर पार्टी का ध्वज फहराया गया। उधर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह, पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, अशोक खन्ना, शीतल जोशी, विनीत चौहान, प्राशीष विश्नोई, गौतम गिरी समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास को याद कर अपने कार्यालयों एवं आवासों पर पार्टी का ध्वज फहराया और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

# कॉलेज की छत पर चढ़े छात्रसंघ अध्यक्ष और एबीवीपी कार्यकर्ता

संवाददाता, खटीमा

- 30 प्रतिशत विद्यार्थियों के फेल होने अथवा बैक आने का मामला
- तीन घंटे के ड्रामे के बाद प्राचार्य के आश्वासन पर उतरे छात्रनेता

**अमृत विचारः** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षा में करीब 30 प्रतिशत विद्यार्थियों के फेल होने अथवा पूरक परीक्षा आने को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित जोशी एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ कॉलेज की छत पर चढ़ गए। प्राचार्य के आश्वासन पर तीन घंटे बाद छात्रनेता छत से उतरे।

सोमवार दोपहर छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित जोशी के नेतृत्व में दर्जनभर से अधिक कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं ने कॉलेज की छत पर चढ़कर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षाफल में कॉलेज के करीब 30 प्रतिशत बच्चे फेल हुए हैं। उन्होंने कहा कि दो अप्रैल को कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन भी दिया था लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने परीक्षा की कापियों के पुनर्मूल्यांकन की मांग की। इधर, कॉलेज में हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि उनकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी मांग को विश्विद्यालय की भेज कर समाधान का प्रायः किया जाएगा। छत में चढ़े छात्र-छात्राओं से नीचे उतरने का आग्रह किया लेकिन वह नीचे नहीं उतरे। करीब तीन घंटे बाद प्राचार्य के आश्वासन पर छात्रनेता छत से नीचे उतरे। छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में उनकी मांगों नहीं मानी गईं गई तो अनिश्चितकालीन अनशन किया जाएगा। इस दौरान सचिन सामंत, वंशिका शुक्ला , वंशिका शुक्ला, कृष्णा रस्तोगी, मनीषा, पवन, शानू, ऋतिक आदि मौजूद रहे।

# पंपों पर पेट्रोल व डीजल नहीं होने के बोर्ड लगाए

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में फीलिंग स्टेशन (पेट्रोल पंपों) में पेट्रोल व डीजल नहीं है का बोर्ड लगे हुए हैं। किसानों व वाहन चालकों में पेट्रोल व डीजल न मिलने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। किसान नेता चंचल सिंह देऊपा ने कहा कि विगत पांच दिनों से देव फीलिंग स्टेशन मदनापुर में पेट्रोल व डीजल न मिलने से किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही टेंपो, मैजिक, छोटा हाथी वाहनों ने अपना किराया बढ़ा दिया है। किसानों को डीजल न मिलने से गेहूं की मढ़ाई के लिए कम्पाईन चालकों ने भी अपना किराया बढ़ा दिया है। वाहन चालक महेंद्र डोगरा ने कहा प्रशासन की ढील के चलते आम लोगों को एलपीजी सिलेंडर के बाद अब पेट्रोल व डीजल के लिए भी लाइन लगानी होगी। सरकार के नुमाइंदे कह रहे हैं कि गैस व ईंधन की कोई कमी नहीं है।



# शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** 6 अप्रैल 2010 को दंतेवाड़ा में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान बिजरानंद व राजेंद्र कुमार राणा को सीआरपीएफ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

सोमवार को ग्राम लौका में शहीद बिजरानंद के शहीद स्थल पर पहुंचे सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट रवि कुमार ने शहीद बिरजानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसमें दौरान उन्होंने शहीद बिरजानंद के माता-पिता व शहीद राजेंद्र सिंह राणा के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

असिस्टेंट कमांडेंट रवि कुमार ने बताया कि 6 अप्रैल 2010 में नक्सलियों से मुठभेड़ में बिरजानंद व राजेंद्र कुमार ने बलिदान दिया। जो सर्वोच्च बलिदान है। उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। शहीद बिरजानंद के पिता गामा प्रसाद, माता भानुमति ने अपनी ओर से शहीद बिरजानंद की याद में शहीद स्थल बनाया है। यहां शहीद बिरजानंद की प्रतिमा स्थापित की है। सोमवार को परिजनों व ग्रामीणों ने शहीद स्थल की जर्जर हालात की जानकारी सीआरपीएफ के अधिकारियों को दी।


सितारगंज में शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते बीएसएफ अधिकारी। ● अमृत विचार

# दिनदहाड़े घर में चोरी 18 लाख नकद उड़ाए

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक में सोमवार को दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चोरों ने घर से करीब 18 लाख रुपये नकद और लगभग 1 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

वार्ड नंबर 1 निवासी निशिकांत हालदार का परिवार सुबह धार्मिक कार्यक्रम के लिए घर से बाहर गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद लौटने पर परिवार ने कमरे का लॉकर और बक्से का ताला खुला देखा। अंदर रखी नकदी और जेवरात गायब थे।

सूचना पर चौकी प्रभारी ललित चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। तलाशी के दौरान एक पॉलीथिन में रखे करीब 1.20 लाख रुपये बरामद हुए, लेकिन बाकी रकम और जेवरात का कोई सुराग नहीं लग सका।


घटनास्थल पर जानकारी जुटाती पुलिस।

## सीएसडी कैंटीन का लोकार्पण नौ को

**खटीमाः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रमों के भव्य बनाने की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। मुख्यमंत्री शौर्य सम्मान समारोह में शिरकत करते हुए सैनिकों के लिए नवनिर्मित सीएसडी कैंटीन का लोकार्पण करेंगे। नगर पालिका के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की भव्यता को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। 7.15 करोड़ करोड़ की लागत से निर्मित सीएसडी कैंटीन के लोकार्पण अवसर पर आने वाले अतिथियों के स्वागत के लिए पांडाल लगाया जाएगा। जिपं अध्यक्ष अजय मौर्य ने कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों से अवगत कराया।


सुरेंद्रनगर में जलाभिषेक करते शिव भक्त। ● अमृत विचार

### हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय

**शक्तिफार्म :** चैत्र माह के चौथे सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी। हरिद्वार से गंगाजल लाए श्रद्धालुओं ने सुरेन्द्र नगर स्थित तारकेश्वर धाम सहित विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक कर, सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही सुरेंद्रनगर व बैकुंठपुर स्थित शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने दूध, बेलपत्र, गंगाजल व फूल चढ़ाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा कमेटी द्वारा कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिससे जलाभिषेक सुचारु रूप से संपन्न हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## दुर्घटना में घायल मजदूर ने तोड़ा दम

**शक्तिफार्म :** तीन दिन पहले बाइक से गिरकर घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई।


दीपक। (फाइल)

शनिवार की रात वार्ड संख्या दो निवासी दीपक राय (38 वर्ष) पुत्र दुलाल राय अपने एक साथी के साथ बाइक से सिरसा मार्ग से घर लौट रहा था। बसघर के समीप बाइक के पीछे बैठा दीपक अचानक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी की सूचना पर परिजन उसे हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। वहां रविवार देर रात दीपक ने दम तोड़ दिया।

# डायनेस्टी की खुशी व दिव्या ने जीता गोल्ड

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी को दो छात्राओं ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते हैं।

देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में 4-5 अप्रैल को आयोजित प्रतियोगिता में दिव्या कापड़ी ने अंडर-20 हाई जंप और खुशी चौहान ने अंडर-20 जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल कर विद्यालय और छेत्र का नाम रोशन किया। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए इतने बड़े मंच पर प्रतिभाग करना विद्यालय क्षेत्र व राज्य के लिए गर्व की अनुभूति कराने वाला क्षण है। उन्होंने बच्चों और खेल प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आईवन, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, ऊषा चौसाली, ऊषा भट्ट मौजूद रहे।



# कलश व शोभा यात्रा निकाली

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आदर्श इंद्रा कॉलोनी में श्री अखंड महानाम संकीर्तन के आयोजन से पूर्व भव्य कलश यात्रा और शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा के दौरान पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल भी शामिल हुए।

सोमवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष गणेश सरकार ने जानकारी दी कि अखंड महानाम संकीर्तन 7 अप्रैल को सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा और 10 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान श्री राम कृष्ण सम्प्रदाय, राधा रानी सम्प्रदाय, ठाकुर हर्षित सम्प्रदाय, हरिगोपाल सम्प्रदाय, ओम शांति हरि सम्प्रदाय और राधा रमन सम्प्रदाय जैसी विभिन्न कीर्तन मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

इस अवसर पर सरोज राय, पवित्र राय, विष्णु सरकार, अमित सरकार, कृष्ण सरकार, गौरंग विश्वास, शंकर सरकार, सुजीत पाल, विकास विश्वास, लिठोन मालाकार, समीर बावली, शुभंकर विश्वास, दीपक बाला, संजय ढाली, गौतम मदक मौजूद रहे।


शोभा यात्रा में शामिल पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व अन्य।

## क्रिकेट में पिपलिया ने बरा को दी शिकस्त

**शक्तिफार्म :** हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को नाकआउट दौर के दो मैच हुए। बिथा ने अलीनगर और पिपलिया ने, इलेवन स्टार बरा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में खेले गए पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए बिथा ने निर्धारित दस ओवरों में तीन विकेट पर 139 रन बनाए। प्लेयर आफ दी मैच आसिफ ने नाबाद 46 रनों की पारी खेली और तीन विकेट चटकाए। इसके अलावा उवेश ने 32 और सौरभ ने 30 रनों का योगदान किया।

# शिमला कुरैया मार्ग की बदलेगी तस्वीर

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित शिमला कुरैया मार्ग के सुदृढ़ीकरण हेतु 19 करोड़ 40 लाख 62 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। ग्राम मलसा में आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया और उन्हें लड्डुओं से तौला गया।

विधायक बेहड़ ने इसे जनता का सम्मान बताते हुए कहा कि इस मार्ग से सैकड़ों गांवों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने विरोधियों के आरोपों को निराधार बताते हुए विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता का भरोसा दिया। इस दौरान हाजी सरवर यार खान, मेजर सिंह, गुलशन सिंधी, दलजीत खुराना, जीवन जोशी मौजूद रहे।


किच्छा के ग्राम मलसा में विधायक तिलकराज बेहड़ का स्वागत करते लोग।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों का स्वागत

**सितारगंज :** रामलीला ग्राउंड में भाजपा ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को रामलीला ग्राउंड में मंडल अध्यक्ष संदीप बाबा की अध्यक्षता में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल और जिला कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र गंगवार अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सभी अतिथियों ने कलावती कश्यप, राजू रस्तोगी, जीत मौर्या, तीरथ कुमार शर्मा और उदय कुमार, शिवम रस्तोगी, अर्जुन श्रीवास्तव और गुरमंत सिंह, चंदन यादव, जशन देवल, सुमित रस्तोगी, भरत पाल, अमन रस्तोगी रामचंद्र का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

## सिटी ब्रीफ

### नवोन्मेष छात्रसंघ वार्षिकोत्सव आज

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार से दो दिवसीय नवोन्मेष छात्रसंघ वार्षिकोत्सव 2025-26 का आयोजन होगा। प्राचार्य प्रो. सुमिता श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मंगलवार को पहले दिन विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

### रेलवे अंडरपास के नीचे लाइट लगाने की मांग

**काशीपुर :** शांति नगर के रहने वाले माकन सिंह रावत ने रेलवे अंडरपास के नीचे लाइट लगाने की मांग करते हुए नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। बताया कि कॉलोनी के पास रेलवे अंडरपास बना हुआ है। इसमें पहले बिजली लाइट लगी थी, लेकिन कुछ अराजक तत्वों ने लाइट हटा दी है। अब वहां अंधेरा रहता है। शाम ढलते ही आवाजाही में लोगों को परेशानी हो रही है। अंडरपास के नीचे सिरिंज और इंजेक्शन की खाली शीशियां भी पड़ी रहती हैं। उन्होंने समस्या के निस्तारण की मांग की है।

### जसपुर में नशा तस्कर किया गिरफ्तार

**जसपुर :** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने स्मैक और प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए। रविवार को सूत मिल चौकी इंचार्ज इंद्र सिंह ढेला द्वारा टीम समेत गस्त के दौरान बाइक सवार किशनपाल उर्फ नन्नू निवासी मोहल्ला नत्था सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 6.90 ग्राम स्मैक और 36 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि आरोपी के ऊपर पहले भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पेराई सत्र के लिए गन्ने की उपलब्धता पर चर्चा

**बाजपुर :** दर्जा राज्यमंत्री (गन्ना) मनजीत सिंह राजू ने सोमवार को चीनी मिल के अतिथि गृह में मिल अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी की। एसडीएम/प्रधान प्रबंधक डॉ. अमृता शर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में वर्ष 2026-27 के गन्ना विकास कार्यों की समीक्षा की गई बैठक में आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ने की उपलब्धता, उन्नत प्रजातियों के विस्तार और बीज उत्पादन जैसे मुद्दों पर गहन मंथन हुआ। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को गन्ना रकबा बढ़ाने और पारदर्शी आंकड़े प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए समयबद्ध कार्य योजना बनाने पर जोर दिया गया।

### 25 में से एक सेंटर ने गेहूं खरीद का खोला खाता

**खटीमा :** गेहूं खरीद की निर्धारित तिथि के छठवें दिन खाद्य विभाग ने मंडी परिसर के एक क्रय केन्द्र में 42 क्विंटल गेहूं खरीद कर खरीद का खाता खोल दिया है। इसके अतिरिक्त संचालित 24 अन्य तथा ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे 10 क्रय केन्द्रों में अभी गेहूं खरीद का श्रीगणेश नहीं हुआ है। एडीओ सहकारिता ललित राणा ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा संचालित सेंटरो में अभी एक दाना गेहूं नहीं तौला गया है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए सहकारिता विभाग, एनसीसीएफ, पीसीयू के 10 सेंटर ग्राम बानूसा, गांगी, नदन्ना, सरपुड़ा, खेलड़िया, चंदेली, छिनकी, कुमराहा, नौगवां ठग्गू सहित बग्गा 54 में संचालित किए जा रहे हैं। फिलहाल अबतक कुल 42 क्विंटल गेहूं खरीद कर खाद्य विभाग ने खरीद का खाता खोला है।


# हड़ताल पर थे गैस एजेंसी कर्मी, एसडीएम ने संभाला मोर्चा

## विधायक ने इंडेन गैस कर्मियों की हड़ताल रद्द कराई, कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठ गए

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के लिए काम करना पड़ा। हड़ताल की सूचना पर पहुंचे विधायक आदेश चौहान ने एसडीएम और एजेंसी प्रबंधक से वार्ता कर हड़ताल रद्द कराई।

सोमवार को इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक और कर्मी अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर हड़ताल पर बैठ गए तथा काम बंद कर दिया। इससे गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंचे विधायक आदेश चौहान ने मौके पर एजेंसी प्रबंधक और कर्मियों से वार्ता की। साथ ही एसडीएम को मामले से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि ऐसे आपात समय में एजेंसी कर्मियों का हड़ताल करना आम जनता के लिए नुकसानदायक है। उपभोक्ताओं को तपती धूप में घंटों खड़े होकर सिलेंडर मिल पा रहा है। एसडीएम राहुल शाह ने हड़ताल की जानकारी होने पर एजेंसी प्रबंधन से वार्ता की और गैस वितरण व्यवस्था को शुरू कराया साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एजेंसी प्रबंधक बीएस नेगी ने बताया कि उपभोक्ताओं को समय से डीएसी नहीं मिल रहा। बिना डीएसी के सिलेंडर आपूर्ति में दिक्कतें हो रही हैं। इन समस्याओं के आईओसी से समाधान और अपनी मांगों को लेकर सोमवार को हड़ताल थी।



रुद्रपुर में इंडेन गैस एजेंसी गेट पर चस्पा नोटिस।

### कंपनी में तीस लाख रुपये एडवांस जमा

> कंपनी को लगातार गैस आपूर्ति की डिमांड भेजी जा रही है। एजेंसी की तरफ से कंपनी में 30 लाख रुपये एडवांस जमा है। सोमवार को गैस की गाड़ी ना आने से दिक्कत रही। -**बीएस नेगी**, एजेंसी प्रबंधक

> हड़ताल रद्द कराकर गैस वितरण व्यवस्था शुरू करा दी है। नियमानुसार गैस सिलेंडर देने के निर्देश दिए गए हैं। गैस वितरण व्यवस्था के लिए टीमें तैनात हैं। -**राहुल शाह**, एसडीएम, जसपुर

## रुद्रपुर में इंडेन गैस की आपूर्ति रही बंद, परेशानी

संवाददाता, रुद्रपुर

- चंपावत में इंडेन गैस प्रबंधक की मौत के बाद मुख्य गेट पर चस्पा किया नोटिस, लोग परेशान

**अमृत विचार:** चंपावत में इंडेन गैस एजेंसी प्रबंधक की मौत के बाद रुद्रपुर में इंडेन गैस एजेंसी में सोमवार को रसोई गैस सिलेंडरों का वितरण पूरी तरीके से बंद रहा। इससे पिछले कई दिनों से रसोई गैस सिलेंडरों को इंतजार कर रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

यहां बता दें कि पश्चिम एशिया में पिछले कई दिनों से चल रहे युद्ध के चलते विभिन्न गैस एजेंसियों के संचालन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इससे लोगों को रसोई गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिल पा रहे हैं। इधर पिछले कई दिनों से इंडेन गैस एजेंसी हो या भारत गैस एजेंसी या फिर अन्य। सभी में सुबह से रसोई गैस सिलेंडरों को लेकर लाइन लग रही थी। बावजूद लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे थे।

वहीं रविवार की देर रात्रि चंपावत में इंडेन गैस एजेंसी प्रबंधक के मौत प्रकरण के बाद रुद्रपुर में भी सोमवार को एजेंसी बंद रही। काशीपुर बाईपास रोड स्थित एजेंसी में एजेंसी प्रबंधक की ओर से एक नोटिस चस्पा किया गया है। इसमें लिखा गया है कि चंपावत में गैस मैनेजर दयाल रावत की दबाव में आकर आत्महत्या कर ली। इस कारण 6 अप्रैल को कार्यालय बंद रहेगा और रसोई गैस सिलेंडरों का वितरण कार्य नहीं होगा। वहीं एजेंसी के प्रबंधन प्रमोद पांडे ने बताया कि चंपावत में एजेंसी प्रबंधक की मौत के कारण एजेंसी को बंद रखा गया है।

### गैस एजेंसी कर्मियों से वार्ता की जा रही

**हल्द्वानी :** कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ला ने कहा कि गैस एजेंसी कर्मियों से लगातार वार्ता की जा रही है। उनकी समस्याएं सुनी जाती हैं, यदि कोई समस्या बताता है तो उसका तत्काल समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि काशीपुर में त्रुटिवश चम्पावत गैस एजेंसी के प्रबंधक की मौत पर शोक संवेदना के लिए नोटिस लगाया गया था जिसे बाद में हटाया गया। कर्मियों से वार्ता की गई है, रुद्रपुर व काशीपुर में समस्या हुई थी लेकिन बाद में आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

### डीएसी कोड अनिवार्य

**बाजपुर :** रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए अब डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) देना अनिवार्य कर दिया गया है। बाजपुर गैस एजेंसी के प्रबंधक रामबाबू ने बताया कि इंडियन ऑयल के नए नियमों के अनुसार, बिना डीएसी साझा किए सिलेंडर की डिलीवरी संभव नहीं होगी। यदि उपभोक्ता गलत कोड देता है या कोड उपलब्ध नहीं कराता, तो सिस्टम में उसकी अगली बुकिंग स्वीकार नहीं की जाएगी।

## डंपर चलाने को लेकर युवक पर किया हमला

**काशीपुर:** डंपर चलाने के विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। दबंगों ने युवक को रास्ते में रोककर न केवल लाठी-डंडों और चाकू से प्रहार किया, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए उसकी पगड़ी भी उतार दी। पीड़ित की मां ने पुलिस को तहरीर दी है।

गांधी नगर खत्ता कुंडेश्वरी निवासी मंजीत कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 मार्च 2026 की सुबह उनका पुत्र मलकीत सिंह अपनी मोटरसाइकिल से अमर स्टोन क्रेशर के पास से गुजर रहा था। तभी वहां पहले से घात लगाकर बैठे सतनाम सिंह, हरजोत, कीरत सिंह, गुरमीत उर्फ टीटू और हरजीत कौर ने उसे रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने मलकीत को डराते हुए कहा कि वे मंगल सिंह का डंपर गुलजारपुर में नहीं चलने देंगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बाइक से गिरा दिया और लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान सतनाम सिंह के उकसाने पर उसके बेटे हरजोत ने चाकू से जानलेवा हमला किया, जिससे मलकीत को गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए अन्य लोगों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की।

# वन भूमि पर अवैध मजार ध्वस्त

- प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराई आरक्षित वन भूमि

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कड़े निर्देशों के अनुपालन में ऊधमसिंह नगर प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में सोमवार तड़के किच्छा तहसील के अंतर्गत बाराकोली वन रेंज में आरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से निर्मित एक मजार को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया।

उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी और सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में करीब 120 पुलिसकर्मियों की भारी टीम सुबह धौराडॉम क्षेत्र पहुंची। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश और भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत की गई। जांच में पाया गया कि नबी अहमद मिस्त्री और सरवर अली द्वारा आरक्षित वन भूमि (प्लाट संख्या 14) पर अवैध कब्जा किया गया था।

तराई पूर्वी वन प्रभाग द्वारा फरवरी 2026 में ही बेदखली के आदेश जारी कर अतिक्रमणकारियों को 10 दिन का समय दिया गया था। स्वयं अतिक्रमण न हटाने पर प्रशासन ने आज बलपूर्वक कार्रवाई की। मौके पर किसी भी विरोध के अभाव में कुछ ही घंटों में भूमि को समतल कर दिया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू और पुलभट्टा थाना प्रभारी धीरज वर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


किच्छा क्षेत्र में अतिक्रमण ध्वस्त करती जेसीबी। • अमृत विचार

## रंजिश के चलते युवक पर हमला

**काशीपुर:** एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते पांच लोगों पर धारदार हथियारों से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है।

मोहल्ला कटोराताल निवासी लईक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की शाम वह सीतापुर आई हॉस्पिटल रोड से अपने घर की ओर पैदल जा रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश के चलते दो युवतियों समेत पांच लोगों ने उसे जबरन रास्ते में रोक लिया। जब उसने लोगों से उसने गालियां ना देने को कहा तो एक युवक ने धारदार चाकू नुमा हथियार से जानलेवा हमला कर बाएं हाथ की कलाई व बाएं कंधे में प्रहार कर उसे घायल कर दिया। इस दौरान अन्य लोगों ने भी उस पर डंडों व बेल्टों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# शराब की दुकान बंद करने की मांग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बाजपुर रोड पर खुली अंग्रेजी शराब की दुकान बंद कराने को लेकर महिलाओं ने मेयर दीपक बाली से मुलाकात की। मेयर ने आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर मामले का हल निकालने का आश्वासन दिया।

सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजनी ठाकुर के नेतृत्व में महिलाओं ने नगर निगम में मेयर दीपक बाली से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने कहा कि जहां नई दुकान खोली गई है उसके आसपास मां बाल सुंदरी मंदिर, मोटेश्वर महादेव मंदिर, विद्या मंदिर स्कूल व डिग्री कॉलेज स्थित हैं। महिलाओं ने शराब की दुकान बंद कराने की मांग की। यहां छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा, कुसुम, बबीता, रेखा, कविता देवी, हेमा यादव आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में शराब की दुकान में बोतल तोड़तीं भाजपा महिला नेत्री। • अमृत विचार

### भाजपा महिला नेत्री का शराब की दुकान में तोड़फोड़ का वीडियो वायरल

**काशीपुर :** बाजपुर रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में भाजपा महिला नेत्री द्वारा दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा महिला नेत्री ने बताया कि दुकान के स्टाफ द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इससे आक्रोशित होकर उनके द्वारा यह कृत्य किया गया। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान को स्थानांतरित कर दिया जाये, नहीं तो उनका यह आंदोलन जारी रहेगा। भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजनी ठाकुर ने बताया कि अपने आदमी भेजकर शराब खरीदारी की जा रही थी। जिनके द्वारा अभद्रता कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा था। जिससे महिलाएं उग्र हो गई।


जसपुर में विधायक को सम्मानित करते पीस क्लब के सदस्य। • अमृत विचार

### गजल संग्रह 'भावनाओं का दर्पण' का विमोचन

**जसपुर :** स्थानीय पीस क्लब के 13 वर्ष पूर्ण होने पर सदस्यों ने 724 वां कार्यक्रम आयोजित किया। सोमवार को कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक आदेश चौहान को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब के वरिष्ठ कवि जितेंद्र सिंह चौहान के गजल संग्रह "भावनाओं का दर्पण" का विमोचन विधायक आदेश सिंह चौहान, बीएसवी इंटर कॉलेज जसपुर के प्रधानाचार्य स्वतंत्र कुमार मिश्रा, राधेहरि राजकीय महाविद्यालय के फिजिक्स प्रोफेसर डॉक्टर महिपाल सिंह, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज बरखेड़ी काशीपुर के प्रधानाचार्य हबीब अहमद, साईं डिग्री कॉलेज महुवाडाबरा के एमडी राजकुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, संजय राजपूत ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों, शायरों एवं अन्य कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेतन सिंह चौहान ने की।यहां देवेंद्र सिंह, संजू चौधरी, रामपाल सिंह, उमर सिंह, नसरीन चौधरी, हकीम जफर, सरफराज, अबरार हुसैन, हिना कौशर, मिथलेश चौहान, रेखा राजपूत आदि मौजूद रहे।

## राजमिस्त्री के साथ रंजिशन मारपीट

**जसपुर:** घर खाना खाने पहुंचे एक राज मिस्त्री के साथ उसके पड़ोसी ने साथियों समेत मारपीट कर दी। घटना में राजमिस्त्री घायल हो गया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पड़ोसी समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम रहमापुर निवासी जसवंत सिंह पुत्र धर्म सिंह राज मिस्त्री का काम करता है। कोतवाली में दी तहरीर में जसवंत सिंह ने कहा कि रविवार की दोपहर वह अपने घर खाना खाने आया था। आरोप है कि तभी उसका पड़ोसी विशु चौहान, उसका फुफेरा भाई, सरफराज, फरदीन और तीन अन्य कार से उसके घर पहुंचे और उसके साथ रंजिशन गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि विशु और उसके फुफेरे भाई ने लोहे के धारदार हथियार और सरिए से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जसवंत गंभीर घायल हो गया।

# सौर ऊर्जा समय की आवश्यकता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महापौर दीपक बाली ने वार्ड नंबर 36 स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक में 85 लाख 68 हजार की लागत से बनने वाली रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट का शिलान्यास एवं सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत आयोजित सोलर उद्यमिता प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यह परियोजना जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भविष्य में जल संकट को कम करने में सहायता मिलेगी। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में महापौर दीपक बाली ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि पानी की हर बूंद को बचाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। महापौर ने इसके अलावा राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान काशीपुर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आयोजित 9 दिवसीय "सोलर उद्यमिता प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम" का भी शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि सौर ऊर्जा समय की जरूरत है, जिसका हमें अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। यह न केवल बिजली के खर्च को कम करने में सहायक है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही है योजना आम नागरिक के लिए बहुत लाभकारी है।

इस दौरान पवन बख्शी, पार्षद शाह आलम, पार्षद वैशाली गुप्ता, पार्षद अनीता कांबोज, पार्षद रवि प्रजापति, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सचिन ठाकुर, शक्ति केंद्र संयोजक अमर सिंह रावत, बूथ अध्यक्ष रेखा सक्सेना, युवा मोर्चा महामंत्री करण भारद्वाज, महामंत्री नगर मंडल वैभव गुप्ता, आवास विकास मंडल अध्यक्ष जयदीप धौंडियाल, मंडल उपाध्यक्ष सतनाम सिंह मौजूद रहे।


काशीपुर में लोगों को संबोधित करते महापौर दीपक बाली। • अमृत विचार

## संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया

**बाजपुर:** भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने सोमवार को केलाखेड़ा मंडल में आयोजित पार्टी कार्यक्रम में शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया। सुखीजा ने कहा कि भाजपा सरकार जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है और कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सशिप्रीत, जिला मंत्री बिट्टू चौहान और जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कालरा सहित कई पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया और क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। सुखीजा ने समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन देते हुए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक का समापन संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।


बिंदुखत्ता राजस्व ग्राम की मांग करते वनाधिकार समिति के सदस्य।

### बिंदुखत्ता आंदोलन के लिए नई कार्यकारिणी गठित

**शांतिपुरी :** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने के लिए चल रहे आंदोलन ने अब संगठनात्मक रूप ले लिया है। ग्रामवासियों की बैठक में आंदोलन को धार देने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें भूतपूर्व सैनिकों और सामाजिक संगठनों को भी जोड़ा गया है। महिला सहभागिता बढ़ाने हेतु महिला उपाध्यक्ष का पद सृजित किया गया है और अनुभवी वरिष्ठों को सलाहकार मंडल में रखा गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 6 मई 2026 को शहीद स्मारक पर एक बड़ा जन कार्यक्रम आयोजित कर प्रशासनिक अधिकारियों से सीधा संवाद किया जाएगा। इसके साथ ही जनजागरण के लिए बाइक रैली, पोस्टर अभियान और सेमिनार जैसे कार्यक्रम तय किए गए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर क्रमिक अनशन और बड़े स्तर पर कूच किया जाएगा।

# दो खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

- बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अमृत गुप्ता ने रजत पदक जीता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश यूथ मेंस बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में साई एसटीसी काशीपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 31 मार्च से 3 अप्रैल तक मूलचंद त्यागी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हापुड़ (मेरठ) में आयोजित हुई।

इस दौरान अपने पंचों के दम पर 50 किग्रा में विवेक केसरवानी ने स्वर्ण, 85 किग्रा में कार्तिक सिरोही ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि 75 किग्रा में अमृत गुप्ता ने रजत पदक जीता। 65 किग्रा में डैनी चौहान पदक जीतने में सफल नहीं हो सके। बेहतर प्रदर्शन करने पर यूपी में विवेक को बेस्ट बॉक्सर और कोच सिकंदर पटेल को सर्वश्रेष्ठ कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया। कोच ने बताया कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर विवेक और कार्तिक का यूथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। यह चैंपियनशिप 12 से 20 अप्रैल तक गुवाहाटी असम में होगी। कोच सिकंदर पटेल, मुकेश बेलवाल और वरुण शर्मा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह सफलता हासिल की। साई केंद्र सहायक निदेशक अनिल द्विवेदी, कोच मुकेश बेलवाल बधाई दी।


प्रतियोगिता के बाद विजेता खिलाड़ी कोच के साथ। • अमृत विचार

## सीताराम तिवारी को किया सम्मानित

**बाजपुर:** निस्वार्थ समाज सेवा के लिए, नगर पालिका कर्मचारी सीताराम तिवारी को स्वामी विवेकानंद सामाजिक उत्थान समिति द्वारा सम्मानित किया गया। सोमवार को समिति के अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने उन्हें पटका पहनाकर और महाराणा प्रताप का चित्र भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की।

सीताराम तिवारी लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। हाल ही में उन्होंने चकरपुर अंडरपास में जलभराव की समस्या का स्वयं समाधान कराया था। इसके अतिरिक्त, वे जान की परवाह किए बिना रिहायशी इलाकों में सांप पकड़कर जनसेवा का कार्य भी करते हैं। इस मौके पर रमेश पाल, नरेश कश्यप, मनीष खन्ना, बबलू सैनी, अजय ठाकुर मौजूद रहे।

# सरकारी विभाग गटक गए करोड़ों का पानी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मिस्सरवाला निवासी आरटीआई कार्यकर्ता आसिम अजहर के द्वारा जल संस्थान से मांगी गई सूचना में बड़ा खुलासा हुआ है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त अभिलेखों के अनुसार मार्च 2026 तक काशीपुर क्षेत्र में पानी के बिलों का कुल 4 करोड़ 38 लाख 6,758 रुपये बकाया दर्ज है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भारी बकाया राशि में आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ कई सरकारी विभाग भी प्रमुख रूप से शामिल हैं, जो लंबे समय से भुगतान नहीं कर रहे हैं। जिनमे अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग 1 लाख 450, कोतवाली काशीपुर 43 लाख 12,831, सेकेट्री क्लब काशीपुर 49 हजार 211, पुलिस चौकी बांसफोडान 79,515, अधिशासी अभियंता, नगर निगम काशीपुर 19 लाख 24,012, पुलिस चौकी कटोराताल 37 हजार 005, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय 58 हजार 962, अधिशासी अभियन्ता/ सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग 4 लाख 59,545 एवं सेंट्रल वेयर हाउस पर 58 हजार 794 राशि अवशेष है।

इनके अतिरिक्त अन्य उपभोक्ताओं (घरेलू व विभिन्न श्रेणियों) पर भी बड़ी संख्या में बकाया राशि लंबित है, जिससे कुल अवशेष 4.38 करोड़ से अधिक पहुंच गया है।

**ब्रीफ न्यूज**

### निरीक्षक विजय मठपाल का स्थानांतरण, विदाई दी

**बागेश्वर :** निरीक्षक अभिसूचना विजय मठपाल का काशीपुर स्थानान्तरण हो गया है। इस अवसर पर पुलिस परिवार द्वारा उन्हे भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई समारोह के दौरान एसपी जितेंद्र नेगी द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना कर समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्यकुशलता की प्रशंसा करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। विदाई समारोह में पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर अजय शाह, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक चंदन भंडारी, प्रभारी निरीक्षक यातायात अयूब अली, दूरसंचार अजय पाण्डे रहे।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**टनकपुर/चम्पावत :** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस चम्पावत जिले में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि वन पर्यावरण सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्यमंत्री श्याम नारायण पांडेय ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं से संगठन के लिए एकनिष्ठ होकर काम करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत ने कहा कि जिले में 55 हजार से अधिक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। हाल ही में दर्जा राज्य मंत्री बने मुकेश महराना का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया ने किया।

# खेल अधिकारी व ईई पर कार्रवाई के निर्देश

## बागेश्वर में आयोजित जनता दरबार में डीएम आकांक्षा ने सुनीं जनता की शिकायतें, निराकरण के दिए निर्देश

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनता दरबार में आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं।

प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक मामले सड़क अवसंरचना, पशुपालन, शिक्षा, विद्युत, पेयजल एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित रहे। जिलाधिकारी ने इन विभागों को विशेष प्राथमिकता के साथ समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनता दरबार में जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जिन अधिकारियों का कॉलिंग प्रतिशत 50 प्रतिशत से कम है, उनका वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश भी दिए गए। समाचार पत्रों में प्रकाशित जनसमस्याओं का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया तथा शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। अनुशासनहीनता पर सख्त रुख अपनाते हुए यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता के विरुद्ध अनुपस्थित रहने पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जबकि अनुपस्थिति के चलते जिला क्रीड़ा अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश भी जारी किए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कार्यालय समय का कड़ाई से पालन करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बागेश्वर में जनता दरबार में समस्याएं सुनतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे।



चम्पावत में जनता मिलन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम मनीष कुमार।

### चम्पावत में जनता मिलन कार्यक्रम में आईं 88 जन समस्याएं

**चम्पावत :** जन-सामान्य की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं विकास से जुड़ी समस्याएं रखीं। इस दौरान कुल 88 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जबकि शेष मामलों में निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई करते हुए आख्या प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने विगत सप्ताह आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों की भी विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को प्रत्येक शिकायतकर्ता को कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में ग्राम चौड़ाकोट के प्रदीप राम ने अपने पुत्र की प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था, कैलाश चंद्र राय ने भूमि में अवैध कब्जा हटाने व सीमांकन, लक्ष्मण सिंह ने जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए चेन लिंक फेंसिंग, फूलवती देवी ने रोजगार उपलब्ध कराने और निर्मला महर ने आधार कार्ड संशोधन की मांग की। इसके अलावा भुवन गहतोड़ी व नमिता पाटनी ने स्ट्रीट लाइट लगाने, विमला बोहरा ने आर्थिक सहायता, हरीश जोशी ने भूमि अतिक्रमण हटाने, गंगा दत्त पंत ने दिव्यांग पेंशन, गीता देवी ने पेयजल व्यवस्था तथा नीलाम्बर और रमेश राम ने राजस्व व पेयजल से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं। इस अवसर पर एडीएम कृष्णा नाथ गोस्वामी, सीएमओ डॉ. देवेश चौहान, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

# सामाजिक संगठनों से एक मंच पर आने का आह्वान

- अल्मोड़ा में पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक आयोजित
- पुलिस टीम ने साइबर जागरूकता पर दिया गया जोर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिला मुख्यालय में पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नगर समेत पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। समस्याओं के निराकरण के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि समाज के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर आकर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने आपसी समन्वय और सहयोग से क्षेत्र के विकास को गति देने का आह्वान किया। इस दौरान अल्मोड़ा पुलिस की ओर से पूर्व सैनिकों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और अन्य सुरक्षा संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने डिजिटल सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने की अपील की। बैठक में मौजूद सदस्यों ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने पर सहमति जताई। यहां जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी, नरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, चंद्र सिंह, पूरन सिंह मेहता, आशीष वर्मा, मनोहर सिंह नेगी, डा. जेसी दुर्गापाल, अनूप लाल शाह, गोविंद लाल वर्मा, राजेंद्र सिंह, सुरेश चंद्र, माधव नंद पांडे, दीवान सिंह, एलडी शर्मा, एनसी जोशी आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियरों का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। 27 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रही हड़ताल सोमवार को भी जारी रही। इंजीनियरों ने शक्ति सदन में एकत्र होकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपनी नाराजगी व्यक्त की।

प्रदर्शन कर रहे अभियंताओं ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप लगाया कि सरकार की ओर से कई बार आश्वासन दिए गए, पर जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा। कहा कि लगातार हड़ताल के बावजूद उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अभियंताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। हड़ताल के चलते निर्माण कार्यों और अन्य जरूरी सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है। यहां मंडल उपाध्यक्ष लोनिवि इं. रिनी पांडे, महामंत्री इं. हिमांशु जोशी, इं. दीपक टम्टा, इं. कोकिला तिवारी, इं. जीएस मेहरा, इं. सूरज सिंह रावत, इं. हितांशी नैलवाल, इं. मयंक जोशी, इं. अर्जुन सिंह नेगी, इं. स्वाति पटवाल, इं. रितिक चौहान, इं. विशाखा पंत वर्मा, इं. अनिल बिष्ट, इं. शेखर पांडे, इं. शुभम जोशी आदि रहे।



अल्मोड़ा में सरकार के खिलाफ धरना देते डिप्लोमा इंजीनियर्स।

- सरकार पर मांगों की अनदेखी करने का लगाया आरोप
- अभियंताओं ने नारेबाजी कर जताया विरोध

### हथियारों के बल पर गेहूं की फसल चोरी

**बाजपुरः** क्षेत्र के ग्राम कनौरी में हथियारों से लैस बदमाशों द्वारा खेत में खड़ी गेहूं की फसल काटकर चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम खम्बारी निवासी पीड़ित किसान जसविंदर सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर चार नामजद और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जसविंदर के अनुसार, उन्होंने ताली फार्म के पास ठेके पर ली गई भूमि पर गेहूं की फसल बोई थी। आरोप है कि 5 अप्रैल की रात आरोपी अपने साथियों के साथ हथियारों सहित खेत पर पहुंचे और जबरन फसल काटकर ले गए। पीड़ित ने आरोपियों से जान-माल का खतरा जताते हुए पुलिस से सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने शुरू किया कार्यबहिष्कार

- अल्मोड़ा में डीएम को ज्ञापन सौंप समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई
- सल्ट में भी जुलूस निकाल कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** मानदेय वृद्धि समेत अन्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से नाराज कार्यकर्ताओं ने कार्यबहिष्कार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया ।सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई।

प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे लगातार मानदेय बढ़ाने की मांग उठा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 14 मार्च को आयोजित प्रदेश स्तरीय रैली के दौरान प्रशासन द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे उनमें गहरा रोष है।

कार्यकर्ताओं ने 18 हजार रुपये मासिक मानदेय, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की सहायता तथा अंशदान में कटौती जैसी मांगें रखीं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे और वे बीएलओ का कार्य भी नहीं करेंगी। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। यहां जिलाध्यक्ष रजनी बगड़वाल, शोभा जोशी, मीना आर्या, कविता जोशी, माया जोशी, बीना, लीला पांडे, दीपा बिष्ट, नेहा चम्याल आदि मौजूद रहीं।



अल्मोड़ा में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी वर्कर्स। ● अमृत विचार

### सल्ट में भी दिखा विरोध का असर

सल्ट क्षेत्र में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जुलूस निकालकर विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार मांगों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि मजबूरन उन्हें कार्यबहिष्कार का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कमला बोरा, पुष्पा रावत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



पार्टी कार्यलय में पार्टी ध्वज फहराते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**बागेश्वर :** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया ने की। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय को फूल-मालाओं से सजाया गया और सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रवाद व अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करते हुए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता उन्हीं सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगड़िया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा गोस्वामी, प्रकाश साह, जिला उपाध्यक्ष जीवंती कांडपाल, नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीमेंट डीलर बनकर ठगे 5.20 लाख

- ठेकेदार को झांसा देकर ठगी की घटना को दिया अंजाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित ठेकेदार को पूरी रकम वापस मिल गई। अक्टूबर 2024 में युवक ने खुद को सीमेंट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर ठेकेदार से लाखों रुपये ठग लिए थे।

दन्या क्षेत्र के निवासी और पंजीकृत ठेकेदार दलीप सिंह ने नौ अक्टूबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि सीमेंट खरीदने के लिए इंटरनेट के माध्यम से एक कंपनी से संपर्क किया गया, जहां "शर्मा" नामक व्यक्ति ने खुद को मैनेजर बताकर भरोसा जीता। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग किस्तों में कुल 5.20 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। ठगी का शक होने पर पीड़ित ने दन्या थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और आरोपी की लोकेशन पश्चिम बंगाल में ट्रेस कर ली। पुलिस टीम वहां पहुंची और 21 वर्षीय आरोपी अंकित चौधरी को कोलकाता से हिरासत में लिया। मामले की जांच के दौरान मजबूत साक्ष्य जुटाए गए, जिसके आधार पर कोर्ट में पेशी के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। अदालत के निर्देश पर आरोपी को ठगी की पूरी रकम पीड़ित को लौटानी पड़ी। इधर, एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि त्वरित कार्रवाई और साक्ष्यों की मजबूती के कारण यह सफलता मिली।



अल्मोड़ा पुलिस की गिरफ्त में ठगी का आरोपी। ● अमृत विचार

### फायरिंग होने की झूठी सूचना देने पर चालान

**बाजपुरः** पुलिस को फायरिंग की फर्जी सूचना देकर आपातकालीन सेवाओं का दुरुपयोग करना एक युवक को महंगा पड़ गया। 3 फरवरी को डायल 112 पर फायरिंग की सूचना मिलने पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो जांच में मामला पूरी तरह झूठा पाया गया। सूचना देने के बाद युवक ने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया था।

पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे कोतवाली तलब किया। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि युवक को कड़ी चेतावनी देते हुए उसके विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि आपातकालीन सेवाओं पर केवल वास्तविक सूचना ही दें।

# शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने पर जताई चिंता

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** राजकीय संग्रहालय सभागार में डे-केयर संस्था की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर में बढ़ती यातायात अव्यवस्था और साफ-सफाई की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई। व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नगर में जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था में भी अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। इन मुद्दों के समाधान के लिए शीघ्र ही नगर निगम के मेयर से भेंट करने का निर्णय लिया गया। संस्था की ओर से यह भी तय किया गया कि एक स्मारिका प्रकाशित की जाएगी, जिसमें सामाजिक सरोकारों के साथ संस्था की गतिविधियों को स्थान दिया जाएगा। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भविष्य में चिकित्सा शिविर आयोजित करने की योजना भी बनाई गई। बैठक के लिए सभागार उपलब्ध कराने पर जिलाधिकारी अंशुल सिंह और संग्रहालय निदेशक डॉ. चन्द्र सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यहां डॉ. गोकुल सिंह रावत, एमसी कांडपाल, किशोर जोशी, डॉ. अरुण पंत, आनंद सिंह बगडवाल, चंद्रशेखर सिंह बनकोटी, गजेंद्र नेगी, पीएस सत्याल, मनोहर सिंह रहे।

**प्रशिक्षण महाभियान की शुरुआत** | **बाढ़ से सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम, नदी चैनलाइजेशन का कार्य शुरू**

# हुड्डी नदी संरक्षण अभियान का जनभागीदारी से आगाज

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** टनकपुर क्षेत्र के अंतर्गत छीनीगोठ से सोमवार को जनभागीदारी के साथ 'हुड्डी नदी संरक्षण अभियान' का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन तथा स्व. सूबेदार शेर सिंह धामी की स्मृति में शुरू हुए इस अभियान के तहत छीनीगोठ, आनंदपुर, चंदनी, बमनपुरी, पचपकरियां और देवीपुरा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में नदी चैनलाइजेशन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए यह पहल समय रहते की गई है, जिससे हुड्डी नदी के बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ के खतरे को नियंत्रित किया जा सके। अभियान में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। छीनीगोठ स्थित नदी तट से शुरू हुए अभियान में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और स्वयंसेवक शामिल हुए। मशीनरी और श्रमिकों की सहायता से नदी के प्रवाह को व्यवस्थित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे नदी के बहाव को मध्य भाग में केंद्रित कर किनारों पर दबाव कम किया जा सके। हुड्डी नदी के किनारे बसे क्षेत्रों में हर वर्ष मानसून के दौरान जलस्तर बढ़ने से कृषि भूमि का कटाव, तटबंधों पर दबाव और आवासीय क्षेत्रों में जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती रही हैं। कई बार ग्रामीणों को विस्थापन तक झेलना पड़ता है। ऐसे में चैनलाइजेशन कार्य को आपदा न्यूनीकरण और दीर्घकालिक सुरक्षा की दिशा मेंबड़ा कदम माना जा रहा है। इस परियोजना के लिए जिला खनिज न्यास निधि से 10 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्वयं स्थल निरीक्षण कर छीनीगोठ और चंदनी क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा 6 से 9 अप्रैल तक अभियान को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री हेमा जोशी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शिवराज सिंह कठायत, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा, सीडीओ डॉ. जीएस खाती, एसडीएम अनुराग आर्या सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



छीनीगोठ गांव में चैनलाइजेशन कार्य का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री हेमा जोशी व अन्य। ● अमृत विचार

# प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ


संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी है, ताकि आम जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके।

दो दिवसीय प्रशिक्षण महा अभियान के शुभारंभ अवसर पर रानीखेत मंडल के समस्त पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री दर्शन मेहरा ने किया। कार्यक्रम को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप बिष्ट, कैलाश बिष्ट, सभा अध्यक्ष अशोक पांडे, नरेंद्र भंडारी, विमला रावत, मोहन नेगी, विमल भट्ट, संजय पंत और दीप भगत ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य "सबका साथ, सबका विकास" के सिद्धांत पर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म को आगे नहीं आने दिया जाएगा और सभी धर्मों का समान सम्मान किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में परिवारवाद का स्थान नहीं है और पार्टी का प्रत्येक बड़ा नेता कार्यकर्ता के रूप में ही आगे बढ़ा है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप बिष्ट, अशोक पांडे, कैलाश भट्ट, मोहन नेगी, दीप भगत, गिरीश भगत, नगर अध्यक्ष ललित मेहरा, उमेश पंत, दर्शन मेहरा, मीडिया प्रभारी रामेश्वर गोयल, संजय पंत, दर्शन बिष्ट आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक नैनवाल का स्वागत करते कार्यकर्ता।



शारीरिक प्रशिक्षण के मामले में किसी को भी नौसिखिया होने का अधिकार नहीं है। किसी व्यक्ति के लिए यह शर्म की बात है कि वह अपने शरीर की सुंदरता और शक्ति को देखे बिना बूढ़ा हो जाए।
- सुकरात, दार्शनिक

## विकास के दावों की परीक्षा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारत के उच्च विकास दर के दावे वास्तविकता की कसौटी पर टिक पाएंगे? हाल के अंतर्राष्ट्रीय आकलनों ने संकेत दिया है कि बाहरी झटकों के प्रति भारत की संवेदनशीलता अभी भी काफी अधिक है। मूडीज द्वारा वित्त वर्ष 2027 के लिए विकास दर को घटाकर लगभग 6 से अधिकतम 6.4 प्रतिशत करने का अनुमान, ओईसीडी के 6.1 प्रतिशत के आकलन और आईसीआरए के 6.5 प्रतिशत के अनुमान, ये तीनों इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत की वृद्धि दर पर इस जंग का दबाव बढ़ रहा है। भले ही यह दर वैश्विक मानकों में अभी भी मजबूत मानी जाए, लेकिन 1 से 1.5 प्रतिशत अंक की संभावित गिरावट को नजरअंदाज कतई नहीं किया जा सकता। इस दबाव का सबसे बड़ा कारण भारत की ऊर्जा निर्भरता है।

कच्चे तेल और एलपीजी का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा उत्पन्न होती है, तो ऊर्जा आपूर्ति और कीमतें दोनों प्रभावित होंगी। इसका सीधा असर परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और अंततः उपभोक्ता महंगाई पर पड़ेगा। बेशक उपभोक्ताओं लिए यह संकट का समय होगा तथा परोक्ष रूप से विकास बाधित होगा। मूडीज का 4.8 प्रतिशत मुद्रास्फीति का अनुमान एक संतुलित परिदृश्य पर आधारित है, लेकिन वास्तविकता इससे अधिक जटिल हो सकती है। एलपीजी और उर्वरकों की आपूर्ति में बाधा खाद्य मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है, जबकि ईवाई घरेलू एजेंसी का आकलन इसे 6 प्रतिशत के करीब पहुंचने की आशंका जताते हैं। ऐसे में निश्चय ही मौद्रिक नीति पर भी दबाव बढ़ेगा और ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं बहुत सीमित हो जाएंगी। ऐसी स्थिति में राजकोषीय स्थिति भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि से सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा, वहीं पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती और कॉर्पोरेट लाभ में कमी से कर संग्रह प्रभावित हो सकता है। इसका परिणाम यह होगा कि राजकोषीय घाटा नियंत्रित रखना बहुत कठिन हो जाएगा। चालू खाता घाटे के मोर्चे पर भी स्थिति फिलहाल संतोषजनक नहीं कही जा सकती। वर्तमान में यह लगभग 0.4 प्रतिशत से बढ़कर 1-1.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। यह बहुत अधिक है। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है और आयात बिल बढ़ता है, तो यह और इससे भी ज्यादा बढ़ सकता है। साथ ही, पश्चिम एशिया भारत के कृषि निर्यात का एक प्रमुख बाजार है, वहां व्यापारिक बाधाएं बढ़ने से निर्यात पर भी दबाव आएगा। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास कुछ मजबूत आधार भी हैं, जैसे बुनियादी ढांचे पर सरकार का निरंतर निवेश, सेवा क्षेत्र की मजबूती और घरेलू मांग। ये कारक विकास को सहारा दे सकते हैं, परंतु बाहरी झटकों के प्रभाव को पूरी तरह संतुलित नहीं कर सकते।

कुल मिलाकर भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह मजबूती अब वैश्विक अनिश्चितताओं की परीक्षा से गुजर रही है। यह समय आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि सतर्क और यथार्थवादी नीति-निर्माण का है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, निर्यात बाजारों का विस्तार और राजकोषीय अनुशासन ये तीनों कदम भारत को इस संकट से सुरक्षित निकालने में निर्णायक सिद्ध होंगे।

### प्रसंगवश

## स्वास्थ्यः अधिकार या महंगी सुविधा

स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यह केवल बीमारी के अभाव का नाम नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन की स्थिति है। हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि स्वस्थ जीवन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है, लेकिन यदि हम अपने आसपास की स्थिति को देखें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या स्वास्थ्य आज भी एक अधिकार है या धीरे-धीरे एक महंगी सुविधा बनता जा रहा है?



संध्या अग्रवाल
साहित्यकार

भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर एक जैसी नहीं है। शहरों में आधुनिक अस्पताल, नई तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी महसूस होती है। कई स्थानों पर लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय पर उपचार मिल पाना कठिन हो जाता है। सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना जैसी पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके अंतर्गत पात्र परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह योजना स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने का प्रयास करती है, हालांकि इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचना भी उतना ही आवश्यक है। इसके साथ ही नए अस्पतालों का निर्माण, स्वास्थ्य योजनाओं का विस्तार और जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कार्य हो रहा है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों के दबाव के बीच इन सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करना अभी भी एक चुनौती बना हुआ है।

दूसरी ओर, निजी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तेजी से हुआ है। आधुनिक सुविधाएं और त्वरित उपचार निश्चित रूप से सकारात्मक हैं, लेकिन इसके साथ बढ़ती लागत एक बड़ी चिंता बनकर सामने आती है। मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए महंगा इलाज कई बार आर्थिक दबाव का कारण बन जाता है। स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण पहलू मानसिक स्वास्थ्य भी है, जिस पर अभी भी अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। तेजी से बदलती जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक दबाव के कारण मानसिक तनाव बढ़ रहा है, लेकिन इसके प्रति जागरूकता और स्वीकार्यता अभी सीमित है। इसके साथ ही एक और चुनौती है, सूचना और भ्रम के बीच संतुलन। आज के डिजिटल युग में स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक जानकारियां उपलब्ध हैं, लेकिन हर जानकारी सही हो, यह जरूरी नहीं। कई बार लोग अपुष्ट जानकारी या अफवाहों के आधार पर निर्णय ले लेते हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो जाती है।

स्वास्थ्य केवल अस्पतालों और दवाइयों तक सीमित नहीं है। स्वच्छता, पोषण, सुरक्षित पेयजल और जागरूकता ये सभी मिलकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। यदि इन बुनियादी पहलुओं पर ध्यान दिया जाए, तो कई बीमारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि स्वास्थ्य को केवल उपचार के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र दृष्टिकोण से देखा जाए। नीतिगत प्रयास, सेवाओं की पहुंच और सामाजिक जागरूकता इन तीनों का संतुलन ही एक मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था की नींव रखता है। अंततः यह समझना जरूरी है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है, क्योंकि जब स्वास्थ्य अधिकार और सुविधा के बीच झूलने लगे, तो यह केवल व्यक्ति की नहीं, पूरे समाज की चिंता बन जाती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# तेल के खेल में फेल होती वैश्विक अर्थव्यवस्था





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

भारत की बात करें तो मार्च 2026 की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके पास करीब 53 लाख टन कच्चे तेल का भंडार है। यह भंडार देश की 30-35 दिनों की तेल जरूरतों को ही पूरा कर पाएगा।

अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू युद्ध अब भयावह हो चला है। दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता वाला देश ईरान इस युद्ध को अपने अस्तित्व से जोड़ते हुए "जैसे को तैसा" वाले तर्ज पर विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। 28 फरवरी से जारी युद्ध को अमेरिका जहां दो-चार दिनों में समाप्त कर देने का दावा कर रहा था, वह महासंग्राम अब छठे सप्ताह में पहुंच गया है। अब अमेरिका उसे नेस्तनाबूद करने और पाषाण युग में पहुंचा देने की धमकी दे रहा है। वहीं, इस युद्ध को ईरान ने शहीद हुए सर्वोच्च नेता अली खामनेई के विचारों से जोड़ लिया है। ईरानियों का भी स्पष्ट मानना है कि "व्यक्ति मर सकता है, उसके विचार कभी नहीं।" ऐसे में शहीद खामनेई के विचार को जिस देश की अति शिक्षित जनता ने आत्मसात कर लिया हो, उससे पार पा लेना अमेरिका-इजराइल के लिए आसान तो नहीं दिख रहा।

दुनिया के 17 वें सर्वाधिक आबादी वाले देश ईरान की करीब नौ करोड़ आबादी ने युद्ध को अपने अस्तित्व से जोड़ लिया है। ऐसे में खाड़ी के छोटे-बड़े देशों में अपना सैन्य अड्डा बनाकर सीमित सैनिकों से युद्ध जीत पाना अमेरिका के लिए सरल नहीं जान पड़ता। प्रश्न यह कि इजराइल के उकसाने पर अमेरिका ने ईरान पर हमला क्यों किया? कई नामचीन लोगों को अपनी गिरफ्त में लेने वाली एपस्टिन फाइल में अपना नाम बार-बार आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध थोपकर "मुल्तानी दांव" क्यों मारा? बार-बार "अमेरिका प्रथम" की बात कर ट्रंप अमेरिकियों की सहानुभूति क्यों लेना चाहते हैं? दुनिया के संपूर्ण तेल भंडारों को अपनी मुट्ठी में क्यों करना चाहते हैं?

इसका जवाब फिलहाल भविष्य की गर्भ में ही। युद्ध का उनका मंतव्य चाहें जो हो, लेकिन यह सच है कि ट्रंप की "तुगलकी सोच" ने आज दुनिया के अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। युद्ध ने कई देशों में कच्चे तेल, एलपीजी व एलएनजी की आपूर्ति असामान्य तो कर ही दी है। आधुनिकता की आड़ में ऊर्जा को ही जीवन का अहम अंग मान लेने वालों के लिए यह युद्ध किसी त्रासदी से कम नहीं। कच्चे तेल के सर्वाधिक भंडार वाले देश वेनेजुएला के बाद क्रमशः सऊदी अरब, ईरान, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, रूस, कनाडा तथा अमेरिका का स्थान आता है।

विश्व के कुल कच्चे तेल का करीब 15 प्रतिशत भाग अकेले सऊदी अरब निर्यात करता है। ऊर्जा शक्ति संपन्न ईरान के पास भी कच्चे तेल के विशाल भंडार हैं, जो फारस की खाड़ी क्षेत्र में जमीन व समुद्र के अंदर मौजूद है। यदि उस पर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध पूरी तरह हटा दिए जाएं तो वैश्विक तेल व्यापार में वह एक बड़ा बदलाव लाने की शक्ति रखता है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर प्रत्यक्ष कब्जा कर उसका तेल भंडार हथिया लिया है। सऊदी अरब की तेल संबंधी व्यापारिक गतिविधियों को अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित किए हुए है।

यही हाल संयुक्त अरब अमीरात तथा कुवैत का भी है। तेल निर्यात करते हुए अमेरिका की रजामंदी खाड़ी के उक्त देशों के लिए अपरिहार्य है। ईरान उसके "अश्वमेध यज्ञ के घोड़े" को पकड़ने का माद्दा रखता है। इसीलिए वह अमेरिका की आंख का किरकिरी बना है। "कहीं पे निगाहें... कहीं पे निशाना" की तर्ज पर अमेरिका की गिद्ध दृष्टि अब ईरान के विशाल तेल भंडार पर है न कि निर्माणाधीन न्यूक्लियर प्लांट पर। यह बताना भी समीचीन है कि विश्व में प्राकृतिक गैस का करीब 24 प्रतिशत भंडार केवल रूस में है। इसके बाद ईरान व कतर का स्थान आता है। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के शीर्ष निर्यातक देशों में रूस, कतर व अमेरिका का स्थान है।

भारत की बात करें तो मार्च 2026 की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके पास करीब 53 लाख टन कच्चे तेल का भंडार है। यह भंडार देश की 30-35 दिनों की तेल जरूरतों को ही पूरा कर पाएगा। भारत अपनी आवश्यकता का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल 40 से अधिक देशों से आयात करता है, जिसमें रूस, इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका व नाइजीरिया प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसी प्रकार करीब 60 प्रतिशत द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का आयात कतर, यूएई, सऊदी अरब व कुवैत से करता है। द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का एक बड़ा भाग कतर से आयात करता है। यूएई, ओमान, नाइजीरिया अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व अंगोला भी हमारे बड़े आपूर्तिकर्ता देश हैं।

विश्व के समुद्री तेल व्यापार का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा ईरान के कब्जे वाले होर्मुज जलडमरूमध्य से होता है। भारत में करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल व ईंधन गैस इसी रास्ते से आता है। ईरान ने इस अतिमहत्वपूर्ण जल गलियारे को लगभग बंद ही कर दिया है। इससे उबरने को भारत रूस के अलावा करीब 40 देशों से महंगे दर पर कच्चा तेल, एलपीजी व एलएनजी खरीद रहा है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर व आस्ट्रेलिया तो होर्मुज संकट से दो-चार हो ही रहे, अफ्रीका, यूरोप व दक्षिण अमेरिकी महाद्वीपों के देशों के अलावा यूएसए और कनाडा की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर दिखने लगा है। खाड़ी देशों में जारी युद्ध कच्चे तेल व ईंधन निर्यात करने वाले देशों की अर्थव्यवस्था को भी झुलसाने पर आमादा दिख रही है। इस युद्ध में जहां अमेरिका की "साख" दांव पर लगी दिख रही, वहीं ईरान अपने "अस्तित्व" के लिए लड़ता दिख रहा है। कौन पीछे हटेगा व किसकी जीत होगी? यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

### आमने सामने



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि वे कोलकाता को निशाना बनाएंगे। नरेंद्र मोदी ने यह क्यों नहीं कहा कि हम कड़ी कार्रवाई करेंगे? इसका क्या कारण है? क्या ब्लूप्रिंट तैयार है? चुनाव से पहले एक और पहलगाम?

-ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री पंश्चिम बंगाल

ममता पहलगाम आतंकी हमले को एक स्क्रिप्ट, एक ब्लूप्रिंट बता रही हैं। टीएमसी ने अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए पहलगाम हमले को स्क्रिप्ट तक कह डाला, जिसमें पाकिस्तानी आतंकवादियों ने बेकसूर हिंदुओं की हत्या की थी। हिंदू विरोधी टीएमसी।

-प्रदीप भंडारी
प्रवक्ता, भाजपा



# युद्ध का खामियाजा भुगतता एनर्जी सेक्टर



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

साल 2030 तक सभी के लिए सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और मजबूत नीतियों की आवश्यकता है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की दरकार है।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के बहाने एक बार फिर दुनियाभर के एनर्जी सेक्टर को निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में ईरान और इजरायल ने पहली बार जीवाश्म ईंधन ऊर्जा उत्पादन से जुड़े संयंत्रों पर हमले किए, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ गई है। असल में ऊर्जा को अब युद्ध का हथियार बनाया जा रहा है। इजराइल ने कतर के साथ साझा किए जाने वाले दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने सऊदी अरब में तेल कंपनी अरामको की समरेफ रिफाइनरी के साथ-साथ कतर और यूएई में गैस सुविधाओं पर ड्रोन और मिसाइलों से हमलाकर जवाबी कार्रवाई की, जो युद्ध में खतरनाक मोड़ साबित हुई है।

दुनिया का सबसे बड़ा साउथ पार्स गैस क्षेत्र भारत सहित वैश्विक एलएनजी आपूर्ति की रीढ़ है। इजरायली हमले के बाद तेल और गैस की कीमतों में आई वृद्धि दुनिया के तमाम देशों के साथ आम आदमी की कमर तोड़ने वाली साबित हो रही है। वहीं इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि साल 2003 में अमेरिका द्वारा इराक पर आक्रमण के बाद क्षतिग्रस्त ऊर्जा सुविधाओं की मरम्मत में महीनों लग गए थे। करीब दो साल बाद ही उत्पादन युद्ध के पूर्व स्तर पर वापस आ पाया था। इस दौरान दुनिया को भारी ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा था। विशेषज्ञों का कहना है कि क्षतिग्रस्त ऊर्जा उत्पादन बुनियादी ढांचे की मरम्मत में वर्षों लग जाते हैं। खासकर एलएनजी संयंत्र को नुकसान पहुंचना सबसे बुरा होता है। इसकी मरम्मत में कई साल लग सकते हैं। गैस संयंत्रों पर जवाबी हमलों के वैश्विक प्रभाव हैं।

यह सर्वविदित है कि ऊर्जा व्यवधान ईंधन की कीमतों और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करते हैं, जिसका असर अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है। खाड़ी क्षेत्र यूरोप, एशिया और भारत के लिए एक प्रमुख ऊर्जा गलियारा बना हुआ है। वहीं युद्ध के बीच ईरान ने कहा है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों पर दोबारा हमला हुआ, तो वह खाड़ी देशों के तेल और गैस सेक्टर को पूरी तरह तबाह कर देगा।

ईरान की सैन्य यूनिट आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमला कर बड़ी गलती की है। अगर ऐसा दोबारा हुआ, तो जवाब और भी ज्यादा खतरनाक होगा। इससे पहले ईरान के सबसे बड़े गैस क्षेत्र साउथ पार्स गल्फ फील्ड पर हमला हुआ था। यह दुनिया का सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो बुशहर के पास समुद्र में स्थित है। इसके तुरंत बाद ईरान ने कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को चेतावनी दी कि उनके तेल और गैस ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। एनर्जी सेक्टर पर लगातार हमले यह दिखाते हैं कि अब यह जंग सिर्फ सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि दुनिया की एनर्जी सप्लाई भी सीधे खतरे में आ गई है। अगर हालात ऐसे ही बिगड़ते रहे, तो तेल और गैस की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है और इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इधर, ईरान में जारी जंग की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। सैकड़ों की संख्या में जहाज फंसे हुए हैं, जिस वजह से ग्लोबल लेवल पर ऊर्जा संकट बना हुआ है। गौरतलब है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया के 20 फीसदी तेल का एक्सपोर्ट किया जाता है। इसको लेकर अमेरिका ने हाल ही में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर हमला किया था, जिसके बाद स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक बन गई है।

असल में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुआ यह टकराव अब तेल युद्ध में तब्दील हो चुका है, जो लगातार खतरनाक मोड़ लेता जा रहा है। आगे हालात और भी भयावह होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाने के कारण दुनिया पहले से ही कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान से जूझ रही है। ऐसे में उत्पादन सुविधाओं को होने वाली किसी भी क्षति का प्रभाव वर्षों तक बना रह सकता है।

एक अनुमान के अनुसार, साउथ पार्स गैस क्षेत्र में 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस का भंडार है, जो दुनिया की कई वर्षों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। तेहरान के लिए साउथ पार्स उसकी ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। ईरान की लगभग 80 फीसदी बिजली इसी गैस क्षेत्र से उत्पन्न होती है। यह गैस क्षेत्र केवल ईरान का नहीं है। ईरान इसे कतर के साथ साझा करता है, जो अमेरिका का सहयोगी और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी उत्पादक है। कतर के हिस्से को नॉर्थ फील्ड के नाम से जाना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में एलएनजी वैश्विक बाजारों में निर्यात की जाती है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने पिछले साल बताया था कि दुनिया में करीब 730 मिलियन लोग ऐसे हैं, जो बिजली के बिना रहते हैं। उन्हें बिजली से जोड़ने की दिशा में प्रगति 2020 से रुकी हुई है। वहीं भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में ऊर्जा संकट का प्रमुख कारण यह है कि बिजली की मांग उसकी आपूर्ति से कहीं अधिक है, जो कि लगातार बढ़ रही है। अब सबसे बड़ी चुनौती जीवाश्म ईंधनों का विकल्प तलाशते हुए स्वच्छ ऊर्जा से इस बढ़ती मांग को पूरा करना है। स्वच्छ, प्रचुर, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा का भविष्य संभव है, बशर्ते कि दुनिया वित्त, नीति और बुनियादी ढांचे में मौजूद कमियों को दूर कर सके। साल 2030 तक सभी के लिए सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नीतियों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें इसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। वहीं युद्ध और संघर्षों से एनर्जी सेक्टर को हर हाल में बचाना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो दुनिया अंधेरे में डूब जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पिंग शुन जहाज

3 अप्रैल 2026 को ईरान से भारत आ रहा एक तेल का टैंकर बीच रास्ते से ही चीन की ओर मुड़ गया है। इस जहाज का नाम 'पिंग शुन' है। ब्रिटेन की अगुवाई में होर्मुज खाली कराने के लिए जो साठ देशों की बैठक हुई है, उसमें भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि विक्रम मिस्री ने बयान दे दिया कि होर्मुज में सबसे अधिक भारत को भुगतना पड़ा है, हमारे कई नाविक विभिन्न देशों के जहाजों पर ईरानी हमलों में मारे गए हैं, लेकिन भारत आ रहे तेल टैंकर पिंग शुन के भारत के रास्ते से एकाएक चीन की तरफ मुड़ने वाली घटना की जब विस्तृत छानबीन की गई, तो कुछ और तथ्य सामने आए हैं।



आरएन शाही
लेखक

पिंग शुन एक 'अफ्रैमैक्स' श्रेणी का टैंकर है। पहले यह गुजरात के वाड़िनार पोर्ट की ओर आ रहा था और 4 अप्रैल तक इस पोर्ट पर पहुंचने वाला था, लेकिन 3 अप्रैल को इसने अपना रास्ता बदलकर चीन के डोंगयिंग पोर्ट की ओर कर लिया। अगर यह भारत आता, तो पिछले 7 सालों में ईरान से भारत आने वाली यह पहली तेल की खेप होती। शिप-ट्रैकिंग फर्म केप्लर और अन्य विशेषज्ञों के अनुसार, इसके पीछे कई तकनीकी और व्यापारिक कारण माने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेल बेचने वाली कंपनियों ने भुगतान की शर्तों को सख्त कर दिया है। पहले जहां 30 से 60 दिनों का समय भुगतान क्रेडिट के लिए मिलता था, अब वे तुरंत या बहुत कम समय में भुगतान की मांग कर रही हैं। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम के जरिए भुगतान करना अभी भी बहुत जटिल है। भारत किसी अमेरिकी भय के कारण नहीं, बल्कि इन ट्रांजैक्शनल पचड़ों के कारण ईरान से तेल खरीदने से बचता रहा है। भय होता तो रूस से भी इतनी बड़ी मात्रा में क्रूड ऑयल भारत ने नहीं खरीदा होता, क्योंकि रूस पर तो और बड़े और कड़े प्रतिबंध थे।

'पिंग शुन' पर अमेरिका ने पहले से ही प्रतिबंध लगा रखे हैं। ऐसे जहाजों के लिए इंश्योरेंस और सुरक्षित पेमेंट का इंतजाम करना भारतीय कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, जबकि चीन के खरीदार ऐसे सौदों में अधिक सहज रहते हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, इस जहाज का प्रबंधन चीन की एक कंपनी के पास है, जो इसके वापस मुड़ने का एक स्वाभाविक कारण भी हो सकता है। भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि तेल खरीदना पूरी तरह से तेल कंपनियों का व्यावसायिक निर्णय होता है, सरकार डायरेक्ट हस्तक्षेप नहीं करती। इसी समय, भारत का एक अन्य एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सांवी' सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत की ओर बढ़ रहा है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कोयले से ऊर्जा उत्पादन की ओर लौटती दुनिया

जलवायु परिवर्तन के घातक संकेतों के बीच दुनिया तेजी से गैस आधारित ऊर्जा उत्पादन की ओर बढ़ी थी। किंतु रूस-यूक्रेन, इजरायल-फिलीस्तीन और अब अमेरिका-ईरान के बीच छिड़े युद्धों ने ऐसे विकट हालात पैदा कर दिए हैं कि विश्व गहरे ऊर्जा संकट से घिर गया है। जिन देशों ने कोयले को त्यागकर गैस आधारित बुनियादी ढांचा तैयार किया था, वे अब अपने बंद पड़े कोयला संयंत्रों को फिर से चालू करने की विवशता झेल रहे हैं। इस महायुद्ध में तेल भंडारों के साथ-साथ बिजली संयंत्रों को भी निशाना बनाया गया है। ईरान द्वारा पश्चिमी एशियाई देशों के ऊर्जा केंद्रों को क्षति पहुंचाने और जवाब में अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु एवं गैस संयंत्रों को ध्वस्त करने से वैश्विक बाजार में गैस की भारी किल्लत पैदा हो गई है। नतीजतन, जापान, जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड और चेक गणराज्य जैसे विकसित राष्ट्रों ने पुनः जीवाश्म ईंधन यानी कोयले का रुख कर लिया है। यह तब हो रहा है, जब ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, 2015 से यूरोप में कोयला बिजली क्षमता में 45 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी थी।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ लेखक

उभरती अर्थव्यवस्थाओं को गैस आधारित ऊर्जा को एक 'ब्रिज फ्यूल' के रूप में बेचा गया था- एक ऐसा स्वच्छ विकल्प जो सस्ता, भरोसेमंद और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला माना जाता था। किंतु वर्तमान युद्धों ने इस भरोसे को तोड़ दिया है। इंटरनेशनल ऊर्जा एजेंसी और गोल्डमेन सैक्स ग्रुप का मानना है कि ऊर्जा आपूर्ति में आया यह दूसरा सबसे बड़ा झटका है, जिससे दुनिया को लंबे समय तक कोयले पर निर्भर रहना पड़ सकता है। ऐतिहासिक रूप से देखें, तो वैश्विक बिजली का लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा आज भी थर्मल पावर से आता है। 1500 ईसवी के बाद औद्योगिक क्रांति की नींव कोयले पर ही रखी गई थी। चाहे कारखाने हों, रेलें हों या भोजन, कोयला और लकड़ी सदियों तक आधार रहे, लेकिन इसके दुष्प्रभावों और बढ़ते तापमान को देखते हुए 1992 में 'रियो पृथ्वी सम्मेलन' और 2005 में 'क्योटो प्रोटोकॉल' अस्तित्व में आए। 192 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों, विशेषकर कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने की प्रतिबद्धता जताई। वर्ष 2018 में भारत और चीन में कोयला खपत में कमी देखी गई थी, जिसके चलते भारत पहली बार 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ। स्पेन के 'कॉप 25' सम्मेलन की रिपोर्ट ने भी दर्शाया था कि दुनिया के 90 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार 57 देशों में से 31 में उत्सर्जन कम होने के रुझान थे। उस समय अमेरिका का प्रदर्शन सबसे खराब रहा था, क्योंकि उसने जलवायु समझौते से बाहर होने का निर्णय लिया था।

हालांकि वर्तमान युद्धों ने समीकरण बदल दिए हैं। नवंबर 2021 के ग्लासगो सम्मेलन में तय हुआ था कि विकसित देश 2030 और विकासशील देश 2040 तक कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। ऑस्ट्रेलिया की 'रियो टिंटो' जैसी बड़ी कंपनियों ने भविष्य को भांपते हुए अपनी खदानें बेच दी थीं। इसी अवसर को भुनाते हुए भारतीय उद्यमी गौतम अडानी ने 'ऑस्ट्रेलिया कोल कंपनी' के माध्यम से क्वींसलैंड में खनन शुरू किया, जिससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिला। 2022 में भारत में आए कोयला संकट के दौरान एनटीपीसी ने वहीं से कोयला आयात किया था। स्पष्ट है कि युद्धों के कारण पैदा हुआ यह ऊर्जा संकट न केवल अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है, बल्कि धरती के बढ़ते तापमान को रोकने के वैश्विक प्रयासों को भी भारी पीछे धकेल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# सूर्य अष्टम पाठ जीवन की बाधाओं को हरने वाला

## शत्रु पर विजय प्राप्ति

जो व्यक्ति सूर्य देव जी के भक्त हैं, जो नियमित रूप से उनका पूजा करते हैं, श्री सूर्य अष्टकम का पाठ करते हैं, कोई भी शत्रु उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता है। शत्रु चाहे जितना भी बलवान क्यों नहीं रहे बाल भी बांका नहीं कर सकता। श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से शत्रु पर विजय प्राप्त होता है।

## मानसिक विकास

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से सभी प्रकार के मानसिक विकार दूर होता है। अच्छे बुरे को सोचने समझने की ताकत आती है। वह व्यक्ति कुसंगति का त्याग कर सत्संगति को अपनाता है। व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत बनता है। वह व्यक्ति अच्छे बुरे का अच्छे से पहचान कर पाता है। इसके पाठ से दुराचारी व्यक्ति भी सदाचारी बनने लगता है। व्यक्ति सात्विक बनता है सकारात्मक सोच रखता है। व्यक्ति के मन से तामसिक भावना नष्ट होती है। वह साधुवाद को प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति से सभी लोग प्रेम करते हैं।



## कार्यों में सफलता प्राप्त होना

श्री सूर्य अष्टकम पाठ से मानसिक विकास होता है। व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत बनता है। लोगों को रोगों से छुटकारा मिलता है। जब व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत एवं स्वस्थ रहता है, तो उन्हें सभी कार्यों में निश्चय ही सफलता प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति सफलता हासिल होने तक मेहनत से पीछे नहीं हटते हैं और जो व्यक्ति पूरी लगन पूरी मेहनत के साथ किसी कार्य को करते हैं, तो उन्हें निश्चय ही सफलता प्राप्त होती है।

सूर्य अष्टकम का पाठ करने से व्यक्ति के जीवन में नवजीवन का संचार होता है। इस धरा धाम में श्री सूर्य देव जी ही एक ऐसे देव हैं, जिनका दर्शन हम सभी को प्रतिदिन होता है। ज्योतिष के नवग्रह मंडल में सूर्य देव का स्थान सर्वोपरि है, सूर्य देव की नियमित साधना जीवन में चमत्कारिक रूप से लाभ पहुंचती है, जिन युवाओं को सरकारी नौकरी चाहिए या सरकार से संबंधित कार्य करने पड़ते हैं, ऐसे लोगों को नियमित रूप से सूर्य अष्टम का पाठ करना चाहिए।



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

## सूर्य अष्टकम पढ़ने के लाभ

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति के जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन देखने को मिलता है, लेकिन हम यहां पर आप सभी को बता दें कि किसी भी देवी-देवता की पूजा आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में बदलाव या मनोवांछित लाभ तभी मिल पाता है, जब पूजा आराधना पूर्ण श्रद्धा व सच्चे मन से की जाती है।

## ग्रह बाधा से मुक्ति

ज्योतिष विद्या में श्री सूर्य देव जी को नवग्रह मंडल का प्रमुख माना गया है। श्री सूर्य अष्टकम का पाठ करने से सभी प्रकार की नौ ग्रह शांत होते हैं। शनि दोष राहु-केतु सभी का दोष दूर होते हैं। जिस साधक की कुंडली में या उनकी राशि में किसी भी प्रकार का ग्रह दोष उत्पन्न होता है, तो उन्हें श्री सूर्य अष्टकम का पाठ निश्चय ही करनी चाहिए।

## रोगों से मुक्ति

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से असाध्य रोगों में भी आशातीत लाभ मिलता है। जब कोई व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी या दुर्घटना का शिकार हो गया हो, तो, उन्हें या उनके परिजन को उनके लिए सूर्य अष्टकम का पाठ अवश्य ही करनी चाहिए। इससे उस तकलीफ में उसे शीघ्र लाभ मिलता है और शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करता है।



## सुख समृद्धि की प्राप्ति

श्री सूर्य अष्टकम के नियमित पाठ से घर परिवार एवं जीवन में सुख समृद्धि आती है। जीवन खुशियों से भर जाती है। इसके पाठ से व्यक्ति को उनके जीवन में सफलता मिलती है। उनका हर कार्य सफल होता है। जहां सफलता है, वहां खुशियां आती है।

## दूर होती है बेरोजगारी

ऐसे व्यक्ति जो बेरोजगार हैं या जिनके पास आय का कोई साधन नहीं हैं, उन्हें श्री सूर्य अष्टकम का पाठ अवश्य ही करनी चाहिए। इसके नियमित पाठ से शीघ्र ही नौकरी या व्यवसाय का मार्ग प्रशस्त होता है। व्यक्ति को योग्यता अनुसार मनचाही नौकरी की प्राप्ति होती है। अगर कोई व्यापार या किसी व्यवसाय के क्षेत्र में है, तो उन्हें अपने कार्य में सफलता मिलती है।

## प्रतिद्वंद्वियों से आगे होना

आज का युग कंपटीशन एवं चुनौतियों से भरा पड़ा है। आप किसी भी कार्य क्षेत्र में रहे सभी कार्यों में चुनौतियां और कंपटीशन बहुत ज्यादा है। श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति मानसिक रूप से प्रबल रहता है। उनका हौसला बढ़ा हुआ रहता है। वह किसी भी कार्य को पूरे जोश उत्साह के साथ करता है। उनमें इतना जोश उत्साह रहता है कि वह चुनौतियों का सामना करने से कभी घबराता नहीं है। कभी हारता नहीं है, कभी थकता नहीं है, फल स्वरूप वह अपने प्रतिद्वंद्वियों से सदा आगे रहता है।

## मानसिक शांति

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति के सभी कार्य सफल होते हैं। जीवन में खुशियां आती हैं। ग्रह बाधा से मुक्ति मिलती है। बीमारियों से छुटकारा मिलता है। बेरोजगारी दूर होती है। इन सब कारणों से व्यक्ति का जीवन खुशियों से भरा रहता है, फलस्वरूप मानसिक शांति की प्राप्ति होती है।

## पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं



श्री सूर्य अष्टकम का पाठ मनुष्य जिस उद्देश्य से या जिस कामना की पूर्ति के लिए करता है वह निश्चय ही पूरा होता है। इसका पाठ पूर्ण विश्वास व श्रद्धा भक्ति के साथ करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सारी मनोकामनाएं से तात्पर्य यह है कि वह मनोकामनाएं, जो आपके अनुकूल है या उस कामना के लिए आप योग्य हैं। अगर आप में लगन है उस काम के प्रति आप में समर्पण का भाव है, तो सूर्य अष्टकम का पाठ करने से आपके मार्ग में आ रही परेशानियां और अड़चनें दूर होगी और आपकी मनोकामनाएं पूरी होगी।

## सूर्य अष्टक पढ़ने की विधि

प्रात: काल सूर्य उदय होते समय लकड़ी की चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर उसके ऊपर सिर्फ सूर्य यंत्र रखें, यंत्र पर लाल चंदन, कुमकुम, केसर का तिलक लगाए, यदि संभव हो सके तो, रविवार का व्रत रखें, यदि व्रत नहीं रह सकते तो, रविवार के दिन नमक न खाएं। सूर्यदेव कैरियर और व्यापार से संबंधित रुकावटों को दूर करते हैं। रोजी, रोजगार व्यापार की चाह रखने वाले अगर प्रति रविवार उनका दूध-भात-मिश्री का भोग लगा कर पूजन करें, तो 7 रविवार के बीच में ही सरकारी नौकरी लगने की संभावना होती है, सूर्य देव की कृपा से बहुत अच्छा चलता है। सूर्य देव मनुष्य की सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाले देवताओं हैं, लेकिन पूरे मन चित्त से पूजन करना अनिवार्य है।

# उस महान यात्रा की तैयारी अभी से की जाए

हमें एक दिन मृत्यु की गोद में जाना ही है। जीवन का उद्देश्य है कि हम ईश्वर का साक्षात्कार करें, परमपद को पाएं। किंतु कितने लोग हैं, जो इस ओर ध्यान देते हैं? किसी को तृष्णा से छुटकारा नहीं। कोई इन्द्रिय भोगों में मस्त है। कोई अहंकार में ऐंठा जा रहा है, तो कोई भ्रम जंजाल में ही मस्त है। इन विडंबनाओं को उलझाते-सुलझाते यह सुनहरा अवसर निकलता जा रहा है। मृत्यु सिर के ऊपर नाच रही है। पल का भरोसा नहीं। न जाने किस घड़ी मौत गला दबा दे। आज आप जाने क्या-क्या योजनाएं बना रहे हो, हो सकता है कल यह सब धरे के धरे रह जाएं और हमारा डेरा किसी दूसरे देश ही जा गड़े। ऐसी विषम बेला में अचेत रहना बड़े दुर्भाग्य की बात है। अभी भी समय है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

आंखें खोलिए। सचेत हो जाइए। जीवन क्या है, हम क्या हैं, संसार क्या है, हमारा उद्देश्य क्या है? इन प्रश्नों को उतना ही महत्वपूर्ण समझिए, जितना कि रोटी को समझते हैं। निरंतर इन प्रश्नों पर विचार करने से आप उस मार्ग पर चल पड़ेगें, जिसे मृत्यु की तैयारी कहते हैं, जो काम कल करना है, उसका बंधन आज से सोचना होगा। आपकी मृत्यु का समय आपको नहीं पता, इसलिए उसकी तैयारी आज से, इसी क्षण से आरंभ करनी चाहिए।

अनासक्ति कर्मयोग के तत्वज्ञान को समझकर जीना उत्तम है। माया के बंधन हमें इसलिए बांध दते हैं कि हम उनमें लिपट जाते हैं। तन्मय हो जाते हैं। स्त्री, पुत्र, कुटुंब, परिवार का बड़े प्रेमपूर्वक पालन कीजिए, उन्हें अपनी संपत्ति नहीं, पूजा का आधार बनाइए। उन्हें अपनी जायदाद न मानना। नहीं तो बुरी तरह मारे जाओगे। बड़ा भारी धोखा खाओगे। संपत्ति उपार्जन अवश्य कीजिए, पर किसी सही उद्देश्य से। न कि शहद की मक्खियों की तरह कष्ट सहने के लिए। सब काम उसी प्रकार कीजिए जैसा संसारी लोग करते हैं, पर अपना दृष्टिकोण दूसरा रखिए। स्मरण रखिए संसार की वस्तुएं आपकी वस्तु नहीं है। दूसरी आत्माएं आपकी गुलाम नहीं हैं।

मेरा-तेरा दोनों एक साथ नहीं रह सकते। बस, माया की सारी गांठ इतनी ही है। योग का सारा ज्ञान इसी गांठ को सुलझाने के लिए है। पाप कर्म हम इसलिए करते हैं कि हमारा अहंभाव बहुत ही संकुचित होता है। जब आप कहते हैं कि मेरी जायदाद इतनी है, तो प्रकृति गाल पर



तमाचा मारती है कि मूर्ख! तू कुछ ही समय से आकर इस पर अधिकार जमाता है, यह प्रवाह अनादिकाल से चला आ रहा है। सोना-चांदी तेरा नहीं है प्रकृति का है, जिसे तू स्त्री समझता है, यह पूर्व जन्मों में तुम्हारी मां हो चुकी होगी। आत्माएं स्वतंत्र हैं, कोई किसी का गुलाम नहीं है। विश्व का कण-कण बड़ी ही द्रुतगति से नाच रहा है। कोई वस्तु स्थिर नहीं है। बहती हुई नदी का आनंद देखना है, तो देख, रोकने खड़ा होगा, तो एक ओर हटा दिया जाएगा।

दुख, विपत्ति, व्यथा और पीड़ा का कारण अज्ञान है। मृत्यु के समय दुख प्राप्त करने का, नरक की ज्वाला में जलने का, भूत-प्रेतों में भटकने का, जन्म-मरण की फांसी में लटकने का एक ही कारण है- अज्ञान, केवल अज्ञान। अंधकार से प्रकाश की ओर चलिए। मृत्यु से अमृत की ओर चलिए। मजहबी कर्मकांड आत्मा का हित नहीं कर सकते। दूसरों की ओर मत ताकिए कि कोई हमें पार कर देगा। केवल पूर्णगुरु की आपको पार कर सकता है। उनके मार्गदर्शन में अपने हृदय को विशाल, उदार, उच्च और महान बनाइए। अहंभाव को हटाकर सबको आत्मदृष्टि से देखिए। अपनी अंतरात्मा को प्रेम में सराबोर कर लीजिए और प्रेम का अमृत समस्त संसार पर बिना भेदभाव के छिड़किए। अपना कर्तव्य धर्मनिष्ठापूर्वक पालन कीजिए। व्यवहार कर्मों में रत्ती भर भी शिथिलता मत आने दीजिए, पर रहिए कमलपत्र की तरह। राजा जनक की तरह कर्मयोगी बनिए। अनासक्त रहिए। सर्वत्र आत्मीयता की दृष्टि से देखिए। अपनी महानता का अनुभव कीजिए और गर्व के साथ सिर ऊंचा उठाकर कहिए- सोहम, अर्थात वह मैं हूं।

आत्मज्ञान द्वारा आप इहलोक व परलोक को परिपूर्ण आनंदमय बना सकते हैं। मृत्यु फिर आपको दुख नहीं देगी। वरन एक खेल प्रतीत होगी। आप ऊंचे उठेंगे और महान उद्देश्य को प्राप्त कर पाएंगे। मृत्यु की तैयारी के लिए आज से ही आत्मा के विशुद्ध स्वरूप का चिंतन आरंभ कर देना चाहिए। अपनी महानता का ज्ञान होते ही माया-मोह के सारे बंधन टूटकर गिर पड़ेंगे।

बोध कथा

# मानसिक संतोष में खुशी

एक बार की बात है, एक बहुत ही अमीर व्यापारी अपने विशाल महल की खिड़की पर खड़ा था। वह बहुत चिंतित और उदास था, क्योंकि उसका व्यापार ठीक नहीं चल रहा था। तभी उसकी नजर खिड़की के ठीक नीचे सड़क के किनारे रहने वाले एक गरीब मोची पर पड़ी। वह मोची फटे-पुराने कपड़े पहने हुए था, लेकिन वह बहुत जोर-जोर से गाना गा रहा था और जूते सिलते समय उसके चेहरे पर गजब की मुस्कान थी। व्यापारी को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने सोचा, "मेरे पास इतना धन, महल और नौकर-चाकर हैं, फिर भी मैं परेशान हूं। इस आदमी के पास कुछ नहीं है, फिर भी यह इतना खुश कैसे है?"

व्यापारी ने मोची की खुशी का रहस्य जानने के लिए एक योजना बनाई। उसने चुपके से एक थैली में 100 सोने की मोहरें डालीं और रात के अंधेरे में मोची की झोपड़ी के बाहर रख दीं। अगली सुबह जब मोची को वह थैली मिली, तो उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। उसने कभी इतनी दौलत नहीं देखी थी। उसने मोहरें गिनीं कुल 99 थीं (व्यापारी ने जानबूझकर एक कम रखी थी)। मोची ने सोचा, "सिर्फ एक मोहर और मिल जाए, तो पूरे 100 हो जाएंगे।" अब मोची का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। वह उस एक मोहर को कमाने के लालच में दिन-रात काम करने लगा। वह अब गाना नहीं गाता था,




न ही किसी से हंसकर बात करता था। उसे डर सताने लगा कि कहीं कोई उसकी मोहरें चुरा न ले। वह देर रात तक जागता और हर समय तनाव में रहता।

कुछ दिनों बाद व्यापारी ने फिर खिड़की से देखा। मोची अब दुबला हो गया था, उसके चेहरे की मुस्कान गायब थी और वह हर पल चिड़चिड़ा रहता था। व्यापारी समझ गया कि मोची '99 के फेर' में फंस गया है। इस कथा से सार निकलता है कि हम अक्सर उन चीजों के पीछे भागते हैं, जो हमारे पास नहीं हैं (वह 100 वीं मोहर) और इस चक्कर में हम उन चीजों का आनंद लेना भूल जाते हैं, जो हमारे पास पहले से मौजूद हैं। खुशी बाहरी संपत्ति में नहीं, बल्कि मन के संतोष में होती है।

-प्रमोद श्रीवास्तव

# शनिदेव का रहस्य

हिंदू मान्यताओं के अनुसार शनिदेव को कर्मफलदाता और न्याय के देवता माना जाता है। वे सूर्यदेव और संज्ञा देवी के पुत्र हैं। उनकी चाल मंद मानी जाती है और इसी कारण उनका प्रभाव भी लंबे समय तक रहता है। शनि की साढ़ेसाती और ढैया को लेकर लोगों में



भय अवश्य रहता है, लेकिन उनके स्वरूप को समझें तो वे अनुशासन और न्याय के प्रतीक हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, सूर्यदेव के तेज को सहन न कर पाने के कारण संज्ञा देवी ने अपनी प्रतिमूर्ति स्वर्णा को उनके स्थान पर छोड़ दिया। स्वर्णा ने संज्ञा की संतानों के प्रति भेदभाव किया। एक दिन क्रोध में आकर शनिदेव ने उन्हें मारने के लिए पैर उठाया, जिस पर स्वर्णा ने उन्हें श्राप दे दिया। बाद में सूर्यदेव ने उस श्राप को कम करते हुए कहा कि शनि अपंग तो नहीं होंगे, परंतु जीवनभर लंगड़ाकर चलेंगे। यही कारण है कि उनकी गति धीमी मानी जाती है।

एक अन्य कथा हनुमान जी से जुड़ी है। जब हनुमान जी प्रभु राम के ध्यान में लीन थे, तब शनिदेव ने उन्हें युद्ध के लिए ललकारा। हनुमान जी ने अपनी पूंछ से उन्हें बांध लिया और कष्ट दिया। अंतत: शनिदेव ने अपनी भूल स्वीकार की और वचन दिया कि वे राम और हनुमान भक्तों को कष्ट नहीं देंगे। हनुमान जी द्वारा दिए गए तेल से उनके घाव शांत हुए, तभी से शनिदेव को तेल चढ़ाने की परंपरा प्रचलित हो गई। इन कथाओं का सार यही है कि शनिदेव दंड के साथ-साथ सुधार के भी प्रतीक हैं। वे हमें सिखाते हैं कि क्रोध और अहंकार से बचकर, संयम और अच्छे कर्मों का पालन करें। सच्ची भक्ति और विनम्रता ही उनके प्रकोप से बचाकर जीवन में सुख और संतुलन प्रदान करती है।




# मांगलिक योग या दोष



डॉ. विपिन शर्मा
ज्योतिषाचार्य

समाज ने 'मांगलिक' शब्द को डर से जोड़ दिया है। कहा जाता है कि मांगलिक व्यक्ति से शादी करने पर जीवनसाथी को खतरा होता है, पर ज्योतिष का गहरा सच इससे अलग है। मांगलिक होना कोई बीमारी नहीं, बल्कि मंगल ग्रह की तीव्र ऊर्जा का शरीर और मन में उतर आना है। मंगल अग्नि है। वही अग्नि जो लोहे को पिघलाती भी है और तलवार भी बनाती है। मांगलिक व्यक्ति के भीतर यही अग्नि ज्यादा होती है। इसलिए वे सामान्य लोगों से ज्यादा तेज, साहसी, भावुक और क्रियाशील होते हैं। वे जल्दी प्रतिक्रिया करते हैं, जल्दी गुस्सा भी होते हैं और जल्दी प्रेम भी करते हैं। यही कारण है कि उनके रिश्तों में तीव्रता अधिक होती है- चाहे वह लड़ाई हो या आकर्षण। यह समझना बहुत जरूरी है कि 'मांगलिक से मांगलिक की शादी' कोई अंधविश्वास नहीं, बल्कि ऊर्जा-संतुलन का सिद्धांत है। अगर एक व्यक्ति में मंगल की ऊर्जा बहुत ज्यादा है और दूसरा बहुत शांत, तो टकराव तय है। मानसिक, शारीरिक और यहां तक कि दांपत्य जीवन में भी असंतुलन बनता है। पर जब दो लोगों की मंगल-ऊर्जा बराबर होती है, तो वही तीव्रता आपसी समझ, आकर्षण और मजबूत रिश्ते में बदल जाती है।

## रिश्तों पर अशुभ मंगल के मुख्य प्रभाव

- **क्रोध और अहंकार** : व्यक्ति गुस्सैल, अहंकारी और आक्रामक हो सकता है, जिससे रिश्तों में अनावश्यक बहस और टकराव होता है।
- **वैवाहिक जीवन में तनाव :** सप्तम भाव (विवाह भाव) में मंगल होने से वैवाहिक जीवन में मारपीट, झगड़े और अविश्वास की भावना पैदा होती है, जिससे तलाक का खतरा भी बढ़ सकता है।
- **ससुराल पक्ष से मतभेद :** ससुराल वालों के साथ संबंध खराब होते हैं और उनसे अनबन बनी रह सकती है।
- **भाई-बहनों से अनबन :** छोटे भाई-बहनों और अन्य रिश्तेदारों (चाचा, ताऊ) से रिश्ते बिगड़ते हैं, भाई के साथ धोखा मंगल को और खराब करता है।
- **अविश्वास और संदेह :** रिश्तों में एक-दूसरे पर शक करने की प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे दूरियां आती हैं।
- **शारीरिक समस्याएं :** रिश्तों में तनाव के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है।
- **अलगाव और तलाक :** गंभीर मामलों में, मंगल दोष रिश्ते टूटने का कारण बन सकता है, खासकर जब मुद्दों को सुलझाया न जाए।
- **कर्ज और मुकदमेबाजी :** अशुभ मंगल कर्ज और कानूनी मामलों में उलझा सकता है, जो रिश्तों को भी प्रभावित करता है।

## मंगल शांति के लिए उपाय और आराधना

- मंगलवार को हनुमान जी की पूजा, हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करें।
- भगवान नरसिंह और कार्तिकेय की आराधना करें।

## दान

लाल मसूर दाल, गुड़, सौंफ, गेहूं, तांबे के बर्तन, लाल वस्त्र, लाल कनेर के फूल दान करें। लाल कपड़े में मिश्री और सौफ दान करना भी लाभकारी है।

## अनिष्ठ मंगल का रिश्तों पर प्रभाव

अशुभ मंगल रिश्तों में क्रोध, आक्रामकता, अहंकार और असहमति बढ़ाता है, जिससे वैवाहिक जीवन में झगड़े, अविश्वास और अलगाव तक हो सकता है, खासकर ससुराल पक्ष से संबंध खराब होते हैं और भाई-बहनों से मनमुटाव रहता है, क्योंकि यह उग्रता और टकराव पैदा करता है, लेकिन उपाय से इसे शांत किया जा सकता है।

## नकारात्मक प्रभाव को कम करने वाली स्थितियां

कुछ संयोजन मंगल दोष के नकारात्मक प्रभावों को खत्म करते हैं। ये संयोजन न केवल प्रभावों को बेअसर करेंगे, बल्कि आपको एक खुशहाल वैवाहिक जीवन भी देंगे।

- मुख्य रूप से यदि मंगल मेष, सिंह या कुंभ राशि में लग्न में स्थित हो, तो मंगल दोष के बुरे प्रभाव समाप्त हो जाते हैं। अत: इस स्थिति से मांगलिक दोष स्वत: ही समाप्त हो जाता है।
- जब मंगल अपनी राशि में या अपने मित्रों के घर में हो, तो मांगलिक दोष समाप्त हो जाता है।
- यदि मंगल दूसरे भाव में हो, लेकिन कन्या या मिथुन राशि में हो, तो मांगलिक दोष नहीं बनता।
- यदि मंगल 8 वें घर में धनु या मीन राशि में हो, तो मांगलिक दोष आंशिक होता है।
- यदि मंगल अपनी ही राशि अर्थात मेष या वृश्चिक में हो, तो प्रभाव कमजोर हो जाता है और मांगलिक दोष आंशिक ही होता है।
- यदि मंगल दूसरे भाव में मिथुन या कन्या राशि में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि मंगल 12 वें भाव में वृषभ या तुला राशि में हो, तो मांगलिक दोष कमजोर हो जाता है।
- यदि मंगल पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि हो, जिसके नैसर्गिक लाभकारी और सकारात्मक प्रभाव हों तथा जो पाप ग्रह जैसे बृहस्पति के विपरीत हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि शुक्र लग्न में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि मंगल उच्च का हो, तो यह मंगल दोष को रद्द नहीं करता।
- यदि किसी जातक की जन्म कुंडली में शुक्र उच्च राशि अर्थात मीन राशि में, प्रथम, चतुर्थ, सप्तम भाव में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि लड़का और लड़की दोनों मांगलिक हों,तो मांगलिक दोष समाप्त हो जाता है।
- यदि शुभ बृहस्पति सप्तम भाव या सप्तम भाव के स्वामी को देख रहा हो, तो जातक का वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहता है।
- यदि शनि मंगल पर दृष्टि डाले या उसके साथ स्थित हो, तो मंगल दोष समाप्त हो जाता है, लेकिन इस स्थिति में मंगल सातवें घर में नहीं होना चाहिए।
- यदि नवमांश कुंडली में मंगल कमजोर हो, तो मंगल दोष कम हो जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 74,1062.85 | 22,968.25 |
| बढ़त | 787.30 | 255.15 |
| प्रतिशत में | 1.07 | 1.12 |

सोना 1,53,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,42,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** ___तुलसी 2655, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2185, सचिन 2350, सूरज 2185, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2190, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2390, चक्र टिन 2625, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2610

**किराना-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल-(प्रति कु0)-** डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 9800, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10900, हरी पत्ति नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9400, गौरी प्रीमियम 10900, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4300

**दाल दलहन-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी-** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम-** सोना पक्के आभूषण 151000, सोना गिन्नी 147000, चांदी ( पक्की) 2350 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल :** शरबती- 3800 मसूरी- 1300 बासमती- 7600-8000 परमल- 1200-3800

**दाल दलहन-** काला चना- 2200-3400 साबुत चना दाल- 1200 मूंग साबुत- 5200 राजमा- 7500-12400 दाल उड़द- 5400 साबुत मसूर दाल- 2200 मसूर दाल- 1000 उड़द साबुत- 10600 काबुली चना- 5400-10200 अरहर दाल- 10200 -12000 लोबिया/करमानी- 1800-3400

# 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही एलपीजी : संजय

## इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक ने कृषि विभाग के साथ की प्रेसवार्ता

- बोले, 12,330 सिलेंडर जब्त 245 एफआईआर के साथ 22 गिरफ्तारी की गईं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी ने कहा कि प्रदेश में लगभग 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक एलपीजी गैस पहुंच रही है।

पेट्रोलियम उत्पाद एवं गैस की जमाखोरी और अवैध डायवर्जन पर नियंत्रण रखने के लिए 21,939 निरीक्षण करके 12,330 सिलेंडर जब्त किए हैं। 245 एफआईआर दर्ज कराते हुए 22 गिरफ्तारियां हुई हैं। वर्तमान में आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है। सोमवार को आईओसीएल ने विभूति खंड स्थित अपने उप्र राज्य कार्यालय-1 में कृषि विभाग के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता की।




लखनऊ के विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालय में प्रेसवार्ता करते कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी।

पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों के संदर्भ में पेट्रोलियम उत्पाद और गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र एवं राज्य के प्रयासों की जानकारी दी। संजय भंडारी ने कहा कि राज्य में 13,168 रिटेल आउटलेट तथा 28 सप्लाई लोकेशन/डिपो के माध्यम से नियमित आपूर्ति हो रही है। एलपीजी आपूर्ति 4,143 वितरकों एवं 36 बॉटलिंग प्लांट के माध्यम से लगभग 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है। पत्र सूचना कार्यालय के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने कहा कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सही जानकारी आम जनता तक पहुंचा रहे हैं। नागरिक केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें।

### पीएनजी के बढ़े 28,210 उपभोक्ता

कार्यकारी निदेशक संजय भंडारी ने पीएनजी क्षेत्र का उल्लेख करके प्रगति बताई। कहा कि जहां राज्य में लगभग 20 लाख कनेक्शन उपलब्ध हैं तो वहीं पिछले एक माह में 28,210 नए उपभोक्ता जुड़े हैं। 44 जनपद सीजीडी नेटवर्क के अंतर्गत आ चुके हैं। नेटवर्क विस्तार को और गति दे रहे हैं। प्रवासी मजदूरों एवं छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पांच किलो का एलपीजी सिलेंडर लांच किया है। जो सभी गैस वितरकों के पास आसानी से उपलब्ध है। इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल है। उपभोक्ता केवल एक पहचान पत्र देकर प्रदेश के किसी भी हिस्से में गैस वितरक से कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक : अपर निदेशक

प्रेसवार्ता में अपर निदेशक (कृषि) आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त है। सभी किसानों को आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध करा रहे हैं। खरीफ 2026 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। यूरिया, डीएपी एवं एनपीके समेत सभी प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। किसानों से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक खरीदें।

# आबकारी विभाग ने बनाया 57,722 करोड़ का रिकॉर्ड

## पिछले वर्ष की तुलना में 9.79% बढ़ोतरी

- अवैध शराब पर सख्ती और तकनीकी सुधार से बढ़ा राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57,722.26 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.79 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने दी।

गौतमपल्ली स्थित सरकारी आवास पर आबकारी मंत्री ने बताया कि एथनॉल उत्पादन में वृद्धि, शीरा उत्पादन और तकनीकी सुधारों के चलते राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। विभाग ने 2026-27 के लिए 71,278 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया है।

उन्होंने बताया कि शराब दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया है। 25,613 दुकानों का नवीनीकरण किया गया, जबकि 811 दुकानों का आवंटन लॉटरी से हुआ है।

अवैध शराब पर कड़ा एक्शन नितिन अग्रवाल ने बताया कि विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 1.09 लाख से अधिक केस दर्ज किए।

इस दौरान 28.08 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई और करीब 20 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आईईएससीएमएस सिस्टम, जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड और पीओएस मशीनों के जरिए शराब की बिक्री और परिवहन पर निगरानी रखी जा रही है, जिससे राजस्व में बढ़ोतरी हुई है।

# संकट से प्रभावितों को समर्थन देने के लिए पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश: वित्तमंत्री


## स्थिति से निपटने के लिए ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है भारतीय रिजर्व बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि राजकोषीय सूझबूझ ने सरकार को पूंजीगत व्यय बढ़ाने और पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश दी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक उभरती स्थिति से निपटने के लिए ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है।

सीतारमण ने चुनौतीपूर्ण समय में अच्छी सार्वजनिक वित्त नीति के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि इससे आर्थिक नरमी के दौर में उससे निपटने, विशेष रूप से विपरीत परिस्थितियों में भी टिके रहने की क्षमता में सुधार होता है।

उन्होंने यहां राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के कार्यक्रम में कहा कि आज भारी कर्ज और बड़े घाटे वाले कई देशों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है और उन्हें मितव्ययिता और अस्थिरता के बीच एक कठिन विकल्प का सामना करना पड़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसके उलट, भारत के पास



राजकोषीय संसाधन हैं। पूंजीगत व्यय कार्यक्रम को जारी रखने की गुंजाइश है। आरबीआई के पास ब्याज दरें कम करने की गुंजाइश है और प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित सहायता प्रदान करने की क्षमता है। यह एक दशक की राजकोषीय सूझबूझ और अनुशासन का परिणाम है। कहा कि राजकोषीय गुंजाइश को देखते हुए ही हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम किए गए और प्रमुख पेट्रोरसायन उत्पादों पर सीमा शुल्क से छूट दी गयी। एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) को घरेलू शुल्क क्षेत्र में परिचालन की अनुमति दी गयी।

सरकार ने 26 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की ताकि युद्ध के बीच बढ़ती वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव से उपभोक्ताओं को बचाया जा सके। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने व्यापक जवाबी कार्रवाई की।

सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क भी लगाया। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर यह वर्तमान में शून्य है। भारत ने दो अप्रैल को पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पोत परिवहन मार्गों में समस्याओं के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने को पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात को सीमा शुल्क से छूट दी। यह साल पिछले वर्ष की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण है। पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय सुरक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करने वाला बड़ा झटका बन गया है और नई बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का संकेत दे रहा है।

### आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता

निर्मला सीतारमन ने कहा कि शुल्क और अन्य बाधाओं के कारण व्यापार के प्रभावित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गंभीर अनिश्चितता पैदा कर दी है। इसके चलते वैश्विक वृद्धि अनुमान में भारी गिरावट आई...। भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सामान्य सरकारी ऋण-जीडीपी अनुपात (राज्यों के कर्ज के साथ) 81 प्रतिशत के साथ भारत, जर्मनी के बाद प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है। कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत एकमात्र ऐसी प्रमुख अर्थव्यवस्था है जहां अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का अनुमान है कि यह अनुपात 2030 तक घटकर 75.8 प्रतिशत हो जाएगा। जबकि अमेरिका, चीन, जर्मनी और अन्य जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऋण की स्थिति और खराब होने का अनुमान है।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,000 के करीब

## बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली से निवेशकों को समर्थन

मुंबई, एजेंसी

सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के करीब पहुंच गया। पश्चिम एशिया में युद्धविराम के प्रयासों की रिपोर्ट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार बढ़त में रहा। कारोबारियों के अनुसार, बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली और रुपये में मजबूती से भी निवेशकों को समर्थन मिला।



उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 787.30 अंक यानी 1.07 प्रतिशत बढ़कर 74,106.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 887.91 अंक चढ़कर 74,207.46 अंक पर पहुंच गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,207 लाभ में रहे, जबकि 1,147 में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं 190 के भाव अपरिवर्तित रहें। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 पर बंद हुआ।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में संभावित युद्धविराम की खबरों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के साथ वैश्विक जोखिम धारणा में भी सुधार हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक और सन फार्मा के शेयर नुकसान में रहे।

# जीएसटी 2.0 इम्पैक्टः एक साल में बिके 2.96 करोड़ वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में सभी श्रेणियों में वाहनों की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,96,71,064 इकाई पर पहुंच गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाहन उद्योग के निकाय के अनुसार इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल खुदरा बिक्री 2,61,87,255 इकाई थी। वर्ष की शुरुआत सुस्त रहने के बावजूद माल एवं



सेवा कर में बदलाव (जीएसटी 2.0) के लागू होने से बाजार में तेजी आई। फाडा के बयान के अनुसार, यात्री वाहन की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13% बढ़कर 47,05,056 इकाई हो गई, जो 2024-25 में 41,63,927 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी पिछले साल 13.4 प्रतिशत बढ़कर 2,14,20,386 इकाई हो गई जबकि 2024-25 में यह 1,88,89,595 इकाई थी। वित्त वर्ष 2025-26 में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 13,63,412 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2024-25 की 12,20,834 इकाई के मुकाबले 11.68% अधिक है। फाडा के अनुसार वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री भी 11.74 प्रतिशत बढ़कर 10,60,906 इकाई हो गई।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# कांग्रेस पाकिस्तान के 'सुर में सुर' मिलाती है, यह की देश सुरक्षा से समझौता : मोदी

## कहा- कांग्रेस ने हमेशा भ्रष्टाचार के लिए अपनाए अल्पकालिक उपाय

भाबनीपुर-सोरभोग (असम), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी शिविरों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया, लेकिन कांग्रेस पड़ोसी देश के 'सुर में सुर' मिलाती रहती है। विकास के मोर्चे पर उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा इस मामले में संकीर्ण सोच अपनाई है, जबकि भाजपा देश का दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने के लिए काम करती है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपाय अपनाए ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त रह सकें। लेकिन भाजपा समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णय लेते समय दूरदर्शी सोच रखती है। असम के बरपेटा जिले में एक चुनावी



रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाती रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से यह संबंध देश की सुरक्षा से समझौता है, लेकिन हम कभी इसकी अनुमति नहीं दे सकते।

उन्होंने कांग्रेस पर 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना लागू न करके सेना की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया। मोदी ने कहा कि भाजपा ने यह सुनिश्चित किया कि देश की रक्षा करने वालों को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि असम में अनेक बलिदानों और पिछले दस वर्षों में हस्ताक्षरित विभिन्न शांति समझौतों को लागू करने की दिशा में भाजपा के ईमानदार प्रयासों के कारण शांति स्थापित हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में शांति और स्थिरता ने भाजपा शासन में विकास को गति दी है... इसे जारी रखने के लिए कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखना आवश्यक है।

महिला मतदाताओं को लुभाते हुए मोदी ने कहा कि संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के आम चुनावों से लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम की महिलाओं को सभी दलों से इस उद्देश्य से तैयार किए गए विधेयक को पारित कराने का आग्रह करना चाहिए।

### हिमंत भगवद्गीता की कसम खाकर कहें कि उनकी पत्नी पर लगे आरोप गलत हैं : गोगोई

**नगांव (असम), एजेंसी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई ने सोमवार को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भगवद् गीता की कसम खाकर पत्नी पर लगे आरोपों का खंडन करने की चुनौती दी। गोगोई का यह बयान शर्मा द्वारा अपनी पत्नी के कथित तौर पर कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्ति रखने के कांग्रेस के आरोपों का खंडन करने के कुछ घंटों बाद आया।

कांग्रेस नेता ने राहा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान शर्मा से सवाल किया कि क्या वह राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बारे में 'झूठ' फैलाते हुए विदेशों में अपनी संपत्ति और व्यावसायिक हितों को छिपा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा और गौरव गोगोई ने रविवार को शर्मा से सवाल किया था कि क्या उनकी पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट हैं, दुबई में संपत्ति है, अमेरिका में कंपनियां हैं, या उन्होंने मुखौटा कंपनियों में संपत्ति रखी है?

मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह दावा किया कि विपक्षी पार्टी ने एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूह से मिली झूठी जानकारी के आधार पर ये आरोप गढ़े हैं। गोगोई ने कहा, 'मैंने यह बात कल भी कही थी और अब फिर दोहरा रहा हूं - मैं भगवद्गीता की शपथ लेकर कह सकता हूं कि लंदन में मेरी कोई संपत्ति नहीं है, जैसा कि शर्मा ने आरोप लगाया है। क्या वह ऐसा कर सकते हैं? मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह अपनी सुविधा के स्थान पर आएं और भगवद्गीता की शपथ लेकर यही बात साबित करें।'

# तमिलनाडु के खिलाफ हैं मोदी और ईपीएसः कनिमोझी

चेन्नई, एजेंसी

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की संसदीय दल की नेता कनिमोझी ने सोमवार को अन्नाद्रमुक और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि श्री ईके पलानीस्वामी (ईपीएस) दिल्ली के आका से डरते हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के प्रभाव में हैं, लेकिन तमिलनाडु के मामले में दोनों एक साथ खड़े हैं।

सुश्री कनिमोझी ने कोयंबटूर जिले के सुलूर और कवुंडमपलायम विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को



संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव द्रमुक गठबंधन और अन्नाद्रमुक नीत राजग के बीच नहीं, बल्कि तमिलनाडु और राजग के बीच की लड़ाई है।

उन्होंने कहा कि द्रमुक गठबंधन समावेशिता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विरोधी दल देश को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में लोगों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं और वहां अशांति का माहौल पैदा किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर राज्य के लिए शिक्षा मद में देय धन रोकने का आरोप लगाया और कहा कि कोयंबटूर जैसे औद्योगिक केंद्र को मेट्रो रेल परियोजना से वंचित रखा गया है। उन्होंने छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का वादा भी किया।

### सुवेंदु अधिकारी ने लगाया प्रचार के दौरान निगरानी का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर भबानीपुर चुनाव प्रचार के दौरान राज्य पुलिस पर सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की 'निगरानी शाखा' के तौर पर काम करने का आरोप लगाया है। श्री अधिकारी ने अपनी शिकायत में दावा किया कि भबानीपुर में घर-घर जाकर प्रचार करने के दौरान सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी लगातार उनका पीछा करते हैं। उनके अनुसार ये अधिकारी न केवल उनकी गतिविधियों पर नजर रखने का काम कर रहे हैं बल्कि उन मतदाताओं की पहचान करके उनका विवरण भी नोट कर रहे हैं जो उनसे बातचीत करते हैं।

# पाकिस्तान की 'कोलकाता धमकी' पर चुप क्यों हैं प्रधानमंत्री : ममता

कोलकाता,एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के कथित 'कोलकाता को निशाना बनाने' वाले बयान पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाये। नदिया जिले के बेथुआदहारी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा कि जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री कोलकाता को लेकर धमकी भरी बात करते हैं, तो प्रधानमंत्री इस पर कुछ क्यों नहीं बोलते? उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाल की जनता की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला करार दिया। यह विवाद इस्लामाबाद में दिये गये श्री ख्वाजा आसिफ के उस बयान के बाद बढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि भारत भविष्य में पाकिस्तान में



कोई कार्रवाई करता है, तो उसका जवाब कोलकाता तक पहुंच सकता है। सुश्री बनर्जी ने केंद्र सरकार पर इस मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह 'गंभीर चिंता' का विषय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव से पहले किसी 'राजनीतिक मकसद' के तहत ऐसी स्थिति बनायी जा रही है। क्या हम चुनाव से पहले फिर किसी पहलगाम जैसी स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं? क्या यह सिर्फ राजनीतिक ड्रामा है?"

### भाजपा कार्यकर्ता के घर फेंका विस्फोटक

**कन्नूर (केरल), एजेंसी।** कन्नूर के काथिरूर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता के आवास पर विस्फोटक फेंके जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार रात काथिरूर के पास कोंकाची इलाके में मजीशा पथायाकुन्नु के आवास पर हुई।

# अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीस्वामी और अन्य नेताओं ने अंतिम दिन भरे पर्चे

चेन्नई, एजेंसी

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एल. मुरुगन, तमिलिसई सौंदरराजन, वी. श्रीनिवासन और डीएमडीके नेता प्रेमलता विजयकांत तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल थे। सोमवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने भी विरुधुनगर जिले के सत्तूर विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। राज्यसभा सदस्य एवं केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने अवनासी (सुरक्षित) सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि भाजपा की एक अन्य नेता एवं पूर्व राज्यपाल तमिलिसई सौंदरराजन ने चेन्नई के मायलापुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अन्नाद्रमुक महासचिव एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने अपने गृह जिले सलेम के एडप्पाडी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया, जहां से वे पहले पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रमुख वी. श्रीनिवासन, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के साथ, कोयंबटूर उत्तर से नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं। वे निवर्तमान विधानसभा में कोयंबटूर दक्षिण का प्रतिनिधित्व करती हैं। आज अपने नामांकन पत्र दाखिल करने वाले अन्य प्रमुख व्यक्तियों में वेल्लोर जिले के कटपडी से राज्य के जल संसाधन मंत्री एवं द्रमुक के वरिष्ठ महासचिव दुरईमुरुगा शामिल रहे।

# न्यायमूर्ति शर्मा को सुनवाई से अलग करने का अनुरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **आबकारी नीति मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में पेश हुए केजरीवाल**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए और न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को आबकारी नीति मामले में उन्हें तथा अन्य सभी आरोपियों को आरोप मुक्त किए जाने के फैसले के खिलाफ सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई से अलग किए जाने का अनुरोध किया।

न्यायमूर्ति शर्मा ने उन्हें मामले की सुनवाई से अलग किए जाने की केजरीवाल की अर्जी को रिकॉर्ड में ले लिया और इसकी सुनवाई 13 अप्रैल को तय की। न्यायमूर्ति शर्मा को बताया गया कि मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय की अन्य पीठ को सौंपने के अनुरोध को लेकर शीर्ष अदालत में दाखिल याचिका वापस ले ली गई है। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि अदालत नौटंकी का मंच नहीं है और अगर केजरीवाल मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होना चाहते हैं, तो उन्हें अपने वकील को हटा देना चाहिए। मेहता ने केजरीवाल की अर्जी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से संस्था पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं।

# कहीं आपके घर में तो नहीं हो रही जासूसी




अक्सर ऐसा होता है कि आप किसी दोस्त से किसी खास जूते, वेकेशन या गैजेट के बारे में बात करते हैं और कुछ ही देर बाद आपके फेसबुक, इंस्टाग्राम या गूगल पर उसी चीज के विज्ञापन आने लगते हैं। दुनिया भर में लाखों यूजर्स का मानना है कि कंपनियां उनके फोन के माइक्रोफोन का इस्तेमाल करके उनकी निजी बातें सुन रही हैं। डिजिटल युग में प्राइवेसी एक भ्रम मात्र है। हम जो भी 'फ्री' इस्तेमाल कर रहे हैं, उसकी कीमत हम अपनी जानकारी देकर चुका रहे हैं।



## असली खेल क्या है

● एआई लग्गोरिदम : तकनीकी दिग्गज हमेशा इस बात से इनकार करते हैं कि वे आपकी बातें रिकॉर्ड कर रहे हैं। लेकिन असलियत में खेल एआई एल्गोरिदम का है।

● कीवड्र्स का जाल : जब आप किसी ऐप को माइक्रोफोन की परमिशन देते हैं, तो बैकग्राउंड में एक्टिव एआई सिस्टम पूरी बातचीत नहीं, बल्कि कुछ खास कीवड्र्स को पकड़ लेता है।

● प्रेडिक्टिव मॉडलिंग : एआई सिर्फ आपकी बात नहीं सुनता, बल्कि वह आपके लोकेशन डेटा, सर्च हिस्ट्री और आपके दोस्तों की पसंद को भी ट्रैक करता है। वह अनुमान लगा लेता है कि आप आगे क्या खरीदने वाले हैं।

● लिसनिंग टूल्स : हाल ही में कॉक्स मीडिया ग्रुप जैसी कंपनियों की कुछ रिपोर्ट्स लीक हुई थीं, जिनमें एक्टिव लिसनिंग सॉफ्टवेयर की बात कही गई थी जो विज्ञापनों के लिए डेटा जुटाते हैं।

## आपके लिए जरूरी बातें

● एम्बिएंट लिसनिंग : एआई केवल शब्दों को नहीं, बल्कि आपके बैकग्राउंड की आवाजों को भी डिकोड करता है। अगर पीछे प्रेशर कुकर की सीटी या बच्चे के रोने की आवाज है, तो एआई समझ जाता है कि आप घर पर हैं और आपको किचन के सामान या बेबी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन दिखाने लगता है।

● साउंड वेव फिंगरप्रिंटिंग : हर ब्रांड के टीवी विज्ञापनों की एक साउंड वेव होती है। घर में टीवी पर कोई विज्ञापन चल रहा है, तो आपका फोन उसे पहचान लेता है और वही प्रोडक्ट आपके मोबाइल स्क्रीन पर आ जाता है।

● मशीन लर्निंग का प्रेडिक्शन मॉडल : एआई इतना स्मार्ट हो चुका है कि वह आपकी डिजिटल परछाई बना लेता है। आपकी उम्र, जेंडर, लोकेशन और पिछले 5 साल के डेटा के आधार पर वह पहले ही जान जाता है कि आज शाम आप क्या खरीदने की सोच रहे होंगे। इसे हाइपर-पर्सनलाइजेशन कहा जाता है।

● बैटरी और डेटा का हिडन इस्तेमाल : आपके फोन का डेटा यूसेज ग्राफ बिना किसी डाउनलोडिंग के बढ़ रहा है, तो मुमकिन है कि कुछ ऐप्स आपकी वॉइस फाइल्स को 'कंप्रेस' करके छोटे-छोटे पैकेट्स में सर्वर पर भेज रहे हों।

## एक्सपर्ट टिप्स

● सेंसर्स पर नजर : एंड्रॉइड 12 और आईफोन के लेटेस्ट वर्जन में ऊपर की तरफ एक ग्रीन डॉट दिखता है। अगर आप फोन इस्तेमाल नहीं कर रहे और फिर भी वह ग्रीन डॉट दिख रहा है, तो समझ लीजिए कि कैमरा या माइक चोरी-छिपे ऑन है। ● वर्चुअल असिस्टेंट ऑफ करें : गूगल असिस्टेंट में जाकर वायस मैच और हे गूगल को पूरी तरह बंद करना ही सबसे सुरक्षित रास्ता है।

● परमिशन ऑडिट : अपने फोन की सेटिंग में जाएं। देखें कि किन ऐप्स को माइक का एक्सेस है। कैलकुलेटर, टॉर्च या गेमिंग ऐप्स को इसकी जरूरत नहीं है, इनका एक्सेस तुरंत बंद करें।

● ट्रैकिंग बंद करें : अपने गूगल अकाउंट में जाकर वेब और ऐप एक्टिविटी को ऑफ करें। ● ऑफलाइन मोड : बहुत निजी बातचीत के दौरान फोन को दूसरे कमरे में रखें या एरोप्लेन मोड पर डाल दें।

## फैक्ट

● एक औसत स्मार्टफोन में करीब 10 से 15 ऐसे ऐप्स होते हैं जो आपकी मर्जी के बिना माइक्रोफोन इस्तेमाल कर सकते हैं। हार्वर्ड की एक स्टडी के अनुसार, एआई आपकी पिछली सर्च हिस्ट्री और लोकेशन के आधार पर 90% सटीकता से बता सकता है कि आप अगले एक घंटे में कहां होंगे और क्या खरीदेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इटली में ऊर्जा संकट की आशंका : मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। कोरिरे डेला सेरा अखबार ने शनिवार को इटली के चार हवाई अड्डों-मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किए गए पहले प्रतिबंध की जानकारी दी। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंततः परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है। प्रधानमंत्री का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में फारस की खाड़ी के देश प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अगर वहां उत्पादन कम या बंद होता है, तो ऊर्जा की कीमतें हर किसी के लिए बढ़ जायेंगी। मेलोनी ने आगाह किया, अगर स्थिति और खराब होती है तो हम ऐसी स्थिति में पहुंच सकते हैं, जहां हमारे पास जरूरत भर ऊर्जा उपलब्ध न हो, यहां तक कि इटली में भी।

### नेपाल के विदेश मंत्री ने मिले भारतीय राजदूत

**काठमांडू।** भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सोमवार को यहां नेपाल के नवनियुक्त विदेश मंत्री शिशिर खनाल से शिष्टाचार भेंट की और उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। खनाल ने 27 मार्च को विदेश मंत्रालय के प्रमुख का कार्यभार संभाला था। विदेश मंत्रालय के अनुसार भेंट के दौरान श्रीवास्तव ने खनाल को नेपाल का विदेश मंत्री नियुक्त किये जाने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से बधाई दी। इस अवसर पर नेपाल-भारत संबंधों और सहयोग से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने खनाल के पदभार ग्रहण करने के दिन ही एक्स पर उन्हें बधाई दी थी। जयशंकर ने कहा था कि वह भारत एवं नेपाल के बीच पारंपरिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपने नेपाली समकक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### शरीफ विवि पर हमला ट्रंप की अज्ञानता

**नई दिल्ली।** ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने तेहरान के शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाकर किए गए बंकर-बस्टर बम हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बर्बरता करार दिया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त आरिफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शरीफ विश्वविद्यालय पर बंकर-बस्टर बम हमला ट्रंप के पागलपन और अज्ञानता का प्रतीक है। ईरानी उपराष्ट्रपति ने कहा, वह (ट्रंप) यह समझने में विफल रहे हैं कि ईरान का ज्ञान कंक्रीट में नहीं दबा है जिसे बमों से नष्ट किया जा सके, असली किला तो हमारे प्रोफेसरों और लोगों की इच्छाशक्ति है।

# राजमार्गों पर मवेशियों को रोकने की मांग, केंद्र व राज्यों से जवाब-तलब

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य गो-उपकर वसूल रहे लेकिन कर कुछ नहीं रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा, जिसमें देशभर में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों से आवारा मवेशियों को दूर रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र और राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड सहित अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है।

पीठ ने पाया कि कई राज्य 10 प्रतिशत गौ-उपकर तो वसूल रहे हैं लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से पेश वकील ने पीठ को बताया कि उच्चतम न्यायालय पहले ही आवारा कुत्तों के मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख चुका है, जिसमें राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रवेश का मुद्दा भी शामिल है। याचिकाकर्ता 'लॉयर्स फॉर ह्यूमैन राइट्स इंटरनेशनल' की ओर से पेश वकील ने कहा कि अधिकतर मुद्दे आवारा कुत्तों से जुड़े मामले के फैसले में शामिल हो जाएंगे, लेकिन इस याचिका में कुछ अन्य पहलू भी उठाए गए हैं। पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की है। याचिका में अधिकारियों को राजमार्गों पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने के लिए एक समान राष्ट्रीय दिशा-निर्देश बनाने और उन्हें लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में विशेष रूप से दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा, वैज्ञानिक तरीके से संचालित गोशालाओं/पशु आश्रयों की स्थापना के लिए निर्धारित वित्त पोषण सुनिश्चित करने का और मवेशियों को अवैध रूप से छोड़ने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया गया है।



### मुआवजा ढांचा भी तैयार करने की अपील

याचिका में आवारा मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए दोष रहित मुआवजा (ऐसा मुआवजा जिसमें यह साबित करने की जरूरत नहीं होती कि गलती किसकी थी) ढांचा तैयार करने की भी अपील की गई है। उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के स्थानांतरण और नसबंदी से जुड़े पिछले वर्ष सात नवंबर के उसके आदेश में संशोधन का अनुरोध करने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि का संज्ञान लेते हुए सात नवंबर 2025 को निर्देश दिया था कि आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित किया जाए।

### सेंगर की सजा के निलंबन के खिलाफ याचिका की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई मई के पहले सप्ताह तक के लिए टाल दी, जिसमें 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा के निलंबन को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि शबरिमला मामले में पुनर्विचार याचिका पर नौ-सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा सुनवाई पूरी कर लिये जाने के बाद इस मामले की सुनवाई की जाएगी। सेंगर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीड़िता के पिता की कथित हिरासत में मौत से संबंधित एक अन्य मामले में याचिकाओं की सुनवाई दिल्ली उच्च न्यायालय में नहीं होने का मुद्दा उठाया और कहा कि उस मामले में सेंगर को 10 साल की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने कहा कि दस साल संभवतः जल्द ही पूरे होने वाले हैं और अभी तक उच्च न्यायालय में कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई है। सेंगर को इस मामले में जमानत मिलनी चाहिए।

# फ्रांस ने बेचा अमेरिका में रखा अपना सोना

**पेरिस।** बैंक ऑफ फ्रांस ने कहा है कि उसने न्यूयॉर्क में रखे अपने शेष स्वर्ण भंडार को वापस ले लिया है और उसके स्थान पर पेरिस स्थित अपने भंडार में समान मात्रा का सोना रख लिया है। बैंक के अनुसार यह मात्रा 129 टन है, जो उसके कुल स्वर्ण भंडार का लगभग पांच प्रतिशत है। फ्रांस लंबे समय से अपने कुछ स्वर्ण भंडार को फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क में रखता आया था। फ्रांस ने 1960 के दशक में ही अपने स्वर्ण भंडार को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

इसके बावजूद न्यूयॉर्क में थोड़ी मात्रा में सोना अब तक रखा हुआ था। पिछले दो दशकों में बैंक पुराने या गैर-मानक स्वर्ण भंडार को आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बार से बदल रहा है। फ्रांस ने 2024 की आंतरिक समीक्षा के बाद जुलाई 2025 से जनवरी 2026 के बीच अमेरिका में रखे सोने को बदलने की प्रक्रिया पूरी की। इस प्रक्रिया में सोने को सीधे लाने के बजाय उसे बेचकर यूरोप में नए मानक के स्वर्ण बार खरीदे गए। सोने की बढ़ती कीमतों के कारण इस कदम से बैंक को लगभग 13 अरब यूरो (15 अरब डॉलर) का पूंजीगत लाभ हुआ। इससे बैंक ने 2025 में 8.1 अरब यूरो का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि 2024 में 7.7 अरब यूरो का घाटा हुआ था।

# बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को फिर मजबूत करेगा भारत

**ढाका, एजेंसी**



● **भारतीय राजदूत ने बताया पीएम रहमान को नई दिल्ली का इरादा**

भारत बांग्लादेश के साथ भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए तैयार है। भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को यह जानकारी दी।

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब भारत और बांग्लादेश फरवरी में हुए संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत के परिणामस्वरूप तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के रिश्तों में काफी तनाव आ गया था।

भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि बैठक के दौरान वर्मा और रहमान ने दोनों देशों की राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में जन-केंद्रित सहयोग पर ध्यान देते हुए द्विपक्षीय सहभागिता पर चर्चा की। भारतीय उच्चायुक्त ने यह भी कहा कि भारत सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए तथा परस्पर हित और परस्पर लाभ के आधार पर बांग्लादेश की सरकार और जनता के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि वर्मा ने यहां बांग्लादेश सचिवालय स्थित कैबिनेट डिवीजन कार्यालय में रहमान से शिष्टाचार भेंट की। हालांकि इस बारे में तत्काल कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। हालांकि, बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि राजदूत ने रहमान से कहा कि भारत और बांग्लादेश को अपनी भौगोलिक निकटता को मजबूत अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी और सांस्कृतिक एवं लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाकर नए अवसरों में बदलना चाहिए।

# नाइजीरिया में तीन हमलों में 26 लोगों की गई जान

**अबुजा, एजेंसी।** उत्तरी नाइजीरिया में बीते सप्ताहांत नागरिकों और पुलिसर्मियों को निशाना बनाकर किए गए तीन अलग-अलग हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। नाइजीरियाई सेना और स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि शनिवार को उत्तर-मध्य बेनू प्रांत के ग्वेर वेस्ट क्षेत्र में म्बालोम समुदाय पर हथियारबंद समूह के हमले में कम से कम 17 लोग मारे गए। बेनू की गवर्नर हायसिंथ आलिया ने इस हमले की रविवार को पुष्टि की। बोर्नो पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) केनेथ डासो ने बताया कि देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित बोर्नो प्रांत में शनिवार तड़के एक पुलिस मुख्यालय पर हुए हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े एक समूह के साथ लंबी मुठभेड़ के दौरान चार पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। सेना के मुताबिक, रविवार को कडुना प्रांत के अरिको गांव में ईस्टर के मौके पर आयोजित एक प्रार्थना सभा में बंदूकधारियों ने पांच लोगों की हत्या कर दी। सेना ने बताया कि हमलावर की पहचान फिलहाल नहीं की जा सकी है, हालांकि, सैनिक 31 बंधकों को उनके चंगुल से आजाद कराने में सफल रहे।

● **पुलिस कर्मियों और नागरिकों को बनाया गया हमलों में निशाना**

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन से हथियार तस्करी की एनआईए जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **एनआई को संदेह, यह तस्करी भारत में आतंकी हमले की साजिश का हो सकती है व्यापक हिस्सा**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनआईए को संदेह है कि यह तस्करी भारत में आतंकी हमले करने के लिए रची गई व्यापक साजिश का हिस्सा हो सकती है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आतंकवाद रोधी एजेंसी ने पाकिस्तान स्थित आतंकी जसवीर चौधरी, उसके भारतीय सहयोगी शुभम कुमार और अन्य अज्ञात व्यक्तियों की कथित भूमिका की जांच के लिए मामला दर्ज किया है। यह मामला मूल रूप से इस वर्ष फरवरी में पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि अमृतसर स्थित राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि चौधरी के निर्देश पर उसके भारतीय सहयोगियों ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों, गोला-बारूद और परिष्कृत विस्फोटक उपकरणों (आईईडी) की एक बड़ी खेप प्राप्त की थी, जिसका उद्देश्य पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में विस्फोट करना था।

इस संबंध में राज्य पुलिस ने 10 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की थी। गृह मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि यह मामला एक 'विदेशी तत्व' द्वारा भारत में हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का उपयोग करके आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए रची गई आपराधिक साजिश से संबंधित है। आदेश में कहा गया है कि अपराध की गंभीरता, इसके गंभीर सुरक्षा परिणामों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापक साजिश का पर्दाफाश करने की आवश्यकता को देखते हुए, इसकी जांच एनआईए द्वारा की जानी आवश्यक है।

# तटरक्षक बल के लिए चौथे तीव्र गश्ती पोत का निर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए एक तीव्र गश्ती पोत (एफपीवी) के निर्माण की सोमवार को शुरूआत की गई। यह तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव तथा कानून प्रवर्तन के लिए बनाए जा रहे 14 जहाज़ों की श्रृंखला में चौथा जहाज़ है। अधिकारियों ने कहा कि ये जहाज़ देश के 'आत्मनिर्भर भारत' विज़न के अनुरूप बनाए जा रहे हैं और इनसे हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल की मौजूदगी मजबूत होगी। भारतीय तटरक्षक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 14 एफपीवी परियोजना के तहत एफपीवी-4 के साथ ही एफपीवी-7 के निर्माण की शुरूआत के लिए आज एमडीएल, मुंबई में समारोह आयोजित किया गया। एफपीवी को अत्याधुनिक मशीनों से लैस किया जा रहा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित रखरखाव प्रणाली और बहुउद्देशीय ड्रोन शामिल हैं। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तटरक्षक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज नए प्रयास शुभ रहेगे। यात्रा या बातचीत से लाभ मिलेगा। परियोजनाओं में गति आएगी। जीवनसाथी के साथ उत्तम समय का आनंद उठाएंगे।

**तुला** – आज चंद्रमा की स्थिति अनुकूल रहेगी, समझदारी से निर्णय लें। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। छात्र करियर को लेकर योजना बना सकते हैं।

**वृष** – आज परिवार में शांति रहेगी। व्यावसायिक निर्णय सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगे। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज रचनात्मक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रेम संबंधों को परिवार में स्वीकृति मिल सकती है।

**मिथुन** – आज संचार, बुद्धि और योजनाओं में दृढ़ता रहेगी। नए संपर्क लाभदायक रहेंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में मधुरता आएगी।

**धनु** – आज यात्रा और शिक्षा कर्म में लाभ मिलेगा। भाग्य आपका साथ देगा। समूह कार्यों में सफलता मिलेगी। मन में उमंग-उत्साह बढ़ेगा।

**कर्क** – आज भावनात्मक संतुलन आवश्यक है। घर और रिश्तों में सामंजस्य बनाए रखें। किसी भी निवेश पर पुनर्विचार करें।

**मकर** – आज करियर में स्थिरता रहेगी। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है।

**सिंह** – आज मंगल के प्रभाव से आत्मविश्वास बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। खर्च पर नियंत्रण जरूरी है।

**कुंभ** – आज रणनीति और बुद्धिमत्ता से कार्य सिद्ध होंगे। सामाजिक परिचय बढ़ेगा। आप अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यापार में अवसर, कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य संतुलित रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे।

**मीन** – आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है। धन लाभ के मजबूत संकेत हैं। सरकारी कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।

# किम जोंग की बेटी हो सकती है उनकी उत्तराधिकारी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की सबसे प्रिय या सम्मानित संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। नेशनल असेंबली में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है।

**छानबीन** | बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो का सुप्रीम कोर्ट में दावा

# अनिल अंबानी समूह ने बैंकों के हड़पे 73 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) रिलायंस अनिल अंबानी समूह के खिलाफ दर्ज सात मामलों में कुल 73,000 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच कर रहा है। यह जानकारी उच्चतम न्यायालय में फरवरी में दायर स्थिति रिपोर्ट में दी गई है।

जांच एजेंसी ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि वह इन सात मामलों की जांच कर रही है और कुछ सरकारी कर्मचारियों की भूमिकाओं की भी छानबीन कर रही है। सीबीआई और वित्तीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा के बाद, उच्चतम न्यायालय ने 23 मार्च को एक आदेश जारी किया। शीर्ष अदालत ने सीबीआई जांच का संदर्भ देते हुए अपने आदेश में कहा, ...अन्य मामलों में होने वाले नुकसान भी कई हजार करोड़ रुपये के हैं, जो लगभग 73,006 करोड़ रुपये के कुल दावे बनाते हैं। ईडी ने अदालत को बताया कि उसने कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं, जो कथित प्रोजेक्ट हेल्प के बारे में जानकारी देते हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि दिवाला कार्रवाई जानबूझकर असंबंधित ऋणदाताओं के माध्यम से शुरू की गई थी।


न्यायालय ने ईडी की रिपोर्ट पढ़ने के बाद कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, आईबीसी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता) कार्रवाई के तहत अधिग्रहण संबंधी सभी फंडिंग आठ एनबीएफसी (नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) के समूह के माध्यम से की गई थी... इस बात का संज्ञान लिया गया कि लगभग 2,983 करोड़ के दावे का निपटारा 26 करोड़ रुपये में किया गया।

### मामले की जांच को ईडी ने किया विशेष दल का गठन

ईडी ने अदालत को यह भी सूचित किया कि उसने इन मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है और वर्तमान में रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े आठ मामलों की पड़ताल कर रहा है। न्यायालय ने कहा कि जहां तक आरोपों की सच्चाई की बात है, उस पर हम कोई राय नहीं व्यक्त कर रहे, केवल यह कहना चाहते हैं कि सीबीआई और ईडी के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपनी जांच को निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र तरीके से पूरा करें और इसे समयबद्ध तरीके से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाएं। ईडी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ को यह भी सूचित किया कि उसे इस जांच के संबंध में अन्य जांच एजेंसियों से मांगी गई कुछ जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 16.34 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। **ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-ज्येष्ठा पूर्ण रात्रि तक।

## सुडोकू - 111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |

## सुडोकू -112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद जिस तरह आईपीएल में बल्लेबाजी कर रहे हैं उसे देखते हुए उन्हें लंबे समय तक भारतीय टीम से बाहर रखना मुश्किल होगा।

– दिनेश कार्तिक

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

राजस्थान रॉयल्स

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# बारिश के कारण पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का मैच रुका

## बार्टलेट ने तीन गेंदों पर दो विकेट लेकर मेजबानों को संघर्ष के लिए मजबूर कर दिया

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मैच सोमवार को यहां बारिश के कारण रुक गया जब मेजबान टीम 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी।

हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई जो बाद में तेज बारिश में बदल गई। मौजूदा सत्र में पहली जीत की तलाश में जुटे नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उन्हें शुरुआत में ही बड़ा झटका लगा जब जेवियर बार्टलेट ने दूसरे ओवर में दो विकेट झटक लिए। बार्टलेट ने सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (06) और कैमरन ग्रीन (04) को तीन गेंद के भीतर आउट करके नाइट राइडर्स को दोहरा झटका दिया। दोनों ही बल्लेबाजों ने विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह को कैच थमाए।

ग्रीन 25.20 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं लेकिन उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। इससे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 18 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो रन बनाए थे। नाइट राइडर्स की टीम अपने शुरुआती दो मैच गंवा चुकी है। बारिश के कारण जब खेल रोका गया तब कप्तान अजिंक्य रहाणे आठ जबकि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी सात रन बनाकर खेल रहे थे। मैच के लिए बॉलीवुड सुपरस्टार और नाइट राइडर्स के सह मालिक शाहरुख खान भी दर्शकों के बीच मौजूद हैं। वह इस सत्र में पहली बार मैच देखने आए थे। संयोग से पिछले सत्र में भी ईडन गार्डन्स में नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच हुआ मैच (26 अप्रैल को) बारिश की वजह से प्रभावित हुआ था और दोनों टीम को एक-एक अंक बांटना पड़ा था। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाले पंजाब किंग्स ने चार विकेट पर 201 रन बनाए थे जिसके बाद नाइट राइडर्स ने जब बिना कोई विकेट खोए सात रन बनाए थे तो बारिश आ गई और मैच रद्द हो गया। अगर मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाता है तो नाइट राइडर्स को बिना कोई मैच जीते भी अपना खाता खोलने का मौका मिल जाएगा क्योंकि उसे एक अंक मिलेगा।



ईडन गार्डन्स में बारिश की रुकावट के दौरान मैदान से बाहार आते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर (बाएं)।

## हाईलाइट

### लीड्स 1987 के बाद पहली बार एफए कप के सेमीफाइनल में

**लंदन।** लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। माटेउस फर्नांडिस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की।

### अदिति संयुक्त 27वें स्थान पर रहीं

**लास वेगास।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर से यहां अरामको चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में चौथे, छठे और 17वें होल में तीन बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं कर पाईं जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। अदिति का कुल स्कोर आठ ओवर रहा। प्रणवी उर्स ने अंतिम चार में चार ओवर 76 के स्कोर से कुल 17 ओवर के स्कोर से 66वां स्थान हासिल किया।

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.415 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.233 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | गुजरात टाइटंस | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.424 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.467 |

### ऑरेंज कैप





समीर रिजवी
दिल्ली - 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद - 145 रन
रोहित शर्मा
मुंबई - 113 रन

### पर्पल कैप



रवि बिश्नोई
राजस्थान- 5 विकेट
विजयकुमार वैशक
पंजाब- 5 विकेट
जेकब डफी
आरसीबी- 5 विकेट



## मेरे लिए बल्लेबाजी में बुनियादी बदलाव करना आसान नहीं था : पडिक्कल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय अपने 'कंफर्ट जोन' (आरामदायक दायरे) से बाहर निकलने और अपनी बल्लेबाजी में बुनियादी बदलाव करने को दिया। देवदत्त ने आईपीएल के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन बनाने के बाद रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 50 रन बनाए। आरसीबी ने यह मैच 43 रन से जीता। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर मुझे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद मिली। बल्लेबाजी में बदलाव करना आसान नहीं था क्योंकि क्रिकेट के इस प्रारूप के लिए मुझे अपनी बुनियाद को पूरी तरह से बदलना पड़ा। उन्होंने कहा यह बदलाव मुझे जानबूझकर करना पड़ा और आरसीबी और सहयोगी स्टाफ ने मेरा मार्गदर्शन करके बहुत मदद की। लेकिन क्या टी20 के एक आयामी होने का खतरा है क्योंकि सभी बल्लेबाज अपने पावर हिटिंग कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं? इस सवाल पर देवदत्त ने कहा मुझे ऐसा नहीं लगता, क्योंकि इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी का स्तर काफी बढ़ गया है। मुझे लगता है कि हर कोई बड़े छक्के और चौके लगाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है और अब गेंदबाजों की जिम्मेदारी है कि वे भी उसी राह पर चलते हुए अपने खेल का स्तर ऊपर ले जाएं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का मानना है कि गेंदबाज जल्द ही वापसी करेंगे।



# इम्पैक्ट प्लेयर नियम खेल से कौशल को काफी हद तक कर रहा खत्म

- **दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने भी की आलोचना**


**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने भी कई अन्य खिलाड़ियों की तरह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के विवादास्पद इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इससे खेल का कौशल काफी हद तक खत्म हो रहा है। कई मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने इस नियम पर चिंता व्यक्त की है, जिससे टीम मैच के दौरान किसी भी समय पांच खिलाड़ियों की सूची में से एक खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल किसी अन्य खिलाड़ी की जगह मैदान पर उतार सकते हैं। कुछ खिलाड़ी इस नियम को ऑलराउंडर के विकास में बाधा मानते हैं जबकि कुछ का मानना है कि इससे खेल का पलड़ा बल्लेबाजों के पक्ष में झुक जाता है क्योंकि टीमें अब आठवें नंबर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज होने के कारण शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक अंदाज में खेल सकती हैं।



जैमीसन ने गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच से पहले यहां पत्रकारों से कहा निजी तौर पर मैं इस नियम का समर्थक नहीं हूं। मुझे लगता है कि इससे खेल में कौशल का महत्व काफी हद तक कम हो जाता है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि अगर आप नौवें या दसवें नंबर तक बल्लेबाज रख सकते हैं तो फिर आपको उस तरह के बल्लेबाजी कौशल की जरूरत नहीं पड़ेगी जो शायद आपको पहले की तरह चाहिए होती थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2023 में यह नियम लागू किया था और यह 2027 तक बना रहेगा। इसके बाद इस नियम की समीक्षा की जाएगी। जैमीसन ने कहा मुझे लगता है कि इसका असर ऑलराउंडर पर पड़ रहा है। इससे ऐसे खिलाड़ी प्रभावित हो रहे हैं जो गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों कर सकते हैं और टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। इस नियम से खेल से इस कौशल का महत्व थोड़ा कम हो जाता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि आईपीएल के अलावा दुनिया की किसी भी बड़ी लीग में इम्पैक्ट प्लेयर नियम का उपयोग नहीं किया जाता। उन्होंने कहा दुनिया भर में या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको बहुत कम ही ऐसी जगहें देखने को मिलेंगी जहां इम्पैक्ट प्लेयर का नियम लागू होता है। इसके पीछे कोई अच्छा कारण ही होगा। जैमीसन को दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से वर्तमान सत्र में अभी तक खेलने का मौका नहीं मिला है क्योंकि टीम केवल चार विदेशी खिलाड़ियों को मैदान में उतार सकती हैं।

# राजस्थान की आक्रामकता से मुंबई को रहना होगा सतर्क



अभ्यास करते राजस्थान रॉयल्स के धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे।

हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी, लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई। हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है। पहले मैच में गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर पिछले मैच में महंगे साबित हुए, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाले जसप्रीत बुमराह किफायती तो रहे हैं लेकिन इस सत्र में अभी तक विकेट नहीं ले पाए हैं। स्पिन विभाग में मिचेल सैंटनर ने अफगानिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अल्लाह ग़ज़नफ़र की जगह टीम में अपने चयन को सही साबित किया और संभावना है कि वह अपना स्थान बरकरार रखेंगे।

### टीम

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, क्विंटन डीकॉक, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स।

### राजस्थान का शीर्ष क्रम कर रहा अच्छा प्रदर्शन

राजस्थान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है। कप्तान रियान पराग ने अभी तक बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दिया है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्वकौशल से आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने अब तक कप्तानी से प्रभावित किया है। डेथ ओवरों में लिए गए उनके रणनीतिक फैसलों से जिसके कारण रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत दर्ज की थी।

**जताई चिंता**

**पूर्व दिग्गज अश्विन सीएसके की लगातार तीसरी हार पर बोले-कार्यशैली बदलने की जरूरत**

# चेन्नई को युवा खिलाड़ियों में आत्मविश्वास जगाने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय स्पिन के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि आईपीएल के वर्तमान सत्र में लगातार तीसरी हार झेलने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम को अपने युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और अच्छी कार्यशैली अपनाने की जरूरत है।

सीएसके को रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसे अभी तक अपने तीनों मैच में हार मिली है और वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। अश्विन ने कहा मुझे यकीन है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी तनावपूर्ण होगा। मुझे ठीक से नहीं पता कि शब्द कितने कठोर हो सकते हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो इतनी युवा टीम के साथ आगे बढ़ने का सिर्फ एक ही रास्ता है और वह है अतीत को पीछे छोड़कर अपने खेल का स्तर ऊंचा करना। इसके लिए उसे मजबूत कार्यशैली और टीम के अंदर अच्छा माहौल तैयार करना होगा। मुझे यकीन है कि आरसीबी से मिली इस करारी हार के बाद चेन्नई के ड्रेसिंग रूम में बेहद निराशा का माहौल होगा। भारत के पूर्व स्पिनर ने कहा कि युवा खिलाड़ियों से जवाबदेही की उम्मीद करना उचित नहीं है। अश्विन ने कहा आरसीबी के हाथों सीएसके की हार को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। आरसीबी और सीएसके का मुकाबला आईपीएल के सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा सीएसके की टीम में कुछ कमियां हैं। उसकी टीम में कई अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। हम उनसे जवाबदेही की उम्मीद नहीं कर सकते। वे उस उम्र में हैं जहां उन्हें मैदान पर उतरकर क्रिकेट का आनंद लेना चाहिए। आप उन पर सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी की विरासत को आगे बढ़ाने का दबाव नहीं डाल सकते। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भारत के टी20 विश्व कप हीरो संजू सैमसन का समर्थन करते हुए कहा कि शुरुआती तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद वह वापसी करने में सफल रहेंगे। डुप्लेसी ने कहा अगर आप सीएसके की बल्लेबाजी पर गौर करें तो वह काफी अच्छी है।

कप्तान रुतुराज गायकवाड ने हमेशा खुद को साबित किया है। संजू सैमसन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा इसके अलावा उनके शीर्ष क्रम में आयुष म्हात्रे जैसा एक बेहद प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है, जिसने अपने छोटे से आईपीएल करियर में अब तक असाधारण प्रदर्शन किया है।



### थोड़ा और खेलने की थी इच्छा

**चेन्नई।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया है कि अगर वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए मानसिक रूप से परेशान करने वाले और 'पीड़ादायक' दौर से नहीं गुजरे होते तो वह इंडियन प्रीमियर लीग में थोड़ा और समय तक खेल सकते थे। अश्विन ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने पिछले साल आईपीएल को भी अलविदा कह दिया था। इस स्टार स्पिनर ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा कि उन्होंने फ्रेंचाइजी को उनके भविष्य के बारे में फैसला करने की दुविधा से बचाने के लिए आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया।

# भारत बिली जीन किंग कप के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा। भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।

इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। भारत की तरफ से अब एकल में पूरी जिम्मेदारी सहजा और वैष्णवी अडकर पर आ गई है। अनुभवी खिलाड़ी अंकिता रैना से युगल मुकाबलों में अच्छी प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है जहां वह रुतुजा भोसले के साथ मिलकर चुनौती पेश करेगी। अगर कप्तान विशाल उप्पल टूर्नामेंट के दौरान अंकिता को एकल खेलने के लिए भी कहें तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।



टेनिस खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली, अंकिता रैना, कैप्टन विशाल उप्पल, ज़ील देसाई, रुतुजा भोसले और वैष्णवी अडकर (बाएं से) एजेंसी